स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
23 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 11
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -271 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

## मोदी की पाक को सख्त चेतावनी

### 'दिमाग ठंडा है लेकिन अब नसों में बह रहा गर्म सिंदूर'



जयुपर/बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन सभी रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया गया था। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा- मेरी नसों में अब गरम लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती। पीएम मोदी ने कहा- एक ओर हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं, वहीं नदियों को जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे यहां की धरती और किसानों को लाभ मिलेगा। राजस्थान की वीर भूमि हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बढ़कर कुछ नहीं है। 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। गोलियां

**कहा सीधा सीने पर प्रहार किया, यह न्याय का नया स्वरूप है**

**पीएम ने देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया**

पहलगाम में चली थीं, लेकिन वे गोलियां 140 करोड़ देशवासियों के सीने को छलनी कर गई थीं। इसके बाद देश ने संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। आज हमारी सेना के शौर्य से हम उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा।
पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा- हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। साथियों, यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है।
पीएम मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद चूरू में मैंने कहा था- शपथ है मुझे इस मिट्टी की कि मैं देश को मिटने नहीं दूंगा, देश झुकने नहीं दूंगा...। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज उनसे एक-एक कतरे का हिसाब चुकाया गया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, आज वे अपने घरों में दुबके बैठे हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वे मलबे के ढेर में दबे पड़े हैं।
पीएम मोदी ने कहा- यह प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है। पहले घर म` घुसकर हमला किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया गया है। आतंक का फल कुचलने की यही नीति है, यही रीति है, यही भारत है और यही नया भारत है।

**ऑपरेशन सिंदूर ने तय किए हैं तीन नियम**

पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीन नियम तय किए हैं। अगर, भारत पर आतंकी हमला हुआ तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। इसे देश के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा, समय सेना तय करेगी। एटम बम की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं है। आतंकियों और आतंकपरस्त सरकार को एक ही माना जाएगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन-स्टेट वाला खेल अब नहीं चलेगा। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा।

## यूपी में संशोधित होगा विवाह रजिस्ट्रेशन नियम

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जाली दस्तावेजों के जरिए शादी कराने वाले गिरोह पर और घर से भागकर शादी के बाद मानव तस्करी, यौन शोषण और जबरन श्रम जैसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियम 2017 को

**हाईकोर्ट ने दिया राज्य सरकार को निर्देश**

संशोधित करने के निर्देश दिए हैं और इसके लिए छह महीने का समय निर्धारित किया है। कोर्ट ने कहा कि विवाह की वैधता और पवित्रता को बनाए रखने के लिए नियम में संशोधन करने की आवश्यकता है। कोर्ट ने कहा कि सत्यापन योग्य विवाह पंजीकरण तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने शनिदेव व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने यह आदेश जाली दस्तावेजों के जरिए शादी कराने वाले संगठित गिरोह का खुलासा होने पर दिया है। कोर्ट के समक्ष घर से भागकर शादी करने वाले करीब 125 अलग-अलग मामलों की सुनवाई के दौरान कई विसंगतियां आईं। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि सुरक्षा के लिए अदालतों में विवाह के फर्जी प्रमाण पत्र दिए गए हैं।

**कोर्ट ने संशोधन के सुझाव भी दिए**

कोर्ट ने महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रधान सचिव को 2017 के विवाह पंजीकरण के नियम में संशोधन में कुछ सुझाव भी दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि विवाह के लिए धार्मिक रीतिरिवाज, अनुष्ठान का खुलासा अनिवार्य किया जाए। विवाह अधिकारियों को आपत्तियां उठाने, संदेह के आधार पर आवेदन अस्वीकार करने और रिकॉर्ड बनाए रखने का अधिकार दिया जाए। इसके अलावा फर्जी प्रमाण पत्रों को रोकने के लिए पुजारियों/संस्थाओं को विनियमित करने के लिए कानून बनाया जाए। विवाह कराने वाली संस्थाओं की जवाबदेही के लिए आयु और निवास प्रमाण की फोटोकॉपी रखना अनिवार्य किया जाए।

## सलमान खान के अपार्टमेंट में जबर्दस्ती घुसी महिला



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान पिछले कुछ वक्त से अपनी सुरक्षा को लेकर चर्चा में हैं। उनको जान से मारने की धमकियां भी मिल चुकी हैं। अब सलमान खान की सुरक्षा को लेकर एक और खबर सामने आई है। मुंबई पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है जो सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश कर रही थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस**

## भीषण गर्मी पर सख्ती से लागू हों राष्ट्रीय दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** पिछले साल भीषण गर्मी (हीटवेव) के कारण 700 से अधिक लोगों की मौत होने का दावा करने वाली एक जनहित याचिका पर संज्ञान लेते हुए उच्चतम न्यायालय ने ऐसी मौसमी स्थिति के प्रबंधन पर कार्य योजना तैयार करने के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी करने के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने गृह मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और अन्य को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने



'पूर्वानुमान, गर्मी की चेतावनी जारी करने/पूर्व चेतावनी प्रणाली और चौबीसों घंटे निवारण हेल्पलाइन आदि के लिए सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश देने की भी मांग की।' तोंगड़ की ओर से पेश हुए वकील आकाश वशिष्ठ ने कहा कि पिछले साल भीषण गर्मी के कारण 700 से अधिक लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि बार-बार भविष्यवाणियां की गई हैं कि 'हीट स्ट्रेस' (गर्मी का प्रकोप) अधिक तीव्र होता जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। वशिष्ठ ने कहा, 'पहले, भीषण गर्मी और लू की स्थिति उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत सहित तीन क्षेत्रों में रहती थी, लेकिन अब यह पूर्वी तट, पूर्व, उत्तर-पूर्व, प्रायद्वीपीय, दक्षिणी और दक्षिण-मध्य क्षेत्रों में फैल गई है और यह आईएमडी की एक रिपोर्ट में खुद कहा गया है।'' याचिका में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी की गई कार्य योजना की तैयारी के लिए 2019 में राष्ट्रीय दिशानिर्देश जारी किए जाने के बावजूद, कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अभी तक अनिवार्य ग्रीष्म कार्य योजना को लागू नहीं किया है।

## वक्फ संशोधन कानून पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद तीन प्रमुख मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिए। इनमें उन संपत्तियों को डिनोटिफाई (अववक्फ घोषित) करने की शक्ति से संबंधित मुद्दा भी शामिल है, जिन्हें अदालतों द्वारा, परंपरागत उपयोग के आधार पर या वक्फनामे के तहत वक्फ घोषित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले करीब तीन दिन तक वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनीं, जो संशोधित वक्फ कानून के विरोध में याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

## यूपी के 19 रेलवे स्टेशनों का हुआ कायाकल्प

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक

**सीएम योगी बोले यह गति और गौरव का उत्तम समन्वय**

अवसर पर उत्तर प्रदेश के 19 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प हुआ है। यह भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए इसे गति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीक बताया है।




उन्होंने कहा कि अमृत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं। अमृत भारत स्टेशन न केवल आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देंगे। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, बरेली सिटी, बिजनौर, फतेहाबाद, गोला गोकर्णनाथ, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा, इज्जतनगर, करछना, मैलानी, पुखरायां, रामघाट हॉल्ट, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सुरेमनपुर, स्वामिनारायण छपिया और उझानी स्टेशनों को इस योजना के तहत नया स्वरूप दिया गया है।

## पर्यावरण संरक्षण में समाज भी निभाए भूमिका

**सीएम योगी बोले प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाना जरूरी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी-2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने भारत के वैदिक दर्शन और सनातन परंपराओं का उल्लेख किया और प्रकृति के साथ सामंजस्य की आवश्यकता को लेकर लोगों से अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए बताया कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल, अंतरिक्ष और समस्त चराचर जगत के




कल्याण की कामना से होती है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते, हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। योगी आदित्यनाथ ने 1992 में शुरू हुई वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की चर्चा का उल्लेख करते हुए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

**आधुनिक विकास के मॉडल पर भी उठाए सवाल**

योगी ने आधुनिक विकास के मॉडल पर भी सवाल उठाए, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहे हैं। हम हर कार्य को मशीनीकरण की ओर ले जा रहे हैं, चाहे वह ड्रेनेज हो या औद्योगिक कचरा। हमें प्राकृतिक उपायों को अपनाना होगा, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में जल शोधन की देसी पद्धतियां थीं। उन्होंने जटायु जैसे पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों और दवाओं के दुष्प्रभावों ने इन प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जटायु, जो प्रकृति के शोधन का कार्य करता था, आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। हमें अपनी परंपराओं के प्रति कृतज्ञता दिखानी होगी।

## किश्तवाड़ में दो आतंकी ढेर, जवान शहीद



**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छत्रू इलाके में गुरुवार को आतंकवादियों के साथ चल रही मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान, जिसका कोडनेम ऑपरेशन त्राशी है, अभी चल रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, गोलीबारी में जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहतरीन चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम ने घने जंगल वाले इलाके में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षा बलों ने अतिरिक्त जवानों को तैनात किया है और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर पोस्ट किया कि चल रहे ऑपरेशन के दौरान भीषण गोलीबारी जारी है। गोलीबारी में हमारे एक सबहादुर को गंभीर चोटें आईं और बेहतरीन चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई। ऑपरेशन जारी है। दरअसल जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकवादियों के खिलाफ 11 राष्ट्रीय राइफल्स, 7 असम राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) सहित संयुक्त बलों ने किश्तवाड़ जिले के सिंघपोरा, चटरू इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। आतंकियों की संख्या चार बताई गई थी।

## इस साल छह दिन पहले आएगा मानसून

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच अचानक मौसम ने अपना रुख बदल लिया है। वहीं, मौसम विज्ञान विभाग ने भी कहा है कि इस बार मानसून केरल में तय समय से पहले दस्तक दे देगा। मौसम विभाग के अनुसार केरल में आमतौर पर मानसून 1 जून को आता है, लेकिन इस साल 26 मई के आसपास आने की संभावना है, जो सामान्य तारीख से करीब छह दिन पहले है। यह 2009 के बाद पहला मौका हो सकता है जब मानसून इतनी जल्दी केरल में दस्तक देगा। इस बीच 22 मई से दक्षिण-पश्चिम मानसून के दक्षिण अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के बाकी इलाकों, लक्षद्वीप, केरल, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, दक्षिण और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जानकारी के अनुसार, सुबह तकरीबन 11.30 बजे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। चीफ जस्टिस को मेल के जरिए धमकी मिली है। इसके बाद दो बजे तक के लिए हाईकोर्ट खाली करवा दिया गया। वहीं चंडीगढ़ के एलांते मॉल में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर आपरेशन सेल, बम डिटेक्शन टीम और वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और पूरे मॉल को खाली करवाया गया। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया और बम जैसी संदिग्ध वस्तु पुलिस ने बरामद की। इसे बाहर निकालकर पुलिस ने लोगों को बताया कि यह सुरक्षा के मद्देनजर मॉक ड्रिल की गई थी।

## ज्योति मल्होत्रा की पुलिस रिमांड चार दिन बढ़ी

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को कोर्ट में कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने ज्योति की चार दिन की रिमांड बढ़ा

**पाक कनेक्शन की जांच जारी**

दी है। हिसार पुलिस ज्योति को गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लाई थी। करीब डेढ़ घंटे तक उसकी रिमांड पर बहस चली। जिसके बाद हिसार पुलिस को उसकी 4 दिन का रिमांड मिल गई। इस दौरान किसी अधिकारी ने मीडिया से बात नहीं की। पेशी के वक्त ज्योति से उके पिता हरीश मल्होत्रा को नहीं मिलने



दिया गया। ज्योति 16 मई को गिरफ्तार हुई थी। वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने पुलिस रिमांड के दौरान ज्योति मल्होत्रा से तीन दिन तक पूछताछ की है।

## एटीएस ने दो जासूसों को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** लखनऊ। यूपी एटीएस टीम ने गुरुवार को वाराणसी से पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद तुफैल को गिरफ्तार किया। वह पाकिस्तानी सेना के एक अफसर की

**एक को यूपी के वाराणसी तो दूसरे को दिल्ली से दबोचा**

पत्नी से 4 महीने तक संपर्क में रहा। टीम की जांच पड़ताल में पता चला कि वाराणसी के नवापुरा के आदमपुरा निवासी तुफैल ने पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर किए थे। साथ ही, 'गजवा-ए-हिंद' करने, बाबरी मस्जिद का बदला लेने और भारत में शरीयत लागू करने से जुड़े मैसेज शेयर किए थे।



एनआईए टीम के मुताबिक खुफिया एजेंसियों ने जानकारी दिया है कि वह राजधानी दिल्ली से लेकर वाराणसी तक के अहम स्पॉट की तस्वीरें और उनसे जुड़ी जानकारियां भी शेयर कर चुका है। इनमें से दिल्ली का राजघाट, रेलवे स्टेशन, जामा मस्जिद, लाल किला, निजामुद्दीन औलिया शामिल है। इसके अलावा काशी के नमोघाट व ज्ञानवापी से जुड़े कंटेंट भी पाकिस्तानी नंबरों पर शेयर किए थे। तुफैल के पाकिस्तानी वॉट्सऐप ग्रुप के लिंक को वाराणसी में अपने करीबियों को शेयर करता था, उन्हें पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी से जुड़ने के लिए बोलता था। एजेंसियां जांच कर रही हैं कि यहां से और कितने लोग इन लिंक पर जुड़े? उन्होंने क्या-कुछ शेयर किया? टीम को खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली थी कि तुफैल करीब 600 से ज्यादा पाकिस्तानी फोन नंबरों के संपर्क में था।

## सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई ने भ्रष्टाचार के एक मामले में चार्जशीट दाखिल की है। उनके अलावा दो निजी सचिवों और 4 अन्य लोगों को भी इस

**भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में छह अन्य के नाम भी**

मामले में आरोपी बनाया गया है। यह मामला किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट मामले में करप्शन से जुड़ा है, तब सत्यपाल मलिक जम्मू-कश्मीर के गवर्नर थे। यह मामला किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट मामले में करप्शन से जुड़ा है, तब सत्यपाल मलिक जम्मू-कश्मीर के गवर्नर हुआ करते थे। अप्रैल 2022



में सीबीआई ने इस मामले की जांच शुरू की थी। सत्यपाल मलिक ने ही कई इंटरव्यू और कार्यक्रमों में आरोप लगाया था कि इस प्रोजेक्ट में करप्शन हुआ था। उनका कहना था कि जब वह राज्यपाल थे तो इस प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए उन्हें रिश्वत ऑफर की गई थी।

# १.५० ग्राम अफीम के साथ हरदोई का युवक गिरफ्तार

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को किया कोर्ट में पेश

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** हरदोई के व्यक्ति से १ किलो ५० ग्राम अफीम, नगदी एवं कार बरामद कर पुलिस ने विधिक कार्रवाई की है। अफीम बेचकर ही कार खरीदना आरोपी ने स्वीकार किया हैं। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक कुलदीप कुमार, उप निरीक्षक अरविंद कनौजिया, कांस्टेबल सुनील कुमार, शुभम कुमार, गौरव कुमार, वीरेंद्र कुमार द्वारा रात्रि गशत चेकिंग के दौरान ददरौल मोड़ तिराहा से सख्यरा गांव की तरफ जाने वाली सड़क पर एक संदिग्ध कार से जनपद हरदोई के थाना बेनीगंज के राजू को गिरफ्तार किया गया हैं। जिसके कब्जे से १ किलो ५० ग्राम अफीम, एक मोबाइल फोन एवं २५० रुपए नगदी बरामद की। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह को दी गई। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर प्रियंक जैन मौके पर पहुंच गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कार एवं मोबाइल अफीम को बेचकर खरीदी थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बेनीगंज के ही एक शख्स से अफीम लाकर उसी कार से बेचने के लिए निकला था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया हैं, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# आबकारी टीम ने ३० लीटर कच्ची शराब कर ८०० किलो लहन किया नष्ट



**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। आबकारी निरीक्षक सदर सौरभ कुमार, आबकारी निरीक्षक पुवाया राजेंद्र कुमार तथा आबकारी निरीक्षक तिलहर गिरिजेश के नेतृत्व में बिरसिंहपुर पुलिस की टीम ने मिलकर थाना तिलहर क्षेत्र के ग्राम बरेचा, धनौरा एवं सरेली में दबिश दी। अभियान के दौरान टीम द्वारा संदिग्ध स्थानों और घरों की गहनता से तलाशी ली गई, जिसमें ३० लीटर अवैध कच्ची शराब और लगभग ८०० किलोग्राम लहन बरामद किया गया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि लहन का उपयोग अवैध शराब बनाने में किया जाता है, जिसे बरामद कर नष्ट करना आवश्यक होता है। इस अभियान में बालक राम, सनक सिंह, संजीव कुमार सहित कई पुलिसकर्मी एवं आबकारी विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। आबकारी विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की सूचना हो, तो तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# बाइक चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद



**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** चार दिन पहले चोरी हुई बुलेट मोटर साइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि आशुतोष कुमार पुत्र धर्मेंद्र निवासी सुल्तानपुर थाना कटरा ने अपनी मोटर साइकिल जैतीपुर रोड पर पुलिया के पास चावी लगाकर खड़ी कर दी जिसको अज्ञात चोर द्वारा मोटर साइकिल मालिक के सामने से उठा ले गया। पुलिस को मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक प्रमोद कुमार जैतीपुर रोड बाबूपुर नगरिया में पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। अचानक एक युवक बुलेट मोटर साइकिल से आ रहा था पुलिस को देखकर वह मोटर साइकिल से भागने लगा। पुलिस ने उसका पकड़ लिया पकड़ने जाने पर उसने अपना नाम मुशीर पुत्र शकील निवासी हरेडी थाना उसैत जिला बदायूं बताया। जिस से चार दिन पहले चोरी हुई मोटर साइकिल बरामद हुई। बरामद करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ,हेड कांस्टेबल उपेन्द्र कुमार,हेड कांस्टेबल भारतमणि एवं कांस्टेबल अशीष कुमार ने की।

# ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**पुवायां।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र द्वारा मां शारदे के श्री चरणों में दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। शिविर की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र ने कहा कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को एक सुखद एवं सुरक्षित वातावरण में नये कौशल सीखने, नई चीजों का अनुभव करने का अवसर प्रदान करना है। शिविर में छात्र और छात्राएं हस्त शिल्प कला, संगीत, घोष, इंग्लिश स्पीकिंग, योग एवं कंप्यूटर व स्मार्ट क्लास जैसी विभिन्न प्रकार के खेल आदि सीखेंगे। उन्होंने बताया कि सभी आचार्य बंधु पूर्ण मनोबल से छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे। विद्यालय के प्रबंध कार्यकारिणी ने शिविर आयोजन की शुभकामनाएं दी।

# दस के बजाय सात बजे ही खुल जाता देशी शराब का ठेका

## सुबह सात बजे खुली दुकान का वीडियो वायरल

**अल्हागंज( स्वतंत्र भारत )।** अल्हागंज बस स्टॉप चौराहे से चंद कदमों की दूरी पर स्थित देशी शराब ठेका आए दिन किसी न किसी बात को लेकर चर्चाओं में रहता है। इस देशी ठेका संचालक के द्वारा शराब ठेकों के लिए सरकार के द्वारा बनाए गए नियमों को नहीं माना जाता है। सरकारी नियमों के अनुसार प्रदेश में देशी, कंपोजिट दुकानों और मॉडल शॉप की दुकानों को सुबह दस बजे से रात्रि दस बजे तक ही शराब बिक्री करने की अनुमति है। परंतु अल्हागंज बस स्टॉप स्थित देशी शराब ठेके पर यह नियम कानून लागू नहीं होते हैं। गुरुवार की सुबह एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें ठेके पर मौजूद कर्मचारी अंदर से शटर उठाकर बाहर मौजूद ग्राहकों को शराब देता साफ-साफ दिखाई देता है। यह विडियो गुरुवार की सुबह सात बजे का बताया जा रहा है। आसपास के लोग बताते हैं कि इस देशी ठेके पर रात-दिन शराब ग्राहकों को सरकारी दरों से अधिक दरों पर ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाती है। इस ठेके के पीछे के गेट से रात्रि में भी शराब बिक्री कर्मचारियों के द्वारा की जाती है। कई बार लोगों के द्वारा शिकायत की गई। परंतु कोई कार्यवाही प्रकाश में नहीं आ सकीं। जिला अबकारी अधिकारी शाहजहांपुर से इस सबंध मे जानकारी करने का प्रयास किया गया। परंतु संतोष जनक जबाब नही दे सकें। उन्होंने कहा मामले को दिखवाते है।

# चेयरमैन ने किया बाल्मीकि मंदिर का भूमि पूजन



**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** नगर पालिका परिषद में बाल्मीकि मंदिर के निर्माण का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता ने भूमि पूजन कर किया। इस दौरान तमाम सभासद मौजूद रहे। बृहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद के मोहल्ला अम्बेडकर नगर में बाल्मीकि मंदिर के निर्माण का शुभारंभ नपा अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा भूमि पूजन कर किया गया। अम्बेडकर नगर में बाल्मीकि मंदिर निर्माण के शुभारंभ से वार्ड वासियों में खुशी का माहौल रहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि नगर के संपूर्ण विकास को लेकर सदेव कार्य किए जाएं और नगर विकास कार्यों में चार चांद लगाए जाए। अधिक से अधिक नगर में विकास कार्य हों और जनता जनार्दन को नगर पालिका के लाभ अधिक से अधिक मिले और सहजता एवं सरलता से मिले। उन्होंने कहा कि नगरपालिका परिषद के विकास कार्यों को लेकर दो दिन पूर्व प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर विस्तृत चर्चा की गई थी। आगामी दिनों में नगर पालिका में नए नए विकास कार्यों को बढ़ावा देकर नगरपालिका को उच्च शिखर तक ले जाना है। इस अवसर पर सभासद प्रदीप वर्मा, सभासद जितिन कुमार, सभासद गुड्डू वर्मा, सभासद वाजिद अली, राकेश गुप्ता, संजय, रितेश गुप्ता, अनुज दीक्षित व वाल्मिक समाज के लोग उपस्थित रहे।

# समिति ने मेडिकल कालेज पहुंचकर जाना बच्चे का हाल



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** चाईल्डलाइन द्वारा न्यायपीठ बाल कल्याण समिति को सूचना प्राप्त हुई की एक नवजात शिशु बालिका नवीन निर्माणधीन नगर निगम कार्यालय के पास से झाड़ियां में पुलिस को प्राप्त हुई। जिसको चाइल्डलाइन १०९८ द्वारा मेडिकल कॉलेज में उपचार कराया जा रहा हैं। इसकी सूचना चाइल्ड लाइन द्वारा बाल कल्याण समिति को प्रदान की गई। जिसके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु बाल कल्याण समिति अमितेश द्विवेदी की अध्यक्षता में सदस्य अरविंद कुमार मिश्रा, मुनीश कुमार सिंह परिहार के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे समिति ने डॉक्टर से मिलकर शिशु कुशलक्षेम पूछ एवं हालचाल जाना और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की एवं वहा मौजूद चिकित्सको की टीम को निर्देश दिया कि बच्चे का विशेष ध्यान रखा जाए। चिकित्सालय में शिशु की देखरेख कर रहे विशेष नवजात शिशु देखरेख इकाई के इंचार्ज डॉक्टर अखिलेश कुमार, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुरभि से स्वास्थ्य संबंधी वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें चाइल्डलाइन जिला समन्वयक विनय कुमार शर्मा व सुपरवाइजर ज्ञान स्वरूप तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिनव कुमार भ्रमण में साथ रहे।

# कुछ दिन पूर्व एक मशीन व चार ट्रैक्टर-ट्राली हुए थे सीज

## दरोगा प्रांजल यादव को देखना पड़ा था लाइन का रास्ता

**मिर्ज़ापुर-परौर( स्वतंत्र भारत )।** परौर थाने पर तैनात उपनिरीक्षक प्रांजल यादव ने चार मई की रात को परौर क्षेत्र के गांव बम्हनी चौकी में पिछले कई महीने से हो रहे मिट्टी खनन में हांथ डालते हुए चार ट्रेक्टर व एक मिट्टी खोदने वाली रेपर मशीन को मिट्टी का खनन करते हुए पकड़ कर सीज करा दिया था। बताया जाता है कि बम्हनी चौकी में मिट्टी का खनन काफी लम्बे समय से हो रहा है। मगर किसी भी प्रभारी निरीक्षक या हल्का इंचार्ज ने इसमें दखल देने की हिम्मत नहीं जुटा पाई थी। क्षेत्र में चर्चा है कि खनन माफियाओं से पंगा लेना ही उपनिरीक्षक प्रांजल यादव को भारी पड़ गया है। बतादें कि परौर में रेपर मशीनों से पूरी पूरी रात खुलेआम मिट्टी का खनन होता है। दलाल शाम होते ही थाने में पहुंच जाते है और अपनी सेटिंग कर नौ बजे के बाद खनन शुरू कर देते हैं। इससे रात में ग्रामीणों को काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ है। इसकी सूचना जब पुलिस को दी जाती है तो पुलिस खाना पूर्ति के लिये जाती है। मशीन बालों को पहले ही फोन करके मशीन बंद करा दी जाती है। अगर किसी ने कार्यवाही करने की सोची तो लाइन का रास्ता देखना पड़ सकता है। इसलिए वह चाह कर भी कुछ नहीं कर सकते। दलालों का इस समय परौर थाने पर अच्छा बोलबाला है। मगर तहसील से लेकर थाने तक के अधिकारी व कर्मचारी खामोश हैं। पुलिस ने बताया यदि खनन होता है तो उसे बंद कराया जाएगा।

# मवेशी की हत्या करने पर दो के खिलाफ मुकदमा, एक गया जेल

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** अवैध रूप से पड्डा काटने के मामले में दो के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत की गई हैं एक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा वहीं एक मौके से फरार हो गया। कई मीट की दुकानों पर अवैध रूप से मीट बिक्री की शिकायतें पहले भी हो चुकी हैं। नगर के मोहल्ला शेखान स्थित इरफान एवं फुरकान ने अवैध रूप से पड्डा काट डाला। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सक को बुलाकर सैंपलिंग कराकर इरफान एवं फुरकान के विरुद्व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है एवं इरफान को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। वहीं मौका पाकर फुरकान फरार हो गया। कस्बा इंचार्ज घनश्याम बहादुर सिंह ने बताया की पुलिस ने सूचना के आधार पर खलील के घर में छापा मारकर पड्डा काटते इरफान को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फुरकान मौका देखकर भाग गया। दोनों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा काटे गए पड्डा के मांस की सैंपलिंग करवाई। चर्चा है की नगर क्षेत्र के अलावा गांव क्षेत्र के भी कई मीट की दुकानों पर अवैध रूप से मीट की बिक्री होती है। बरेली से मीट लाकर बेचने के नाम पर यहीं पर अवैध रूप से काटकर मीट की बिक्री करते हैं जिसमें पहले भी कई बार पुलिस कार्रवाई भी कर चुकी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवती की ८वें दिन मौत

## दुर्घटना के दो दिन बाद नैमिषारण्य में होनी थी शादी

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** विवाह से दो दिन पहले ही सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवती ने आठवें दिन लखनऊ में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला कसभरा आढ़त निवासी स्व. सुनील गुप्ता उर्फ नन्हें व रेनू गुप्ता की लगभग २१ वर्षीय पुत्री आयुषी का लखनऊ मेडिकल कालेज में आठवें दिन उपचार के दौरान निधन हो गया। आयुषी शादी से दो दिन पहले १४ मई को घर से प्रसाद चढ़ाने की बात कहकर त्रिलोकी नाथ धाम गई थी। जहां बस से उतरकर मंदिर जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से वह गंभीर घायल हो गई थी। आयुषी को गंभीर हालत में पहले बरेली और अगले दिन लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। आयुषी ने २१-२२ की रात लगभग २ बजे अंतिम सांस ली। युवती की मौत के बाद मां रेनू समेत भाई कुशाग्र व बड़ी बहन का बुरा हाल है।

### लखनऊ में किया गया अंतिम संस्कार

युवती की मौत के बाद उसके भाई कुशाग्र ने बताया लखनऊ में ही उसकी दूसरी बहन और एक चाचा रहते हैं। बहन की मृत्यु के बाद शव का अंतिम संस्कार लखनऊ में ही किया गया है।

# बाइक ठेले की भिड़ंत में बच्चे की मौत, पिता-पुत्री घायल



**कटरा-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर निवासी मुश्ताक ठेले पर सब्जी बेचने का कार्य करते हैं। मंगलवार रात आठ बजे अपने ११ वर्षीय बेटे कैश और ९ वर्षीय बेटी अलशिफ को लेकर खुदागंज के ग्राम खरमसी के उर्स में शामिल होने के लिए ठेले से जा रहे थे। ग्राम पिपरी खुर्द के पास बाइक की टक्कर लगने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने कैश को मृत घोषित कर दिया। मुश्ताक और अलफिशा का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बुलेट पर सवार ग्राम कुशक निवासी निजामुद्दीन उर्फ गप्पू अपने भतीजे अरमान, भांजे दानिश को मेला दिखाने ले जा रहे थे। बाइक और ठेली कि भिड़ंत से चोटिल अरमान और गप्पू का बरेली के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। निजामुद्दीन उर्फ गप्पू की २९ मई को तिलहर के मोहल्ला नजरपुर में बरात जानी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया हादसे में छह लोग घायल हुए हैं एक बच्चे की मौत हो गई है। परिवारजनों ने बताया कि कैश आठ भाई बहनों में दूसरे नंबर पर था।

# रामप्रकाश बने अध्यक्ष, कृष्णपाल महामंत्री

## सीनियर सिटीजन सोसाइटी की जलालाबाद शाखा गठन

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** सीनियर सिटिजन सोसायटी की जलालाबाद शाखा का गठन किया गया। बैठक जलालाबाद में राम प्रकाश श्रीवास्तव के आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक ने की तथा संचालन जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। बैठक में जलालाबाद शाखा का निर्वाचन हुआ। जिसमें सर्वसम्मत से निर्वाचित घोषित किए गए संरक्षक महिपाल सिंह चौहान, अध्यक्ष डॉ रामप्रकाश श्रीवास्तव, महामंत्री कृष्ण पाल सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष मुन्नू पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेचेलाल वर्मा, संगठन मंत्री कृष्ण पाल सिंह यादव, प्रचार मंत्री चेतराम वर्मा बनाए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान दिलाने का प्रयास करते रहने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र शुक्ला ने कहा आज तमाम परिवार ऐसे हैं जहां वरिष्ठ माता-पिता का उनके परिवार के लोग उन्हें उपेक्षित करते हैं। अत: संगठन के पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि वह इस और विशेष सहयोग करेंगे। सभा में व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज पांडे, महिपाल सिंह चौहान, दिनेश कुमार मिश्रा, बेचेलाल वर्मा, विनोद कुमार गुप्ता, धनपाल सिंह यादव, कृष्ण पाल सिंह, चेतराम वर्मा, अमरपाल सिंह, मुन्नू पांडे, नाहर सिंह, राम प्रकाश श्रीवास्तव, रमेश चंदेल, मुन्नी देवी, राम प्रसाद, सूरजमुखी, कौशल्या देवी, शांति देवी, हर शरण यादव, देवराम कश्यप आदि मौजूद रहे।

# विधायक की अध्यक्षता में नपं की बोर्ड बैठक संपन्न

## ५ करोड़ की लागत से चमकेगी कांट नगर पंचायत

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** विधायक अरविंद सिंह की मौजूदगी में नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में शासन की ओर से अनुमानित २ करोड़ की लागत से शिव मंदिर का सौंदर्यकरण के अलावा पार्किंग स्थल, डिजिटल लाइब्रेरी नगर के बारात घर एवं दो स्कूलों का जिर्णोद्धार, कुर्रिया कलां तिराहे पर शहीदों का स्मारक निर्माण, कमल नैनपुर तिराहा पर अटल बिहारी वाजपेई के नाम शहीद पार्क के निर्माण हेतु कुल ५ करोड़ अनुमानित लागत के प्रस्ताव पारित किए गए। गुरुवार को नगर पंचायत में बोर्ड की बैठक विधायक अरविन्द कुमार सिंह, अध्यक्ष मुनारा बेगम, अधिशासी अधिकारी नूरजहां और वार्ड सभासदों की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गये। जिसमें शासन द्वारा संचालित वन्दन योजना के अन्तर्गत मदनापुर रोड स्थित शिव मन्दिर का चयन कर, सौन्दर्गीकरण एवं मुख्यमन्त्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत शाहजहाँपुर-जलालाबाद रोड पर कमलनयनपुर तिराहे के पास नव पार्किंग स्थल का निर्माण, अभायन रोड पर डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण, नगर में बारात घर एवं नगर के दो स्कूलों में कायाकल्प के अन्तर्गत जीर्णोद्धार का कार्य तथा अन्य विभिन्न प्रकार के निर्माण-विकास कार्यों के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये। इसके साथ बोर्ड की बैठक में विधायक श्री सिंह के द्वारा कुर्रिया तिराहे पर जनपद के शहीदों का स्मारक बनाकर प्रतिमा स्थापित कराने का प्रस्ताव, कमलनयनपुर तिराहे पर अटल बिहारी बाजपेई के नाम से शहीदों के स्मारक पार्क बनाये जाने का प्रस्ताव, नवीपुर-प्रथम में अम्बेडकर पार्क बनाये जाने का प्रस्ताव दिया गया। जोकि उपस्थिति समस्त सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही विधायक श्री सिंह के द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर में प्लाटिंग, कालोनी हेतु नक्शा पास कराना अनिवार्य होगा। इसके उपरान्त ही प्लाटिंग, कालोनी निर्माण कराया जायें। अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। "बोर्ड बैठक में जो प्रस्ताव पारित किए गए हैं शासन द्वारा लगभग ५ करोड़ की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा।" नूरजहां अधिशासी ईओ कांट

# करंट लगने से मौलान की मौत



**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** कमलनैनपुर गांव के मौलाना मोहम्मद आमिर की कूलर से करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। शव गांव आते ही परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र के कमलनैनपुर गांव के मोहम्मद हबीब के बेटे मौलाना मोहम्मद आमिर (कारी) ३० करीब सात आठ वर्ष से बिजनौर के मदरसा अरबिया नुरुल उलूम में पढ़ाते थे। मंगलवार की रात लगभग ३ बजे कूलर का तार लगा रहे थे। फर्श गीला और नंगे पैर होने के कारण करंट दौड़ गया। जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। आमिर अपने भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। घर पर सूचना दी गई। मौत की सूचना सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। बुधवार को करीब १ बजे जैसे ही गांव मौलाना का शव पहुंचा, भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर ढाढ़स बंधाया। स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जनाजे में शामिल रहे।

# समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों ने सीखा योगा



**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** राजकीय इंटर कालेज में समर कैंप के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने योगा कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। प्रधानाचार्य के निर्देशन में खोखों एवं फुटबॉल जैसे खेलों का भी आयोजन किया गया। गुरुवार को समर कैंप दूसरे दिन राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। २१ मई से १० जून तक राजकीय इंटर कॉलेज में शासन के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा के अंतर्गत समर कैंप का आयोजन किया गया। दूसरे दिन का प्रारंभ योग के साथ हुआ। प्राणायम, धनुरासन, वज्रासन, ताड़ासन जैसे योग एवं अन्य व्यायाम संबंधी गतिविधियों के बाद खो-खो और फुटबॉल के खेल बच्चों ने खेला। गतिविधियों के पश्चात सभी छात्र छात्राओं को जलपान कराया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य के निर्देशन में पूरे उत्साह के साथ छात्र-छात्राओं, शिक्षकों सुरेंद्र पाल सिंह, पंकज कुमार, संजय सैनी, सत्येंद्र कुमार, पवन कुमार राजपूत, सोनी, संतोष एवं अन्य विद्यालय कार्मिकों रूपलाल, आलोक कुमार ने सक्रिय भागीदारी की।

# कूलर में करंट उतरने से मासूम की मौत



**खुदागंज-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के गांव दीपपुर की नई बस्ती में सुबह लगभग १० बजे कूलर में करंट उतरने से अजान ७ वर्ष पुत्र अखलाक निवासी नई बस्ती दीपपुर की मौत हो गई। सुबह के वक्त जब परिवार के लोग अपने काम में व्यस्त थे तब मासूम अजान कमरे में रखी अपनी साइकिल लेने गया था। तभी कमरे में चल रहा लोहे के कूलर उसका हाथ टच हो गया और अजान को जोरदार करंट लग गया। जिससे मासूम अजान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बच्चे के-पिता जयपुर में सिलाई का काम करते हैं अजान अपनी मां एवं छोटी बहन के साथ खुदागंज में उर्स का मेला देखने अपने घर आया हुआ था। अजान की एक छोटी बहन ५ बर्ष की है। मासूम अजान की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक मासूम अजान कि मां ने रो रो बताया कि उर्स के मेले हमारे जिगर के टुकड़े ने अपने अपनी छोटी बहन के खेलने के लिए खिलौने खेलने के लिए थे।

# सीओ को पत्र कर निष्पक्ष जांच की मांग

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बुधवार को युवक ने क्षेत्राधिकारी को पत्र देकर बताया एक महिला पुरानी रंजिश को लेकर आए दिन फर्जी मुकदमा में जेल भेजने की धमकी दे रही हैं। पीड़ित ने निष्पक्ष कार्रवाई करने की गुहार लगाई। थाना जैतीपुर निवासी प्रमोद गुप्ता ने दोपहर १:३० क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पहुंचकर क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव को पत्र देकर बताया एक महिला पुरानी रंजिश को लेकर आए दिन गाली गलौज करती विरोध करने पर महिला के परिजनों ने उसके घर में घुसकर मारपीट की जिससे परिवार में कई लोग चोटिल हो गए। महिला आए दिन झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देती है। पीड़ित प्रमोद कुमार गुप्ता ने सीओ से निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

# ५ लीटर कच्ची शराब में एक गिरफ्तार

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** आबकारी एवं पुलिस ने एक व्यक्ति को ५ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। हेड कांस्टेबल मोहम्मद सलीम, कांस्टेबल विशु मलिक एवं आबकारी विभाग के प्रधान सिपाही राजेंद्र पाल सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दविश देकर लाड़पुर को जाने वाले कच्चे रास्ते से रमेश को ५ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई हैं।

# किशोरी बरामद न होने पर होगा कांट कोतवाली का घेराव

## हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ ने कलेक्ट्रेट शाहजहांपुर मे धरना प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जनपद के खुटार, पुवायां, सिंधौली, निगोही और कांट कोतवाली क्षेत्र में बढ़ रही लव जिहाद की घटनाओं को लेकर गुरुवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र एवं संरक्षक राजेश अवस्थी नंदकिशोर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंप कर जिले में बढ़ रही लव जिहाद की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि कांट कोतवाली क्षेत्र के नगला बनवारी गांव की एक किशोरी को एक माह पहले गफ्फार नाम का एक जिहादी बहला फुसलाकर ले गया है। जिसमें गफ्फार समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अभी तक पुलिस ना तो आरोपियों को गिरफ्तार कर पाई है और ना ही किशोरी को बरामद कर सकी है। अगर पुलिस ने किशोरी को जल्द से जल्द बरामद नहीं किया, तो हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ता कोतवाली का घेराव करने के साथ ही हाईवे जाम करने के लिए बाध्य होंगे। इसके साथ ही खुटार के टाह खुर्द कला और मुरादपुर से गायब किशोरियों को तत्काल बरामद कराए जाने की भी मांग की गई। इस मौके पर संगठन मंत्री कमल दीक्षित, दुर्गेश मिश्रा, गोविंद मिश्रा, राजेंद्र, विवेक पाल सिंह, सितेश कुमार, अमित सिंह, बृजलाल, राज सक्सेना, शैलेश कटियार, संतोष कुमार, छोटे कटियार, पवन सक्सेना, मुनीश कुमार, भारत राठौर, अवनीश कश्यप, शेर सिंह एडवोकेट आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# बहन को ब्यूटी पार्लर से लेने जा रहे भाई की हादसे में मौत

## शादी की खुशियां मातम में बदली, परिवार में मचा कोहराम

**जैतीपुर( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के गांव नौगवां में बहन की शादी वाले दिन भाई की ट्रक के टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई। चचेरा भाई अभिषेक बहन को ब्यूटी पार्लर से लेने जा रहा था। गांव में बारात की तैयारियां जोरों शोरों पर चल रही थीं। चारों तरफ बारात आने की खुशी थी। अभिषेक की चचेरी बहन की बारात जो थी अभिषेक भी घर के कामकाज में व्यस्त था। उधर आरती जैतीपुर में ब्यूटी पार्लर पर सज धज रही थी। बारात आने से पूर्व अभिषेक अपने दोस्त विपिन के साथ बाइक से आरती को ब्यूटी पार्लर से लेने गया। रास्ते में बहगुल नदी के पास ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अभिषेक और विपिन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस द्वारा दोनों को सीएससी पर भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा अभिषेक को मृत घोषित कर दिया तथा विपिन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भाई की मौत की खबर सुन आरती बेसुध हो गई। सारी खुशियां मातम में बदल गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि जवर सिंह की भतीजी आरती की शादी बुधवार को थी। घर पर तैयारियां चल रही थी। परिवार के लोग कामकाज में लगे थे। गौहापुर का विपिन टेंट लगाने आया था। अभिषेक और विपिन रात करीब दस बजे आरती को लेने जा रहे थे। तभी रास्ते मे बहगुल नदी के पास ट्रक की टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। सीएचसी पर डॉक्टरों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया तथा विपिन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अभिषेक तीन बहनों में छोटा और दो भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# टेंट का सामान लेने गए भाई की मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** थाना जैतीपुर अंतर्गत गांव नौगांव गोविंदपुर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गांव में तहेरी वहन की शादी के लिए टेंट का सामान लेने जा रहे किशोर की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक गांव गोविंदपुर नौगांव में अभिषेक पुत्र जबर सिंह उम्र १५ वर्ष की ताऊ की बेटी आरती की शादी थी। बारात आ चुकी थी टेंट का कुछ सामान कम पड़ गया।तो परिजनों ने अभिषेक को मोटर साइकिल से गांव के एक युवक के साथ जैतीपुर समान लेने भेज दिया। बुधवार रात लगभग ९ बजे तेज आंधी गई। परिजनों का कहना है तेज आंधी में मोटर साइकिल का संतुलन बिगड़ने से अभिषेक हादसे का शिकार हो गया उसकी मौके पर मौत हो गई। अभी ये स्पष्ट नहीं हो पाया कि मोटर साइकिल गिरने से या किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना हुई है। परिजनों को जब ये खबर लगी तो सारी खुशियां मातम में बदल गई। राहगीरों ने शव की पहचान का परिवार बालों को सूचना दी। परिवार बालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**निगोही( स्वतंत्र भारत )।** गुरूवार को व्लाक प्रांगण में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए। तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। ब्लाक परिसर से शुरू हुई तिरंगा यात्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही गेट होते हुए हमजापुर चौराहे पर जाकर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर समापन किया गया। पहलगाव आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में आतंकी कैंम्प पर हमला कर आतंकियो को मौत की नींद सुला दिया था। सेना के इस पराक्रम पर भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इसी के तहत गुरूवार को शाम साढ़े पांच बजे तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा के नेंतत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने ब्लाक परिसर से यात्रा शुरू कर थाने गेट पहुंचे। यात्रा थाने से होते हुए हमजापुर चौराहे पर आकर समाप्त हो गई। यात्रा में जिलाध्यक्ष केसी मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम नरायन मिश्र, नमित दीक्षित, आकाश तिवारी, सौरभ सोमवंशी, रजनीश राठौर, सर्वेश त्रिपाठी, अजयपाल सिह, सत्यपाल सक्सेना, सर्वेश वर्मा, सुमित सिह भदौरिया, रीना कौर, कुलसुम नाज, बबली सिंह, सुमित मिश्रा, संतोष मौर्य, अर्पित वर्मा, नीरज राठौर, मुन्ना कुशवाहा, राजू विश्वकर्मा, सुधांशू, राजकुमार सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस वल मौजूद रहा।

**खुटार।** गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में खुटार मे शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डा. सुधीर गुप्ता ने तिरंगा दिखाकर ब्लाक मुख्यालय से यात्रा को रवाना किया। यात्रा नगर के मेन मार्केट से होकर अटल चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, निवर्तमान मंडलाध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष जगवंत सिंह, हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र, संगठन मंत्री कमल दीक्षित, नितिन मिश्र, आलोक शुक्ला, सर्वेश राठौर, देवेश गुप्ता एडवोकेट, सुनील सिंह, शोभित मिश्र, अमित शुक्ला, लक्ष्मण गुप्ता, सत्यपाल गुप्ता, रामाधार मिश्र, मुनीश राठौर, राहुल गुप्ता, अवनीश शुक्ला, रामपाल वर्मा, अंकुल सिंह, विजय सिंह, अनिल मौर्या, हरिओम मिश्र बबलू, अखिलेश मिश्र, राधेश्याम, दिलबाग सिंह, विनोद मिश्र उर्फ कल्लू, राज सक्सेना, अजय गिरी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# लापरवाह महिला लेखपाल पर एसडीएम ने कार्यवाही के दिये निर्देश

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** तहसील जलालाबाद में तैनात महिला लेखपाल द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने व आदेश की अवहेलना करने तथा मा. न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कार्यवाही न करने को लेकर एसडीएम ने उक्त महिला लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किए जाने के आदेश दिए हैं।

तहसील जलालाबाद के अल्हागंज क्षेत्र के गांव नगलाहलू में दबंगों द्वारा तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसे अवैध कब्जा मुक्त कराने के आदेश एसडीएम दुर्गेश यादव ने हल्का लेखपाल पूजा सिंह को दिए थे। बार-बार एसडीएम के आदेश देने के बाद भी हल्का लेखपाल ने तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटवाया और तालाब को अवैध कब्जा मुक्त नहीं कराया, एसडीएम दुर्गेश यादव द्वारा लगातार दिए जा रहे निर्देशों की हल्का लेखपाल पूजा सिंह ने अवहेलना की और भू माफियाओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। एसडीएम के निर्देश देने के बाद भी जब कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई तो एसडीएम ने न्यायालय के सख्त आदेशों का हवाला देते हुए हल्का लेखपाल पूजा सिंह पर विभागीय कार्रवाई किए जाने के आदेश दिए हैं। इधर इस संबंध में ताजा जानकारी लेने के लिए एसडीएम के सीयूजी नम्बर पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका मोबाइल उनके ड्राइवर के पास मिला ड्राइवर ने बताया कि साहब मीटिंग में हैं।

# एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

## एसडीएम ने थाने जाकर अधिवक्ता के साथ मारपीट करने वालों को दी थाने जाकर जमानत

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** वकीलों के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को थाने में जाकर एसडीएम के द्वारा जमानत देने के मामले में वकीलों ने एसडीएम के खिलाफ जमकर हंगामा काटा। वकीलों ने एसडीएम का तबादला करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन के लिए एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार कर दिया।

गुरुवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश चंद्र सक्सेना के नेतृत्व में वकील तहसील में एकत्र हुए। अध्यक्ष नरेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि कटरा में १२ मई को वकील सत्यवीर सिंह यादव एवं उनके पुत्रों के साथ तमाम लोगों ने रेस्टोरेंट में घुसकर मारपीट करने के साथ लूटपाट की थी। इस मामले में पकड़े गए आरोपी अतुल एवं रवि को कटरा पुलिस के द्वारा जमानत के लिए एसडीएम कोर्ट लाया गया था लेकिन वकीलों ने बहिष्कार कर दिया था जिस पर उन्हें जमानत नहीं दी गई थी। एसडीएम के द्वारा आरोपी अतुल एवं रवि को बिना जमानत दिए कटरा थाने भेज दिया गया था। आरोप है कि इसके बाद २१ मई को आरोपियों को कोर्ट में बिना पेश किए हुए ही एसडीएम के द्वारा थाने जाकर आरोपी अतुल एवं रवि को जमानत एवं निजी बंधन पत्र पर थाने से छोड़ दिया गया। आरोप है कि एसडीएम ने यह गलत विधिक कृत्य किया है जिससे वकीलों में आक्रोश है। वकीलों ने कहा कि जब तक एसडीएम का तबादला नहीं होगा तब तक एसडीएम कोर्ट का सभी वकील बहिष्कार रखेंगे।

# अपात्र को बना दिया पात्र, पहली किस्त जारी होने के बाद भी नहीं बना आवास

## पुवायां ब्लाक के ग्राम पंचायत भरतापुर का मामला

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** ग्राम पंचायत में पात्र को अपात्र दिखाकर खेल किया जा रहा है और उनसे पैसे लेकर बंदर बांट किया जा रहा है लेकिन आवास नहीं बनवाये जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला विकासखंड पुवायां की ग्राम पंचायत भरतापुर में सामने आया हैं। यहां की ज्ञान देवी के नाम आवास स्वीकृत हुआ था। वित्तीय वर्ष २०२४-२५ में मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुआ था, लेकिन लगभग चार माह बीत जाने के बाद भी आवास नहीं बन सका। क्योंकि लाभार्थी के पहले से कई कमरे बने हुए हैं। जब पहले से ही कमरे बने हुए थे तब अपात्र को पात्र कैसे कर दिया गया। इसका मतलब विकास खंड में पैसे देकर आवासों का आवंटन किया गया हैं। इसलिए लाभार्थी ने आज तक धनराशि ही आहरण के बावजूद आवास नहीं बनवाया हैं। एक ओर सरकार पात्रों को आवास नहीं दे पा रही हैं लेकिन पुवायां की ग्राम पंचायत भरतापुर में अपात्र को आवास दे दिए गए हैं फिर भी धनराशि अहारण होने के बाद भी लाभार्थी ने आवास नहीं बनवाया हैं। "मेरा स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण अभी तक आवास नहीं बनाया गया हैं। ब्लॉक के अधिकारियों ने हमें कोई आवास नहीं दिया हैं।" लाभार्थी ज्ञान देवी "एक दिन पहले ही लाभार्थी को आवास बनाने हेतु नोटिस दे दिया गया हैं।"दीपक सक्सेना ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भरतापुर। "लाभार्थी के खाते में पैसा जाता हैं उसी को बनवाना हैं।" बीडीओ पुवायां

# ट्रेन की चपेट में आकर किशोर घायल

## देर शाम तक किशोर की नहीं हो सकी पहचान

**रोजा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** गुरूवार की दोपहर सीतापुर ब्रांच लाईन पर निगोना बनतारा के बीच एक अज्ञात बालक अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप में घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गंभीर हालत में घायल बालक को उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया हैं, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई हैं। देर शाम तक बालक की पहचान नहीं हो सकी थी। गुरूवार की दोपहर रोजा पुलिस को सूचना मिली कि सीतापुर ब्रांच लाईन पर निगोना बनतारा के बीच खम्बा नं ४/२७ पर रेलवे ट्रैक के बीच में एक १४ वर्षीय बालक किसी ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर हालत में घायल हो गया है। सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से बालक की पहचान कराई, लेकिन बालक की पहचान नही हो सकी। पुलिस ने गंभीर रूप में घायल बालक को एंबुलेस से उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई हैं। हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि बालक का रंग गेहूंआ, चेहरा लम्बा, बड़े काले बाल, हल्की आसमानी रंग की हाफ टी शर्ट, भूरे रंग की लोवर व ग्रे रंग की हवाई चप्पल पहने हुए हैं। देर शाम तक घायल बालक की पहचान नहीं हो पाई हैं।

### अहिल्याबाई का जीवन राष्ट्र में एक सुधारक और प्रगतिशील रहा

**शाहजहांपुर।** मोहल्ला कटिया टोला में राजेश कश्यप के आवास पर सहकार भारती मत्स्य पूजक प्रकोष्ठ द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की ३०० वीं जन्म शताब्दी स्मृति कार्यक्रम मनाया गया। प्रदेश संयोजक मत्स्य पूजा प्रकोष्ठ सहकार भारती, अभिनव कश्यप ने कहा की लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों और सिद्धांत को आत्मसात कर आगे बढ़ाना है। अहिल्याबाई का जीवन राष्ट्र में एक सुधारक और प्रगतिशील रहा। शिवनंदन सागर ने कहा अहिल्याबाई होलकर ने राष्ट्रीय एकता और संस्कृति एवं धर्म के नए पुनरोद्धार अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया है। राजेश कश्यप ने कहा हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मदन कश्यप ने कहा कि हम सभी को लोकमाता के सुशासन से प्रेरणा लेकर समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। राज, शिवपाल, धर्मवीर, हरि सिंह नेगी, प्रभात वर्मा आदि ने उपस्थित रहे।

### १५ लेखपालों का कार्यक्षेत्र बदला

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कई लेखपालों के तबादले किए है। जिसमें उन्होंने कलान तहसील में तैनात लेखपाल राघवेंद्र सिंह को तिलहर, अनुज कुमार को सदर, निर्मल कांत और हदयेश कुमार को पुवायां, दीपक यादव को तिलहर तहसील भेजा गया। जबकि सदर तहसील में तैनात राजेश यादव को पुवायां, गुरु प्रकाश को कलान, रविकांत को जलालाबाद, प्रास्ती को पुवायां, नीरज कुमार राठौर को जलालाबाद, राकेश कुमार सागर को कलान तहसील स्थानांतरण किया गया। पुवायां तहसील में तैनात वेदराम को कलान, पिंकी तोमर को जलालाबाद, धीरज यादव को जलालाबाद, नीरज कुमार वर्मा का कलान तबादला किया गया है। बताया गया कि समस्त लेखपाल तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करें।

### भूल सुधार

दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि.तिलहर शाहजहांपुर की ई-निविदा सूचना 11.05.2025 को स्वतंत्र भारत में पेज नं. 3 पर प्रकाशित हुई थी जिसमें त्रुटिवश निविदा आमंत्रित की दिनांक 10.05.2025 प्रकाशित हो गई थी, जिसे 15.05.2025 पढ़ा जाये।

**विज्ञापन प्रबंधक**

# पति सहित आठ पर रिपोर्ट

**सिंधौली।** थाना क्षेत्र के गांव काजीपुर निवासी गुलनाज पत्नी रिजवान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते १८ मई को पंच फैसले के बाद अपने पति रिजवान के साथ गांव काजीपुर गई थी। पति रिजवान, नंदोई मोईद, ननंद फूल बी, निशा, साबिरा, माबिया, गुफरान, अरबीन ने मिलकर उसे गालियां देते लात घुसो डंडों से मारा पीटा। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पति सहित आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# शीशम पेड़ काटने पर मुकदमा दर्ज

**पुवायां।** वन विभाग ने शीशम के पेड़ काटने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सींच पर्यवेक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने दर्ज मुकदमा में बताया कि रेहरिया की चौकी नवाबपुर गंगा की हरदोई ब्रांच के मौका मील की पटरी बायां पर १९ मई की रात में चोरी से शीशम का पेड़ काटा गया। क्षेत्रीय कृषकों को पता चला कि गांव रौतापुर कला निवासी विपनेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने ठेकेदार से मिलकर शीशम का पेड़ कटवा दिया। जिसके बाद पुलिस ने पर्यवेक्षक की तहरीर के आधार पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और शीशम का हरा पेड़ काटने के जुर्म में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# प्रधानपति की मां का निधन

**खुदागंज।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत दीपपुर के ग्राम प्रधान पति ज़मीर हसन अंसारी की माता आयशा बी का निधन हो गया। ६५ वर्षीय आयशा बी लंबे समय से बीमार थी। बुधवार को बरेली जिले के निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन होने पर पूरी ग्राम पंचायत एवं नगर व ग्राम प्रधान संगठनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पंचायत प्रतिनिधियों ने शोक व्याप्त किया।

# तीन बसों को किया सीज

**शाहजहांपुर।** एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने डबल डेकर बसों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बरेली रोड़ स्थित एक स्कूल के पास दो बसों को रोककर उनका चालान कर उन्हें सीज कर थाने में सुपुर्द कराया। बसों में बैठे यात्रियों के लिए रोड़वेज बसों को बुलाकर उसमें यात्रियों को बैठाकर उनके गंतव्य को रवाना किया।

# ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बृहस्पतिवार रात को एक युवक ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। सूचना पर आरपीएफ की टीम ने एंबुलेंस सेवा की मदद से इलाज को सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। एंबुलेंस सेवा के एमटी अनमोल ने बताया तिलहर रेलवे स्टेशन के पास झारखंड के जनपद खुटी व थाना लतार गांव सुनगी निवासी वीर शाह ट्रेन से उत्तराखंड जा रहे थे। रात करीब २:१५ बजे रेलवे स्टेशन पर गंभीर अवस्था में घायल पड़े थे। तभी आरपीएफ के दरोगा दौलतराम ने एंबुलेंस की मदद से इलाज को सीएचसी लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल के परिजनों को घटना की खबर कर दी गई।

# गेहूं कटाई के रूपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** थाना निगोही निवासी चौढेरा चौढ़ेरी निवासी राजीव सिंह ने थाना तिलहर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव ढकिय रघा निवासी और बिरसिंहपुर निवासी दो युवकों से कंबाइन से गेहूं व धन की कटाई के रुपए मांगने गए। घर पर दोनों लोगों ने गाली गलौज जान से मारने की दी धमकी दी। कंबाइन मालिक राजीव सिंह ने पुलिस तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। थाना प्रभारी क्राइम इंस्पेक्टर देवेंद्र यादव ने बताया घटना की पुलिस जांच कर रही है।

# जानबूझकर मारी टक्कर, घायल

**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** थाना क्षेत्र के गांव रक्सा निवासी संजीव कुमार सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते १ मार्च को वह अपने घर के फाटक पर बैठा था। कि गांव का पंडित उर्फ मोनू पुत्र वीरेंद्र तेज रफ्तार ट्रैक्टर चलाता हुआ आया और उसे देखकर जानबूझकर टक्कर मार दी। जिससे उसे गंभीर चोटे आई। ट्रैक्टर मालिक राकेश सिंह पुत्र सत्यपाल बैठा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# वीमार्ट में आयोजित की गई कला प्रतियोगिता

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बच्चो में कलात्मक द्रष्टिकोड विकसित करने हेतु वीमार्ट सदर बाजार में कला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमे नगर के विभिन्न हिस्सों से आये बच्चो ने प्रतिभाग किया। बच्चो ने विभिन्न विन्दुओं जैसे पर्यावरण बचाओ, धरती बचाओ, जल बचाओ, विभिन्न प्रकार के प्रदूषण तथा उनके दुष्प्रभाव आदि विन्दुओं पर चित्रकला बनाने को दी गयी। बच्चो ने उत्सुकता के साथ अपनी अपनी कला का प्रदर्शन कर वहां उपस्थति लोगो का मनमोह लिया। वीमार्ट के मैनेजर मोहित शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले हफ्ते बच्चो की डांसिंग प्रतियोगिता और फैशन शो आयोजित किया जाएगा। इच्छुक बच्चे अपना नाम सदर बाजार वी मार्ट में अभी से पंजिकृत करवा लें।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी खुटार, शाहजहांपुर

पत्रांक ९५ / ग्राम पंचायत/निविदा/२०२५-२६ — दिनांक- २१/५/२५

## निविदा आमंत्रण सूचना / कुटेशन

समस्त अधिकृत फर्मों/विक्रताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के अन्तर्गत विकास खंड खुटार, शाहजहांपुर की वितीय वर्ष २०२५-२६ की कार्य योजना अनुसार केंद्रीय वित्त राज्य वित्त / मनरेगा / एस० बी० एम० ( ठोस एवं तरल अपशिष्ठ प्रबंधन ) आर जी एस ए /आई सी डी एस के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायतों में निर्माण कराने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्तिकर्ता /ठेकेदारों से सीलबंद निविदाये २८ ०५.२०२५ तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर १२.०० बजे तक आर्मत्रित की जाती है जो दिनांक २९/०५/२०२५ को पूर्वान्हन ११.०० बजे को निविदा/ कुटेशन ग्राम पंचायत प्रधान / सचिव द्वारा फमों/विक्रेताओं के समक्ष खोली जायेंगी। विवरण निम्नवत है -

| क्रमांक | ५९ ग्राम पंचायत का नाम | कार्य योजना | प्राकलित सामग्री | अध्यक्ष/सचिव |
|---|---|---|---|---|
| १ | कैहमरिया मतलूवपुर, लक्ष्मीपुर, दिलीपपुर, मलिका, खमरिया गदियाना, - बिजौरिया, खण्डसार बिजौरा चॉदपुर, कोल्हूगाढा, हंसपुर, वढईपुर, प्रतापपुर, हरनाई सिउरा खुर्द कलां, हिटौटा, मुरादपुर, निविया खेडा, गुरगिया, सुजानपुर, टोडरपुर ता० खुटार, मोहनपुर, महुआ पिमई चमरा बोझी, रामपुर कलां, रौतपुर कला, नवाजपुर, अण्डहा, सौफरी, झापावोझी, कढैया, गढिया सरेली, अटकोना, सिल्हुआ, रूजहांकली. रसंवाकला, राठ, रूजहाखुर्द पिपरिया भगवन्त, महोलिया विरान, टाह खुर्द कला, पिपरिया विरसिंहपुर, नरौठा देवीदास, धनसिंहपुर, सहारू, लुक्टाह, भुजिया, कुईया, नवदिया मनकंठ, ढकना लहिया, रजमना, इटौआ, हरिहरपुर, लडती नवदिया, ओरीलाल, सराय बेला जादोपुर कलां, हर्रायपुर, नबदिया नवाजपुर, नवदिया दरौदरा, | अन्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय / आंगनवाडी केंद्र विद्यालय की मरम्मत एवं अन्य सामुदायिक भवन निर्माण/ मरम्मत / कायाकल्प पंचायत भवन निर्माण / मरम्मत चहारदीवारी मरम्मत / निर्माण, टाइल्स कार्य शौचालय मरम्मत / निर्माण दिव्यांग शौचालय निर्माण मरम्मत सामुदायिक भवन में रेनवाटर हार्वेस्टिंग, डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना कार्य, रोड पर इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, खडंजा आदि मरम्मत /निर्माण और नाला नाली निर्माण / मरम्मत ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य तालाब कुओं का जीर्णोद्वार/शोक पिट, खाद के गड्ढे, नाडेप, फल्टिर चेम्बर का निर्माण आदि. इण्डिया मार्का हैंडपंप रिबोर और मरम्मत, सामुदायिक शौचालय में सबमर्सिबल और जल सम्बंधित मरम्मत हह्युम पाइप / सेनीटाईजेसन कार्य / अन्य कार्य सफाई ठेली क्रय / मरम्मत, ई सफाई वाहन क्रय / ग्राम पंचायत में वाल पेंटिंग / प्रचार प्रसार कार्य/स्टेशनरी क्रय, सोलर स्ट्रीट लाइट, सी०सी०टी०बी० कैमरा की स्थापना / इन्सीनरेटर /सफाई किट, पाइप टोटी फोगिंग और सैनेटाईजिंग, स्प्रे मशीन, पंचायत भवन/स्कूल के लिए फर्नीचर इन्वर्टर और बैटरी और कंप्यूटर सामग्री और अन्य सामग्री आदि। आवश्यकतानुसार | प्रथम श्रेणी ईंट सीमेंट मोरग रोड़ी रेता( महीन मिलावा और मोटा मिलावा ). सरिया, बजर फुट, बिजली फिटिंग सामग्री और प्लंबिंग कार्य इंटरलॉकिंग इंट टाइल्स सेनेट्री सामग्री, दरवाजे खिडकी / चौखट ग्रिल मिटटी भराव कार्य, डिस्टेंपर वाइट सीमेंट प्राइमर, पेंट एम् एस एंगेल, वाल पेंटिंग, सबमर्सिबल और हैंडपंप स्थापना के लिए सामग्री और कार्य आदि प्लास्टिक पाइप, चैन जाली, हैंडपंप मशीन, हत्था, गिलास, टापा, और हैंडपंप की अन्य सामग्री तथा स्प्रे मशीन, पंचायत भवन हेतु इन्वर्टर बैट्री, कम्प्यूटर एवं कम्प्यूटर से सम्बन्धित अन्य सामग्री आदि, | प्रधान /सचिव |


**नियम और शर्ते-**

१-निविदादाता निविदा के साथ पैन नम्बर, जी एस टी नम्बर की छायाप्रति आवश्यक रूप से सलंग्न करे
२-समस्त सामग्री ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग / पी डब्लू डी के मानक के अनुसार आपूर्ति की जाएगी
३-निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी जिसका कोई भी भाडा या टैक्स देय नहीं होगा
४-किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**ब्लाक प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत खुटार-शाहजहांपुर**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**खुटार-शाहजहांपुर**

# आरटीआई से मांगी जानकारी, प्रधान ने बीच सड़क पर रायफल तानी



**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत)।** जिले से चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत गांव में हुए विकास कार्यों की जानकारी मांगना महंगा पड़ गया। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने आरटीआई डालने से नाराज होकर बीच सड़क पर रायफ्ल तान दी और जान से मारने की धमकी दी। घटना मदनापुर थाना क्षेत्र की है, जहाँ के निवासी राजीव सिंह ने आरटीआई के माध्यम से एक गांव में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी मांगी थी। इससे नाराज ग्राम प्रधान ने कथित रूप से उसे दुश्मन मान लिया। राजीव सिंह के अनुसार, २१ मई की शाम लगभग ५ बजे वह अपने रिश्तेदार की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए एक मैरिज लॉन जा रहा था। मदनापुर कस्बे तिराहे पर सामने से ग्राम प्रधान अपनी बोलेरो गाड़ी से आया और उसे टक्कर मारने की कोशिश की। इसके बाद प्रधान ने गाड़ी से उतरकर गाली-गलौज शुरू कर दी। राजीव सिंह जब आगे बढ़ा तो प्रधान ने पीछा करते हुए फ्रि से रास्ता रोका और रायफ्ल निकाल ली। आरोप है कि प्रधान ने उसे और उसके भाई को गोली मारने की धमकी दी और फायर करने की कोशिश की, लेकिन आसपास मौजूद लोगों के कारण बड़ी अनहोनी टल गई। राजीव ने बताया कि वह थाने तहरीर देने गया था, लेकिन उस समय इंस्पेक्टर गश्त पर थे। उसने थाने में तहरीर जमा कर दी थी। थाना प्रभारी विश्वजीत प्रताप सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि थाने में इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन मामला संज्ञान में आ गया है और जांच की जा रही है। सीओ सदर प्रयांक जैन ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## ईरिक्शा पलटने से एक युवक गंभीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बुधवार को ई रिक्शा पलट जाने से ई रिक्शा पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। राजकीय बीज भंडार एवं कृषि विभाग में तैनात गुरमुख ज्ञानी ई-रिक्शा से जा रहे थे। देर शाम ८ बजे भक्सी पूर्वी किराए पर ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और ई रिक्शा पर सवार गुरमुख ज्ञानी गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक के हल्की चोटें आई। गंभीर अवस्था में ई-रिक्शा पर सवार युवक को इलाज को सीएचसी लेकर पहुंचे उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# २६ मई से आयोजित होगा नि:शुल्क मधुमेह रोग निवारण शिविर : डॉ.अवधेश

**शाहजहांपुर।** योग विज्ञान संस्थान (पंजी.)दिल्ली की जिला इकाई द्वारा आयोजित नि:शुल्क मधुमेह रोग निवारण शिविर योग-प्रकृति सहचर्य-आहार-विहार पर आधारित .२६ मई,सोमवार से १जून,रविवार तक समय-प्रात:५.३०बजे से ७.००बजे स्थान-सीतापुर नेत्र चिकित्सालय योग साधनाकेन्द्रनिकट घंटाघर पर आयोजित होगा।डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि भारत में दिन प्रतिदिन बढ़ती मधुमेह रोगियों की संख्या चिन्तनीय है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक सर्वेक्षण के अनुसार जीवन शैली के रोगों (लाइफस्टाइल डिस्ऑर्डर) के कारण मरने वालों की संख्या कैंसर जैसी घातक बीमारियों से जान गवाने वाले लोगों से अधिक है।मधुमेह रोग से ज्यादा घातक इस बीमारी के दुष्प्रभाव हैं।यह रोग लगभग हमारे सभी महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करता है। औषधियों की अपनी सीमायें हैं। मधुमेह रोग निवारण में प्रकृति सहचर्य,आहार-विहार के साथ ही नियमित योगाभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका है। सात दिवसीय शिविर में आपको मधुमेह रोग निवारण में उपयोगी आसनों,प्राणायाम, ध्यान के अभ्यास के साथ ही आहार-विहार की भी जानकारी दी जायेगी।स्वस्थ शरीर और प्रसन्न मन ही समृद्धिशाली परिवार, समाज और राष्ट्र की आधारशिला है।प्रतिभागी दैनिक क्रियाओं से निवृत्त होकर सफेद वस्त्र पहनकर अपने साथ सफेद चादर,पतली दरी,जमीन पर बिछाने के लिए पालीथीन अवश्य लायें।अपनी रोग सम्बन्धित जांच रिपोर्ट साथ लायें।पंजीकरण फार्म २६ मई को ही शिविर में भरा जायेगा।

## सिंधौली में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** शौर्य साहस और सम्मान भारतीय सुरक्षाबलों के सफ्लतम सिंदूर ऑपरेशन के तहत आज ब्लॉक सिंधौली में भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान कस्बे में तिरंगा यात्रा समाजवादी पेट्रोल पंप से होते हुए ब्लाक परिसर में समापन हो गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह, बृज क्षेत्र के सोशल मीडिया प्रभारी रज्जन मिश्रा, मुकेश दीक्षित नि.सदस्य जिला पंचायत, मण्डल अध्यक्ष शुभाष श्रीवास्तव, अवनीश सिंह, सुरेन्द्र पाल सहित कार्यक्रम के आयोजक भाजयुमो जिला मंत्री जीवेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल ने किया सदस्यता अभियान का शुभारंभ



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम एवं महानगर महामंत्री अमित शर्मा के नेतृत्व में व्यापार मंडल सदस्यता अभियान २०२५ का शुभारंभ खिरनी बाग स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर संपन्न हुआ इस मौके पर सचिन बाथम ने बताया कि बहुत से ऐसे व्यापारी है जो व्यापार मंडल में शामिल होना चाहते हैं सदस्यता लेना चाहते हैं लेकिन जानकारी के अभाव में वह सदस्यता नहीं ले पा रहे हैं ऐसे व्यापारी अब आसानी से व्यापार मंडल की सदस्यता ले सकते हैं और महानगर के सबसे प्रमुख व्यापार मंडल में शामिल हो सकते हैं। जिसके लिए स्वर सहमति से *मो० इकबाल खान लकी एवं रेहान मिर्ज़ा को सदस्यता अभियान का प्रभारी नियुक्त किया गया है। निम्न प्रभारी से संपर्क करके आप आसानी से व्यापार मंडल की सदस्यता ले सकते हैं प्रभारीयो में लकी खान, रेहान मिर्ज़ा का नारायण दास अग्रवाल प्रदेश सयुक्त मंत्री एवं सुरेंद्र सिंह सेठ जिला महामंत्री ने दोनों पदाधिकारियो को माला पहनाकर स्वागत किया। महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने कहा कि हमारा व्यापार मंडल हमेशा हर व्यापारी के समस्या के समाधान के लिए तैयार रहता है। इस मौके पर मो०आसिफ,अजय गुप्ता वाहवुद्दीन,चांद,अजय गुप्ता,महेंद्र दुबे,राजू, नासिर, सोहेल, कामरान आदि प्रमुख व्यापारी शामिल हुए ।

# अहिल्याबाई होल्कर ने धर्म रक्षा के लिए काम किया: अल्पना

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** महानगर के संजय सरस्वती विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर, स्वामी धर्मानंद इंटर कॉलेज, बालिका इंटर कॉलेज में अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता परिणाम आने के बाद विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक और भाजपा नेता अल्पना श्रीवास्तव ने प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों से कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करती हैं। अहिल्याबाई होल्कर एक न्याय प्रिय महारानी थीं। उन्होंने समाज को एकता में पिरोने का जो काम किया वह वंदनीय है। छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए सदैव काम किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने उनके जीवन पर रोशनी डाली। इस दौरान भाजपा नेता भुवनेश गुप्ता, स्कूलों के प्रधानाचार्य और स्टाफ मौजूद रहा।

# १० मरीजों को पोषण पोटली की वितरित



**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद संस्था ने भावलखेड़ा ब्लॉक में जाकर १० मरीजों को पोषण पोटली वितरित की ज्ञात रहे उड़ान एक उम्मीद संस्था ने १० टी.बी के मरीजों को गोद लिया है- जिनको वह हर माह पोषण पोटली देती है- जिसमे मूँग की दाल,चना,मूँगफली,गूड़,बाजरा,प्रोटीन पाउडर वितरित करती है।साथ ही मरीज़ों को खाने पीने और समय से दवा लेने का निर्देश देती है।संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बताया कि उनके गोद लिये हुए सभी मरीज़ निरन्तर दवा ले रहे है जो उन्हें हमारी सरकार नि:शुल्क देती है और उनकी संस्था द्वारा दी जा रही पोषण पोटली के कारण मरीज़ बहुत बेहतर स्थिति में है उन्हें देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई।मरीज़ों को पोषण पोटली देने का संस्था का ये पांचवा माह है।हर माह संस्था भावलखेड़ा जाकर उन मरीज़ों से मिलती है उनको उचित जानकारी और पोषण पोटली देती है।संस्था लगातार समाज के हित में काम करती रहेगी।इस कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता के साथ मीडिया प्रभारी रश्मि गुप्ता का पूर्ण सहयोग रहा।

# अरीब खान अध्यक्ष,मोहम्मद कैफ को रेगुलर अध्यक्ष किया मनोनीत



**शाहजहांपुर।** कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अपने फ्रंटल संगठनों को मजबूत करने का सिलसिला शुरू कर दिया है, पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई की बैठक हुई छात्रों से भरे हॉल में अरीब खान को जीएफ कॉलेज सेल्फ फाइनेंस इकाई का अध्यक्ष,मोहम्मद कैफ को रेगुलर इकाई का अध्यक्ष मनोनीत कर फूल मालाओं से स्वागत किया। छात्रों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि एनएसयूआई कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है यदि आप मजबूत होंगे तो कांग्रेस स्वत: मजबूत हो जाएगी। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन ने कहा कि मौजूदा प्रदेश,केंद्र की भाजपा सरकारों ने छात्रों से सिर्फ खिलवाड़ किया है,झूठे सपने दिखा कर सरकार तो बना ली लेकिन छात्रहित में कोई कार्य नहीं किया। हर परीक्षा का पेपर लीक तो इस सरकार का पहला काम है। लेकिन छात्र ही इस सरकार को पलट कर रख देगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से कांग्रेस निर्तमान उपाध्यक्ष गायत्री प्रकाश अवस्थी,अल्प संख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी,रहीम खान, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद शाबान, मोहम्मद जैन,तस्दीक अंसारी, मोहम्मद अनस, साकिब खान,परवेज अहमद, शमशीर,रहबर खान,फरहान अहमद,फैजान,कामरान,आसिफ,फैज असलम आदि बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# महिलाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली




**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानो का सफाया करने के बाद सेना की सफ्लता से उत्साहित महिलाओं ने सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान को लेकर शाहजीपुर ग्रामीण मंडल में पुवायां नगर में हर्षी अग्रवाल के नेतृत्व में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल से हुई। नगर की कई गलियों में महिलाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान महिलाओं ने भारत माता की जय और जय हिंद की सेना के नारे लगाए। इस दौरान सुरेखा, अर्षी खान, कीर्ति रायजादा, दीप्ति सक्सेना, दीपिका गुप्ता, पूनम गुप्ता, कविता सिंह, अनम खान, अंकिता मिश्रा, उन्नति सिंह आदि महिलायें तिरंगा यात्रा में मौजूद रही।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में समर कैंप मजा ले रहे बच्चे

**शाहजहांपुर।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप में दूसरे दिन बच्चों ने अपनी गतिविधियों के अगले चरण में प्रवेश किया। कक्षा केजी के बच्चों ने फिजिकल फिटनेस में शिक्षिका नीलू तथा एकता के द्वारा नियम सीखे। ओल्ड गेम्स गतिविधि के अंतर्गत (पिट्ठू गरम, पोशांपा भाई पोशांपा) आदि खेलों को सीखने में आनंद लिया। फन जोन गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के खेल सिखाए गए। शीबा खान, प्रीति गुप्ता, के निर्देशन में बच्चों ने फायर लेस कुकिंग गतिविधि के अंतर्गत मुनैको सैंडविच तथा रोल बनाना सीखे। शिक्षक - शिक्षिकाओं प्रसून, गोविंद, अतुल ,शिवम, राहुल, प्रियंका, रुनझुन, रिशा के निर्देशन में बच्चों ने तीरंदाजी, ताइक्वांडो, वालीबाल, क्रिकेट के नियम सीखे। इस प्रकार विद्यालय के समर कैंप के दूसरे दिवस भी बच्चों तथा शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ सभी क्रियाकलापों के अगले चरण को पूर्ण किया। अंत में प्रबंध समिति तथा उप - प्रधानाचार्य के सी जोशी जी द्वारा सभी गतिविधियों का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों के कार्य की सराहना की गई।

# प्रशिक्षण एक बेहतर नागरिक बनने में करेगा मदद : डा.अनुराग

## एसएस कालेज में एनसीसी कैडेट्स को फेयरवेल पार्टी का आयोजन



**शाहजहांपुर।** एसएस कालेज में एनसीसी कैडेट्स के लिए एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन कैडेट्स को विदाई देना था जिन्होंने एनसीसी में अपना योगदान देते हुए अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के गुणों को अपनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद जूनियर कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, गायन और भाषण शामिल थे। विदाई ले रहे कैडेट्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए एनसीसी के प्रशिक्षण, कैंप और उपलब्धियों को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में २५ यूपी बटालियन एनसीसी से पधारे एन सीओ राघवेन्द्र यादव ने कैडेट्स को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा, ॳएनसीसी का अनुशासन और सेवा का भाव जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है।ॳ कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो श अनुराग अग्रवाल ने सी सर्टिफिकेट पास कर चुके कैडेट्स को आशीर्वाद देते हुए कहा की जीवन के प्रत्येक मो ? पर एनसीसी कोर्स के दौरान दिए गए प्रशिक्षण उन्हें एक बेहतर नागरिक के रूप में निखरे में मदद करेगा। इस कार्यक्रम में मिस्टर और मिसेस फेयरवेल के रूप में कैडेट कनक और उत्कर्ष को महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ आलोक कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। कैडेट आशुतोष सिंह और दीर्घा के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में प्रो श हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, प्रोश एस पी डाबरल, चंद्रभान त्रिपाठी, कैडेट कुलदीप, वीर सिंह यादव, आशु चौहान, सुलोचना सहित नब्बे कैडेट उपस्थित रहें।

# आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने बीएसए को दिया ज्ञापन



**शाहजहांपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक,शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल संगठन के जिलाध्यक्ष एवं कार्यवाहक प्रान्तीय महामंत्री यदुवीर सिंह यादव के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेन्द्र कुमार मौर्य से मिलकर उन्हें तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जिसमे कहा गया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश को दृष्टिगत रखते हुए महिलाओं की ड्यूटी ऐच्छिक रूप से लगाई जाए।पुरुष शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों की ड्यूटी उनके निवास स्थान के निकटतम विद्यालय में लगाई जाए।एम.डी.एम. तथा न्यूट्रिशन वितरण की स्थिति को स्पष्ट किया जाए। उक्त सभी बिदुओं पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विस्तार से चर्चा हुई उन्होंने शिष्ट मण्डल को आस्वस्त किया कि महिलाओं की डियूटी उनकी स्वेच्छा से ही लगाई जाएगी किसी महिला को डियूटी के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा और पुरुष शिक्षा मित्रों को हमने मौखिक रूप से पहले ही सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया था कि किसी शिक्षा मित्र को दूरस्थ विद्यालय में न लगाया जाए फिर भी यदि किसी को असुविधा हो रही हो तो संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी को अपना प्रत्यावेदन दे सकते हैं, न्यूटिसियन और एम. डी. एम. वितरण की सारी जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यक की रहेगी शासन की यह प्रदेश व्यापी व्यवस्था है इस लिए इसे सफल बनाने का सारा दायित्व हमारा और आपका है, आप लोग निश्चिन्त होकर कार्य करें किसी का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। शिष्टमण्डल में मुख्य रूप से जिला महामंत्री श्रीमती संतोष शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा,अनुज तिवारी,श्याम कुमार कठेरिया,सर्वेश कुमार गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# तालाबों के १० वर्षीय पटटे आवंटन कराने की मांग

## पट्टा अवधि १० वर्ष होने सेमत्स्य कृषकों को संजीवनी : अभिनव



**शाहजहांपुर।** सहकार भारती के प्रदेश संयोजक अभिनव कश्यप व भारतीय कश्यप स्वाभिमान सगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कश्यप के नेतृत्व में मत्स्य पालन पट्टा अवधि १० वर्ष रखी जाने की मांग को मुख्यमंत्री को संबोधित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया।

प्रदेश में मुख्यमंत्री द्वारा मत्स्य कृषक, मत्स्य जीवी सहकारी समितियां एवं मछुआ समुदाय की आय में वृद्धि कर उनकी शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक जोखिम में सुरक्षा प्रदान की जा रही है। अभी हाल ही में कुछ पचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गांव में तालाबों को ३ से ५ वर्ष के लिए पटटे पर दिए जाने के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मत्स्य कृषक, मत्स्य जीवी सहकारी समितियों एव मछुआ समुदाय में भय एवं रोष व्याप्त है। क्योंकि ९०त्न मछुआ समुदाय का ग्रामीण गरीब निर्धन समाज ही मत्स्य सहकारी समितियां में तथा मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़ा हुआ है, ग्राम समाज के तालाबों के १० वर्षीय पटटे आवंटन कराकर अपना जीवन यापन करते हैं। उत्तर प्रदेश में तालाब पट्टा आवंटन प्रक्रिया में पट्टा फॉर्म ही मिलने में ६ माह का समय लग जाता है। उसके उपरांत तालाब निर्माण / सुधार कार्य, पानी की व्यवस्था कर मत्स्य पालन योग्य बनाकर मत्स्य वीज भी डालने तक ६ माह का समय लग जाता है। मत्स्य बीज को बड़ा होने में भी ८ माह से १२ माह का समय लग जाता है। यदि तालाबों की पट्टा अवधि ३ से ५ वर्ष होगी तो प्रधानमन्त्री मत्स्या सम्पदा योजना का कोई लाभ प्राप्त नहीं कर सकेगा, क्रेडिट कार्ड, क्रेडिट किसान लोन भी बैंक से मिल पाना असभव हो जाएगा उपरोक्त लाभ प्राप्त करने हेतु पट्टा अवधि का समय ५ वर्ष होना चाहिए। इस स्थिति में गांव के मत्स्य कृषक इस व्यवसाय को छोड़कर गांव से पलायन कर दूसरे राज्य में मेहनत मजदूरी करने को बाध्य होगे । आज परपरागत मछुआ समुदाय के बच्चे इस व्यवसाय से दूर होते जा रहे हैं, इस कारण मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के मत्स्यपालक सदस्य शैक्षिक सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़ रहे हैं। इसलिए गांव के अधिकतर तालाबों पर अवैध कब्जे कर उनके स्वरूप को बदलने का की कुप्रयास निरंतर चल रहा है। जिससे पर्यावरण संतुलन को खतरा बढ़ रहा है वर्तमान एवं भविष्य की बढ़ती जनसंख्या के घटते जलापूर्ति तथा कृषि उत्पादन दर में प्रतिकूल प्रभाव एवं ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ रहा है। आज जल स्त्रोत पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए इन प्राकृतिक धरोहर के रूप में तालाबों, जलाश्य, झीलों, जलमग्न भूमि को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना सबसे बड़ी समस्या है। जबकि २५ जुलाई २०२१ को सुप्रीम कोर्ट का सख्त एवं स्पष्ट आदेश किया गया था। मत्स्य कृषक एव मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के मछुआ समुदायों के सदस्यों की सहभागिता बनी रहे, उक्त बयान पर अपना ध्यान आकर्षित करते हुए पूर्व की भांति पट्टा अवधि १० वर्ष रहने का संशोधन कर मत्स्य कृषकों को संजीवनी प्रदान करने की मांग रखी गई। इस मौके पर अभिनव कश्यप राजेश कश्यप शिवनंदन सागर, मदन, शशांक शेखर सक्सेना एडवोकेट, हरि सिंह नेगी लाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# जेठ की गर्मी में पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण


## सात गांव के लोग देख रहे हैं पानी की राह



**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत)।** विकास खंड तिलहर की ग्राम पंचायत फ्तेहपुर बुजुर्ग के गांव फ्तेहपुर गैसरा में कार्यदायी संस्था द्वारा हर घर जल हर घर नल की योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य काया जा जहां है। १८ माह से बहां पर किसी प्रकार का काम नहीं हुआ है। टंकी का बड़ा सा गड्ढा खोद दिया है बह किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। कार्यदायी संस्था केंद्र सरकार की पेयजल योजना को ठेंगा दिखा रही है। गांव के लोगों ने बताया को गांव में किसी भी प्रकार का अधिकारी जल विभाग से नहीं आता है। पानी की टंकी सफेद हाथी की तरह नजर आ रही है। सरकार के करोड़ों रूपय बर्बाद होते जा रहे परंतु प्यासे तक पानी नहीं पहुंच रहा है। फ्तेहपुर गैसरा की टंकी के माध्यम से सात गांव दियाखेड़ा, रजाकपूर, फ्तेहपुर बुजुर्ग, बंधा, फाजिलपुर एवं टाई को जोड़ा गया है। किसी भी गांव में अभी तक पाइप लाइन पूर्ण रुप से बिछी नहीं। आधे अधूरे पानी कनेक्शन कर दिए गए। जिसके नीले रंग के पाइप ऊपर ही पड़े है। ऐसा प्रतीत होता की पाइप कह रहे हो कि एक बार हमको भी शीतल जल पीला दो। गैसरा टंकी के सामने ऊपर ही पाइप निकला पड़ा। बह हादसे को दावत दे रहा। ऐसा हाल सिर्फ फ्तेहपुर गैसरा का ही नहीं बल्कि ब्लॉक के अधिकार गांव का है। अब देखते कब तक यहां गांव के नल में पानी पहुंचेगा जिसे प्यासे की प्यास बुझेगी। केंद्र सरकार की पेयजल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।





# समर कैंपों में दूसरे दिन बढ़ी बच्चों की संख्या





- खमरिया में बीईओ ने किया सघन निरीक्षण, किड न देख विफरे
- बच्चों को सिखाए गए खेल, योग व विषयगत गुर

स्वतंत्र भारत

**खमरिया-खीरी।** ईसानगर क्षेत्र में बेसिक के 66 स्कूलों में चल रहा समर कैंपों को लेकर ग्रामीणों की भी रुचि बढ़ने लगी है, गुरूवार को दूसरे दिन बच्चों की जहां संख्या में इजाफा हुआ है। वही केंद्र में हो रही गतिविधियों को देखने के लिए कुछ जगह अभिभावक भी पहुचे। इस दौरान बीईओ ने भी कैंपों का निरीक्षण कर शिक्षा मित्रों की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज अध्यापकों को कड़े निर्देश देते हुए गणित, विज्ञान व खेल किड केंद्र संचालक को तत्काल प्रभाव से उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है।

ईसानगर क्षेत्र में चल रहे समर कैंपो के दूसरे दिन बच्चो की संख्या में इजाफा हुआ है। बच्चे कैंप में शामिल हो खेल, गतिविधियों के माध्यम से गणित, हिंदी, विज्ञान विषयों के साथ अन्य विषयों पर चर्चा कर बारीकी से सीखने में रुचि ले रहे है। वही इस दौरान बीईओ अखिलानंद राय ने कई केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें अधिकांश केंद्रों पर उन्हें खेल, गणित व विज्ञान की किड दिखाई नही पड़ी।पूछताछ से पता चला कि इंचार्ज व हेड अध्यापकों द्वारा ही समर कैंप में किड़े उपलब्ध नही करवाई गई है। जिसको गंभीरता से लेते हुए उन्होंने समस्त हेड व इंचार्ज अध्यापकों को शख्त निर्देश देते हुए खेल, गणित व विज्ञान की किड तत्काल प्रभाव से केंद्र संचालक शिक्षामित्र व अनुदेशकों को उपलब्ध करवाने के लिए निर्देश दिए है।

**संसारपुर बांकेगंज।** ब्लाक क्षेत्र बांकेगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालयों, संविलयन विद्यालयों में खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार की देखरेख में समर कैम्प का हुआ आयोजन, समर कैम्प के दूसरे दिन बच्चों को व्यायाम, योगा, कराया गया, बच्चों को खेल भी खिलाया गया, ब्लाक क्षेत्र के कुल 60 उच्च प्राथमिक विद्यालयध्संविलयन विद्यालयों में शिक्षकों ने बच्चों को व्यायाम व योगासन कराया।उच्च प्राथमिक विद्यालय संसारपुर में समर कैम्प के दूसरे दिन बच्चों को व्यायाम व योगासन कराया गया उसके उपरांत बच्चों को खो खो फुटबॉल खेल खिलाया गया, बच्चों को नाश्ता भी कराया गया, इस दौरान बालिका शिक्षा से राजपाल सिंह ने भी बच्चों को योगा से होने वाले लाभ पर विस्तार से जानकारी दी। क्षेत्र के संविलयन विद्यालय भरिगंवा, मुरादपुर, हरिहरपुर, आदि विद्यालयों में भी समर कैम्प में बच्चों को व्यायाम व योगासन कराया गया समर कैम्प में विषेश शिक्षक सूरजपाल, शिक्षामित्र रामनरेश, मधुवाला गुप्ता, राजवीर सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

**बिजुआ खीरी।** विकास खण्ड बिजुआ के जिला पंचायत इंटर कॉलेज बिजुआ में चल रहे समर कैंप में बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। कैंप में 108 बच्चे विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। इसके बाद बच्चों ने योग और व्यायाम किया। कैंप में योगाभ्यास, गीत-संगीत, मेंहदी, रंगोली, निबंध और चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां कराई जा रही हैं। खेलकूद में खो-खो और फुटबॉल का आयोजन किया गया। शिक्षक और विषय विशेषज्ञों की टीम बच्चों का मार्गदर्शन कर रही है। व्यायाम शिक्षक अनुज शर्मा, हरि ओम शुक्ल, नरेन्द्र कुमार वाजपेई और आशुतोष शुक्ल कैंप में मौजूद रहे। शिक्षिकाओं में शांति देवी, कुमारी प्रियंका मिश्रा और कुमारी अपूर्वा मिश्रा ने बच्चों को सिखाया। प्रधानाचार्य सतेंद्र कुमार मिश्र ने भी कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

## अव्यवस्थाओं के बीच चल रहा समर कैम्प

धौरहरा खीरी। धौरहरा क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में शुरु हुआ समर कैम्प अव्यवस्थाओं की भेंट चढ गया। कुछ स्कूलों को छोड़कर अधिकतर स्कूलों में समर कैम्प चलाने वाले शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को इंचार्ज प्रधानाध्यापकों द्वारा समर कैम्प के लिए आवश्यक वस्तुएं ही उपलब्ध नहीं करवाई गई। जिससे अधिकतर शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार से शासन के आदेश से परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुए समर कैम्प में पूर्व में न की गई तैयारियों का खामियाजा शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को भुगतना पड़ा। विद्यालय पहुंचने पर न तो उनको छात्र मिल रहे हैं और न ही अधिकतर विद्यालय में कैंम्प संचालित करने के लिए किसी भी प्रकार की सामग्री मौजूद मिल रही है। गुरुवार को धौरहरा क्षेत्र के संविलयन विद्यालय अवस्थी पुरवा में शिक्षामित्र बच्चों के साथ बैठे मिले उन्होने बताया कि स्कूल में मौजूद विज्ञान किट, गणित किट व खेल किट ताले में बन्द है स्कूल का डिजिटल कक्ष भी बन्द है किसी प्रकार समर कैम्प में आने वाले बच्चों को सप्लीमेंट्री की व्यवस्था की जा रही है। पहले से पीटीएम की बैठक न होने के कारण बच्चों व उनके अभिभावकों को जानकारी ही नहीं है। संविलयन विद्यालय ढखिनिया में सभी खेल किट बन्द है अनुदेशक ने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने कमरे की चाभी भेजी है चाभी मिलने के बाद सभी किटे बच्चो को उपलब्ध करवा दी जाएंगी। उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलाहार में मौजूद शिक्षामित्र ने बताया कि कि खेल किट व गणित विज्ञान किट मौजूद है पहले से जागरुकता न फैलाने के चलते परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। उच्च प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर परसा में मौजूद शिक्षामित्र समर कैम्प का संचालन सुचारु रुप से करवा रहें है गांव में प्रचार प्रसार न होने से उन्हे भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि क्षेत्रीय अधिकारी सब चाक चैबंद होने का दावा कर रहे हैं।जबकि जानकारी न होने के चलते अधिकतर बच्चे समर कैंप का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

## विदाई समारोह आयोजित




स्वतंत्र भारत

**पसगवां।** चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भौनापुर में विदाई समारोह के अवसर पर विद्यालय के आदरणीय प्रबन्धक श्रीमान सुरजनलाल वर्मा जी, प्रधानाचार्य श्रीमान मनोज वर्मा जी व श्रीमान अखिलेश त्रिवेदी जी के द्वारा सभी आचार्य बंधुओं व कर्मचारियों को अनेकों उपहार व वेतन देकर ग्रीष्मावकाश की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य जी ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को प्रातः 6 बजे विद्यालय आने को कहा तथा सभी आचार्य बंधुओं को प्रसन्न होकर विदाई दी आज विदाई समारोह के इस अवसर पर समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

## जल निगम ग्रामीण लखीमपुर में वर्षों से जमे अफसर

- सरकार के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर जनपद के जल निगम ग्रामीण विभाग में वर्षों से जमे अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। जबकि प्रदेश सरकार की स्पष्ट गाइडलाइन है कि किसी भी कर्मचारी या अधिकारी को तीन वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने के बाद गैर जनपद स्थानांतरित किया जाना चाहिए, लेकिन जल निगम में यह नियम लागू होते नहीं दिख रहा।

सूत्रों के अनुसार, जल निगम ग्रामीण में तैनात कई अधिकारी और कर्मचारी 10 से 15 वर्षों से एक ही जनपद में डटे हुए हैं। किसी ने 10 साल तो किसी ने 12, या 14 साल इसी जिले में तैनात है। इतना ही नहीं, कुछ अधिकारियों का प्रमोशन होने के



बाद भी उन्हें लखीमपुर में ही नए पद की जिम्मेदारी सौंप दी गई, जिससे स्थानांतरण नीति की गंभीर अनदेखी हो रही है। स्थानीय कर्मचारियों में चर्चा है कि विभाग में ऊपरी स्तर पर बैठे कुछ अफसरों के संरक्षण में ये स्थानांतरण रोके गए हैं। इस ÷स्थायी तैनाती÷ को लेकर यह भी सवाल उठने लगे हैं कि आखिर जल निगम जैसे महत्वपूर्ण विभाग में कुछ अधिकारियों पर इतनी मेहरबानी क्यों? यह स्थिति न सिर्फ सरकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि विभागीय पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है। आम जनता यह जानना चाहती है कि शासन की स्थानांतरण नीति केवल कागजों तक ही सीमित है। या फिर कुछ अधिकारियों के लिए विशेष छूट का माध्यम बन गई है।अब देखना यह होगा कि शासन इस गंभीर मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई करता है या फिर वर्षों से जमे इन अधिकारियों का ÷स्थायी ठिकाना÷ यूं ही बना रहेगा। क्या विभागीय मेहरबानी के पीछे कोई राजनीतिक संरक्षण है? जवाब मांग रहा है लखीमपुर।

## वन विभाग की पाबंदी से ग्रामीण परेशान

**लखीमपुर खारी।** ग्राम पंचायत पल्हनापुर मजरा वनटके ग्रामीणों ने वन विभाग की सख्ती को लेकर जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि योगियों के परंपरागत आवागमन और जीविकोपार्जन पर वन विभाग द्वारा रोक लगाई जा रही है, जिससे वे बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पल्हनापुर मजरा वनटांगिया के निवासी वर्षों से जंगल के रास्ते आना-जाना करते रहे हैं, लेकिन अब उन्हें रोका जा रहा है। यही नहीं, वनटांगियों द्वारा कपड़े, चूड़ियां, सिंगार का सामान, फल बेचने आने वालों को भी विभाग परेशान कर रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि वनटांगियों के आवागमन के लिए निर्धारित दिन तय किए जाएं।

## साईं मंदिर से युवक की बाइक गायब

**बिजुआ खीरी** (स्वतंत्र भारत)। लखीमपुर खीरी के भीरा थाना क्षेत्र में एक बाइक चोरी का मामला सामने आया है। भानपुर गांव के रहने वाले हर्षल कुमार की बाइक बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 2 बजे साई मंदिर से चोरी हो गई। हर्षल कुमार काशी राम के पुत्र हैं और वर्तमान में भानपुर में रहते हैं। घटना आज दोपहर की है। हर्षल अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक (नंबर यूपी 31 बीएक्स 6729) से बोझवा स्थित साई मंदिर दर्शन करने गए थे। दोपहर करीब दो बजे जब वह वापस आए, तो उनकी बाइक गायब थी। हर्षल ने आसपास के क्षेत्र में बाइक की तलाश की। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने भीरा थाने में बाइक चोरी की शिकायती तहरीर पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बिजली विभाग का भ्रष्टाचार**

## डंपर ड्राइवर की लापरवाही से टूटा बिजली का खंभा

**खीरी टाउन-खीरी।** टाउन खीरी के रास्ते में 18 चक्का डंपर वहां वाहन भरते समय खंभे से लग गया जिससे कि खंभा टूट गया पूरा मामला है खीरी टाउन पावर हाऊस का जहा पावर हाउस पर तैनात बिजली विभाग के कर्मचारी ने ड्राइवर से 23 हजार रुपए ऑनलाइन ले लिए जब की मात्र एक खंभा टूटा था एक खंभे के एवज में ले लिए गए पीड़ित ड्राइवर से 23000 रुपये और और इतना ही नहीं पावर हाउस के जेई द्वारा पीड़ित ट्रक ड्राइवर के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया आखिरकार जब पीड़ित ने दे दिए थे 23 हजार तो क्यों दर्ज करा दिया गया मुकदमा पावर हाउस में तैनात एक बिजली विभाग के कर्मचारी ने पर्सनल स्कैनर पर भी डलवाए गए रुपए पीड़ित ड्राइवर से कुछ पैसे पीड़ित ड्राइवर के पास सभी साक्ष्य मौजूद पूरे मामले को लेकर पीड़ित बहुत ही जल्द बिजली विभाग के उच्च अधिकारियो से व डीएम से साक्ष्यो सहित प्रार्थना पत्र लेकर लगा सकता है न्याय की गुहार ध् जेई जब बात की गई तो उन्होंने पैसे की बात स्वीकार की उन्होंने कहा जब खंभा टूटा है तो पैसे देने ही पडेगे अब देखना यह है कि क्या कार्रवाई होती है।

## युवक का शव बरामद

**मितौली खीरी (स्वतंत्र भारत)।** गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे मितौली थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी मढिया बाजार के पास साईकिल रिपेयरिंग की दुकान(लकड़ी के खोखे) के आगे एक युवक का शव ग्रामीणों द्वारा देखा गया जिसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने काफी देर तक युवक के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मढिया बाजार चैकी प्रभारी लल्लन सिंह ने बताया कि दोपहर बाद युवक की शिनाख्त राजू अवस्थी पुत्र हरिवंश अवस्थी उम्र 27 ग्राम तिहार थाना इमलिया सुल्तानपुर जनपद सीतापुर। हाल पता मोहल्ला सुभाष नगर देवकली रोड खीरी के रूप में हुई। बताते युवक का परिवार इन दिनों लखीमपुर में रह रहा है। मौत की वजह जानने के लिए युवक के शव का पीएम कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया युवक मानसिक रूप से विछिप्त लग रहा था। दो-तीन दिनों से बाजार के आसपास घूम रहा था।

## आनंद पटेल बनें सलोवा के राष्ट्रीय सचिव

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के फतेहपुर सैंधरी निवासी आनंद पटेल को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की स्वीकृति पर लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बनने पर जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व सदस्य विधान परिषद शशांक यादव, पूर्व विधायकगण विनय तिवारी, राम सरन व सुनील लाला समेत लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष यश मोहन पटेल, छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष उमेश गिरी, यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने हर्ष जताया।



## पुनर्विकसित हुआ मैलानी रेलवे स्टेशन



स्वतंत्र भारत

**मैलानी-खीरी।** मैलानी में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा राजस्थान के बीकानेर से वर्चुअल उद्घाटन किया गया और विधान परिषद के सदस्य अनूप गुप्ता के द्वारा मैलानी स्टेशन का उद्घाटन किया गया, उनके साथ पूर्व जिलाध्यक्ष उमा शंकर मिश्रा भी थे। मैलानी स्टेशन का अमृत स्टेशन योजना के तहत 08.15 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया गया है।मैलानी स्टेशन पर बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार बनाया गया है, इसके अतिरिक्त यात्रियों के लिए उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय, वातानुकूलित रिटायरिंग रूम, महिला एवं पुरुषो के लिए कामन प्रतीक्षालय और वी.आई.पी लाउंज का प्रावधान किया गया है।

स्टेशन परिसर में पीने का ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर, खान-पान के लिए फूड स्टाल तथा रेल यात्रियों को बिना परेशानी से टिकट उपलब्ध कराने हेतु आरक्षित व अनारक्षित टिकट खिड़की, ए.टी.वी.एम की सुविधा भी दी गयी है।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी सुरेश कुमार (इलेक्ट्रिक) गोरखपुर, अश्वनी कुमार तिवारी (इंजीनियरिंग) लखनऊ के साथ सुश्री रितिक (कमर्शियल) लखनऊ और मो.आरिफ (सिग्नल टेलीकॉम) सीतापुर से और मैलानी रेलवे स्वास्थ्य विभाग के डॉ सौरभ पांडे और फार्मासिस्ट बत्ती लाल मीणा मौजूद रहे सुरक्षा की जिम्मेदारी मैलानी आर.पी.एफ पोस्ट इंचार्ज विरेन्द्र कुमार और मैलानी एसओ निराला तिवारी ने मय फोर्स सम्भाली।

## विभिन्न यजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिली नगर पंचायत अध्यक्षा



**मैलानी-खीरी।** मैलानी नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी, समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी और उनके पुत्र मान माहेश्वरी विभिन्न योजनाओं को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। यह मुलाकात उनके आवास कालिदास मार्ग लखनऊ में की गई।जिसमें नगर पंचायत अध्यक्षा द्वारा सर्व प्रथम मडहा बाबा स्थान पर पुनः आवागमन शुरू करने की अपील की गई।उसके बाद मैलानी के सौंदर्यीकरण हेतु 2.0 अमृत योजना के अन्तर्गत सीवर सेज ट्रीटमेंट, पेय जल योजना, नगर में डिग्री कालेज, स्टेडियम निर्माण, रोडवेज बस स्टैंड और मैलानी नगर के सीमा विस्तारण हेतु चकबंदी विभाग द्वारा सुआबोझ से वन विभाग से जमीन अधिग्रहण हेतु विशेष रूप से चर्चा की गई, इसके साथ ही सुआबोझ के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।इस पर माननीय मुख्य मंत्री के द्वारा नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी को आश्वासन दिया कि मैलानी नगर के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## आज से शुरू होगा संकीर्तन कार्यक्रम

**बिजुआ खीरी।** वसलीपुर ग्रंट की बंगाली कॉलोनी में आज से महानाम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम लगातार 72 घंटे तक चलेगा। इसकी तैयारियों के लिए राधा कृष्ण मंदिर में रंग-रोगन का काम चल रहा है। महोत्सव का शुभारंभ आज शाम 8 बजे दीप प्रज्वलन और अधिवास कार्यक्रम से होगा। 24 से 27 मई तक प्रतिदिन सुबह 5रू30 बजे से अखंड महानाम संकीर्तन होगा। समापन 27 मई को ब्रह्म मुहूर्त में होगा। कार्यक्रम में कानपुर से श्री गोपी किशन संप्रदाय, नई दिल्ली से श्री रामसंघ संप्रदाय, उड़ीसा के मलखन गिरी से श्री जय जगन्नाथ संप्रदाय, छत्तीसगढ़ से श्री राधारानी संप्रदाय और उत्तराखंड के रुद्रपुर से श्री श्री गोपाल संप्रदाय की कीर्तन मंडलियां शामिल होंगी।

# खबर एक नजर

## हरे पेड़ काटने की रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली अंतर्गत वादी अफसर खां पुत्र वसीम खां नि0 मो0 देवीस्थान कस्बा व थाना मोहम्मदी जिला खीरी का निवासी है।वादी की भूमि सं0 153ध्1.275 हे0 स्थित कस्बा मोहम्मदी जेड0ए0 परगना व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी मे है वादी ने अपने खेत मे केला की फसल लगाई गयी थी घटना दिनांक 18.05.2025 सुबह लगभग 10 बजे की है, विपक्षीगण आसिफ अली, वासिफ अली व सारिक अली पुत्रगण मोहम्मद अली निवासी मो0 देवीस्थान कस्बा मोहम्मदी थाना मोहम्मदी जिला खीरी व उनका भांजा निदाल अली पुत्र मुजाहिद अली नि0 मो0 सरैया कस्बा व थाना मोहम्मदी के साथ मे घटना स्थल पर आकर वादी द्वारा लगाये लगभग 150 पेड़ अवैध ढंग से काट डाले, वादी को घटना की सूचना मिलने पर वह घटना स्थल पर आया, वहां पर पहले से ही मौजूद उपरोक्त व्यक्तियों से पेड़ काटने की बात पूछने पर वह लोग एकराय होकर गाली गलौज करने लगे, तथा विपक्षीगण जान से मार डालने की धमकी देकर चले गये। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 365ध्25 धारा 324(2)ध्352ध्351(3) इदे बनाम 1.आसिफ अली, 2.वासिफ अली 3.रू सारिक अली पुत्रगण मोहम्मद अली निवासी मो0 देवीस्थान कस्बा मोहम्मदी थाना मोहम्मदी जिला खीरी 4. निदाल अली पुत्र मुजाहिद अली नि0 मो0 सरैया कस्बा व थाना मोहम्मदी खीरी के विरुद्ध पंजीकृत कर विवेचना उप निरीक्षक बाबूराम थाना मोहम्मदी खीरी को सुपुर्द की गयी है

## विद्या निकेतन का छात्र इसरो में वैज्ञानिक पद पर चयनित

**गोला गोकरननाथ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** स्थानीय विद्यालय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज के छात्र सुशान्त सिंह ने इसरो द्वारा आयोजित वैज्ञानिक भर्ती परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्होने 21 अप्रैल को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, तिरुवनंतपुरम में पद भार ग्रहण किया है। मेधावी छात्र सुशान्त सिंह कक्षा 9 से इण्टरमीडिएट तक वि0कुँ0स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ के नियमित छात्र रहें हैं। इन्होने हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2016 में 93.8ः अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके पश्चात् इन्होने वर्ष 2021 में बी0एस0सी0 दिल्ली यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण कर वर्ष 2023 में आई0आई0टी0 बॉम्बे से केमिस्ट्री में एम0एस0सी0 की उपाधि प्राप्त की।



ज्ञात हो कि सुशान्त सिंह संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भू वैज्ञानिक परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं एवं इनकी बहन भावना सिंह जो की इसी विद्यालय की छात्रा रहीं है सहायक अनुभाग अधिकारी पद पर, केन्द्रीय सचिवालय में कार्यरत हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि के सुशान्त सिंह के पिता गिरेन्द्र पाल सिंह राठौर ग्राम मोहरैना-सिसनौर में कृषक एवं माता श्रीमती मंजू सिंह शिक्षा मित्र हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने इस गौरवशाली उपलब्धि पर छात्र को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## गन्ने की फसल को बर्बाद करने के लिए दबंगों ने खेत मे डाल दी दवाई, मुकदमा हुआ दर्ज

**खमरिया खीरी (स्वतंत्र भारत)।** खमरिया क्षेत्र में पहली बार चार बीघा खेत मे लहलहा रही गन्ने की फसल को बर्बाद करने के लिए दवाई छिड़कने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी जानकारी होते ही पीड़ित किसान ने तीन लोगों पर मुकदमा पंजीकृत करवाकर बताया कि जमीनी रंजिश में यह कृत्य किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांचोपरांत कार्रवाई करने का अस्वासन दिया है। खमरिया थाना क्षेत्र के महरिया गांव के मजरा चमारनपुरवा निवासी रमेश पुत्र सोबरनदास के खेत मे लहलहा रही चार बीघा गन्ने की फसल को रंजिशन बर्बाद करने के लिए तीन लोगों ने दवाई का प्रयोग किया है। खेत मे दवाई छिड़कने के बाद से ही गन्ने की हरी भरी फसल सूख गई। जिसको लेकर पीड़ित किसान रमेश ने खमरिया थाने में लखाई पुत्र छोटेदास, सूरज पुत्र लखाई व राजकुमार पुत्र अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाकर बताया कि इन लोगों ने जमीनी रंजिश में यह कृत्य किया है। साथ ही बताया कि मामले की जानकारी उसने जैसे ही पुलिस को दी तो तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## शातिर अपराधी तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**खमरिया-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** ईसानगर थाना क्षेत्र के पूरब बेंती गांव के शातिर अपराधी को तमंचा कारतूस के साथ प्रभारी निरीक्षक ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद जेल भिजवा दिया। पुलिस को इसकी कई मामलो में तलाश थी, वही उक्त अपराधी पर पड़ोसी जनपद सीतापुर के थाना तंबौर, खैराबाद सहित ईसानगर थाने में पौन दर्जन संगीन मुकदमें पूर्व से ही दर्ज है। ईसानगर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार गंगवार ने गुरुवार को क्षेत्र के बेंती पूरब गांव निवासी शातिर अपराधी सीताराम पुत्र कालिका को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास जामा तलाशी में एक अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद हुई। उसको विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस बाबत थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि सीताराम पर पड़ोसी जनपद सीतापुर के थाना तंबौर, खैराबाद सहित ईसानगर थाने में पौन दर्जन मुकदमें पहले से ही दर्ज है। विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## अलीगंज से श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** अलीगंज से माता पूर्णागिरि के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का साइकिल जत्था रवाना हुआ। कस्बा अलीगंज निवासी समाजसेवी और पूर्व फौजी अरविंद मिश्र ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने यात्रियों को तिलक लगाया और अंगवस्त्र भेंट किया। साथ ही जलपान सामग्री भी प्रदान की। इस दौरान माँ पूर्णागिरि की जयकारे लगाई गईं। मिश्र ने क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए माता से प्रार्थना की। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार, अलीगंज कस्बे से दर्जनों श्रद्धालु साइकिल से पूर्णागिरि की यात्रा करते हैं। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में युवा साइकिल से माता के दर्शन को निकले हैं। कार्यक्रम में अमित मिश्र एडवोकेट, विकास कुमार, मेवालाल, रमाकांत रोहित, संजू तथा अन्य श्रद्धालु और उनके परिजन उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अब संभल कर

करीब चार साल पहले एक भयानक सपने की तरह दुनिया भर में कहर बरपा चुके कोरोना ने एशिया में एक बार फिर दस्तक दी है। इस बार इसके नए रूप जेएन1 व उसके उप रूप एलएफ7 व एनडी8 की आशंका जताई जा रही है। सिंगापुर, थाईलैंड, हांगकांग और चीन में इसके लक्षण पाए गए हैं। सिंगापुर में इसके 30 फीसदी से अधिक और हांगकांग में इक्यासी केस आए हैं। थाईलैंड और चीन में अलर्ट जारी किया जा चुका है। हालांकि चीन पिछली बार की तरह इस बार भी सही स्थिति सामने नहीं ला रहा है किंतु उसके रोग रोकथाम केंद्र ने इसकी लहर तेजी के साथ बढ़ने की आशंका जताई है। विशेषज्ञों का हालांकि कहना है कि यह नया रूप न तो बहुत खतरनाक है, न तेजी के साथ फैल रहा है। पर पिछली बार की तरह गंभीर बीमारियों वाले मरीजों तथा कमजोर लोगों पर इसका असर पड़ सकता है। जहां तक भारत की बात है तो यहां दो सौ सत्तावन मामलों की पुष्टि अभी तक हो चुकी है जिसके बाद सरकार सतर्क रहते हुए सुनिश्चित कर रही है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सभी एहतियाती उपाय किए जाएं। इसीलिए नागरिकों को आगाह किया गया है कि इसके लक्षणों में सिरदर्द, बुखार, खांसी, जुकाम, आंखों में जलन, गंध या स्वाद का न महसूस होना और मांसपेशियों में ऐंठन शामिल है जिसके बारे में पता लगने पर फौरन चिकित्सक से परामर्श लें। ध्यान देने की बात ये भी है कि पिछली बार 2020-21 में कोरोना से करीब पांच लाख लोगों से अधिक की जानें जाने का दावा किया था लेकिन इसको लेकर संदेह आज भी है क्योंकि माना जाता है कि इससे ज्यादा मौतें हुई थीं। यह भी सही है कि सरकारी तौर पर इसकी निश्चित या उसके आसपास की संख्या अभी तक नहीं बताई जा सकी है। ऐसी रहस्यमय स्थिति को देखते हुए जरूरी है कि इस बार इसके लक्षण शुरुआती स्तर पर पकड़ में आ गए हैं तो सरकार तथा नागरिक दोनों ही इसे लेकर अधिकतम सावधानी बरतें। ये भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जिस तरह अस्पतालों में इसके उपचार के दौरान पिछली बार बड़े पैमाने पर ऑक्सीजन की कमी जैसी समस्याएं सामने आई थीं, वह स्थिति दोबारा न पैदा होने पाए। पिछले प्रकोप में तो कोरोना का कोई पूर्व इतिहास नहीं था पर इसका पूरा ब्योरा मौजूद है तो उससे जुड़ी छोटी बात को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## हादसे और नाटक

यह बात एक बार फिर साबित हो गई है कि सार्वजनिक महत्व की सेवाओं, जिनसे लोगों का जीवन भी जुड़ा हो, में व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए गंभीर हादसों का होना बहुत जरूरी है। जब तक हादसा नहीं होता, तब तक यही माना जाता है कि 'सब कुछ ठीक तो चल रहा है।' लखनऊ के तमाम नामी होटल इस मामले में पहले नंबर पर हैं। पिछले सात सालों के दौरान इन होटलों में आग लगने के छह से सात बड़े हादसे हो चुके हैं। इनमें कुछ का तो स्टार सुविधाएं देने का वादा भी था लेकिन ये सुविधाएं तो अलग, कुछ हादसों में इनमें लोगों को जान से हाथ ही धोना पड़ा। हैरत की बात यह कि होटल निर्माण से लेकर संचालन तक में नियमों का पालन कराने के हर मामले से जुड़े सरकारी विभाग और उनमें भारी भरकम स्टाफ है पर हादसे होने के बाद पता लगता है कि करीब-करीब हर महत्वपूर्ण नियम का पालन ही नहीं किया गया है। दुर्घटनाओं के बाद संबंधित होटल चलाने के लिए रजिस्ट्रेशन तक न कराए और लाइसेंस न लिए जाने, फायर एनओसी न लेने, अलार्म न होने, होटल की बिल्डिंग में अवैध निर्माण कराने, निकास व प्रवेश द्वार अलग-अलग न होने, सीढ़ियों के स्टेप बेहद संकरे होने, वर्षों से इलेक्ट्रिक ऑडिट न होने की गंभीर अनियमितताएं, मनमानी और नियमों के उल्लंघन की हकीकत सामने आती है। तब संबंधित अधिकारी बड़े जोश के साथ जांच बैठाने व दोषियों को सजा दिलाने का वादा करते हैं। लेकिन सभी जानते हैं कि जांच की प्रक्रिया ऐसा कब्रिस्तान है जहां एक से एक संगीन मामले इतनी सफाई से दफन कर दिए जाते हैं जिनके बारे में कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता। अगला हादसा होने पर फिर यही खेल दोहराया जाता है। किसी भी कारोबारी के लिए इससे मुफीद 'सिस्टम' और जांच से ज्यादा कारगर 'कवच' भला और क्या हो सकता है। लोगों के दिमाग में भी ऐसे हादसे और उन्हें लेकर होने वाले नाटक ज्यादा समय तक नहीं टिकते क्योंकि उन्हें तो और भी समस्याएं घेरे रहती हैं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं-केंद्र**
जैसे मंदिर हिंदू धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं!
**अधिवक्ताओं के कारण विलंबित है न्याय-कोर्ट**
मुवक्किल पहले इस नयी बहस पर फैसला लें!
**सभी जिलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र-योगी**
मार्ग दुर्घटनाएं तो लगातार बढ़ ही रही हैं!
**उद्यमिता का माडल राज्य बन गया उत्तर प्रदेश**
आठ वर्षों से सरकारी नियुक्तियों का इंतजार है!
**पाक के बाद बांग्लादेश जाना चाहती थी ज्योति**
उसे सूचनाएं कौन पहुंचा रहा था, ये पता नहीं!
**ध्यान भटकायेगा सर्वदलीय डेलीगेशन-कांग्रेस**
कांग्रेसी नेता इसमें खुशी खुशी जा रहे हैं!

♦♦♦

# अर्थव्यवस्था और महंगाई

वैश्विक उथल-पुथल, पाकिस्तान के साथ चले संघर्ष और अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ आरोपित करने के बीच अच्छी खबर यह है कि सरकार ने अप्रैल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से 2.37 लाख करोड़ वसूल किये. सालाना आधार पर इसमें 12.6 फीसदी की वृद्धि हुई और यह अब तक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह है. इसके पहले अप्रैल, 2024 में सरकार ने 2.10 लाख करोड़ रुपये जीएसटी वसूल की थी. इस तरह, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 22.08 लाख करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में वसूल किये गये. जीएसटी संग्रह अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण संकेतक है. ज्यादा जीएसटी संग्रह मजबूत उपभोक्ता खर्च, औद्योगिक गतिविधियों में तेजी और प्रभावी कर अनुपालन का संकेतक है. अप्रैल में महंगाई में कमी आना भी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत रहा. अप्रैल में खुदरा महंगाई घटकर 3.16 फीसदी के स्तर पर आ गयी, जो विगत 69 महीनों का सबसे निचला स्तर है. जुलाई, 2019 में महंगाई दर 3.15 प्रतिशत रही थी. इधर, थोक महंगाई भी 13 महीने के निचले स्तर-यानी 0.85 फीसदी के स्तर पर आ गयी, जबकि मार्च में यह 2.05 फीसदी के स्तर पर रही थी. खुदरा और थोक महंगाई दर में गिरावट का मूल कारण खाद्य वस्तुओं की कीमत में गिरावट दर्ज होना है।


**– सतीश सिंह**

वैश्विक उथल-पुथल, पाकिस्तान के साथ चले संघर्ष और अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ आरोपित करने के बीच अच्छी खबर यह है कि सरकार ने अप्रैल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से 2.37 लाख करोड़ वसूल किये. सालाना आधार पर इसमें 12.6 फीसदी की वृद्धि हुई और यह अब तक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह है. इसके पहले अप्रैल, 2024 में सरकार ने 2.10 लाख करोड़ रुपये जीएसटी वसूल की थी. इस तरह, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 22.08 लाख करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में वसूल किये गये. जीएसटी संग्रह अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण संकेतक है. ज्यादा जीएसटी संग्रह मजबूत उपभोक्ता खर्च, औद्योगिक गतिविधियों में तेजी और प्रभावी कर अनुपालन का संकेतक है. अप्रैल में महंगाई में कमी आना भी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत रहा. अप्रैल में खुदरा महंगाई घटकर 3.16 फीसदी के स्तर पर आ गयी, जो विगत 69 महीनों का सबसे निचला स्तर है. जुलाई, 2019 में महंगाई दर 3.15 प्रतिशत रही थी. इधर, थोक महंगाई भी 13 महीने के निचले स्तर-यानी 0.85 फीसदी के स्तर पर आ गयी, जबकि मार्च में यह 2.05 फीसदी के स्तर पर रही थी. खुदरा और थोक महंगाई दर में गिरावट का मूल कारण खाद्य वस्तुओं की कीमत में गिरावट दर्ज होना है. गौरतलब है कि महंगाई विकास के मार्ग का सबसे बड़ा अवरोधक है. इस लिहाज से महंगाई में कमी आने से विकास की रफ्तार को बल मिलेगा. जीएसटी संग्रह में तेजी आना इस तथ्य का सूचक है कि कारोबारी गतिविधियों में तेजी आयी है. साथ ही, ज्यादा टैक्स वसूली से सरकार विकास कार्यों पर अधिक पैसे खर्च कर सकती है. इसके अलावा, बैंकिंग क्षेत्र का आजादी के बाद से ही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और विगत कई वर्षों से बैंकिंग क्षेत्र मजबूत बना हुआ है, जिससे अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिल रही है. सांख्यिकी मंत्रालय ने बेरोजगारी रिपोर्ट जारी की, जिसके अनुसार अप्रैल में देश में बेरोजगारी दर महज 5.1 फीसदी रही. ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 6.5 फीसदी थी. वहीं, देश में 5.2 फीसदी पुरुष और पांच प्रतिशत महिलाएं बेरोजगार रहीं. बेरोजगारी दर का कम रहना हमारी अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने का संकेत है. पाकिस्तान के साथ शुरू हुआ संघर्ष कुछ ही दिनों में खत्म हो गया, इसलिए इसका बहुत ज्यादा नकारात्मक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर नहीं प?गा. हालांकि, इसके लंबे समय तक चलने पर रक्षा खर्च में बढ़ोतरी, व्यापार घाटे में वृद्धि, शेयर बाजार में गिरावट, रुपये का अवमूल्यन, महंगाई में इजाफा और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि हो सकता था. आईआईपी की वृद्धि दर में कमी आने और ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाने के बावजूद जीडीपी वृद्धि दर और भारतीय निर्यात पर बहुत ज्यादा नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि जीएसटी संग्रह में वृद्धि होने, महंगाई में कमी आने और बैंकिंग क्षेत्र के लगातार मजबूत बने रहने, अप्रैल महीने में बेरोजगारी दर के महज 5.1 प्रतिशत रहने से भारत के विकास दर की रफ्तार में तेजी बने रहने की उम्मीद है. हालांकि विनिर्माण और खनन क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन के साथ ट्रंप की मौजूदा कारोबारी नीति ने भारत के निर्यात पर कमोबेश असर तो डाला है. वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने ट्रंप की नीति के आलोक में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अनुमान को 6.4 फीसदी से घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.5 फीसदी की दर से आगे बढ़ने का अनुमान लगाया है. मूडीज के अनुसार हीरे, कपड़े और मेडिकल उपकरणों पर नयी टैरिफ दर आरोपित करने से भारत द्वारा अमेरिका को किये जा रहे निर्यात में कमी आने के आसार हैं, जिससे भारत का अमेरिका के साथ व्यापार घाटा बढ़ सकता है और जीडीपी वृद्धि दर में आंशिक कमी आ सकती है. उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2024-2025 की तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.2 फीसदी थी, जबकि पहली तिमाही में यह 6.7 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 5.4 फीसदी थी. हालांकि, जीडीपी में धीमी वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच अब भी सबसे तेजी से बढ़ रही है. वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि दर 4.6 फीसदी रही, जबकि जापान की जीडीपी 0.9 प्रतिशत रही, वहीं, इस अवधि में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 5.4 फीसदी रही थी. जीडीपी में उतार-चढ़ाव के चार प्रमुख कारण हैं. पहला, हमारे और आपके द्वारा किया जाने वाला खर्च, निजी क्षेत्र के कारोबार का आकार, अभी निजी क्षेत्र का जीडीपी में 32 फीसदी का योगदान है. तीसरा है,



सरकारी खर्च यानी सरकार द्वारा विकासात्मक कार्यों हेतु किया जाने वाला खर्च. फिलवक्त, इसका जीडीपी में 11 फीसदी का योगदान है, और चौथा है, शुद्ध मांग. इसके लिए, कुल निर्यात से कुल आयात को घटाया जाता है, जिससे व्यापार घाटे या व्यापार अधिशेष का पता चलता है. चूंकि, भारत निर्यात के मुकाबले आयात ज्यादा करता है, इसलिए इसका जीडीपी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### दो बैलों की कथा

गांव के इतिहास में यह घटना अभूतपूर्व न होने पर भी महत्वपूर्ण थी। वाल-सभा ने निश्चय किया, दोनों पशुवीरों को अभिनन्दन-पत्र देना चाहिए। कोई अपने घर से रोटियां लाया, कोई गुड़, कोई चोकर, कोई भूसी।

एक बालक ने कहा-ऐसे बैल किसी के पास न होंगे।

दूसरे ने समर्थन किया-इतनी दूर से दोनों अकेले चले आये।

तीसरा बोला-वैल नहीं हैं वे, उस जनम के आदमी हैं।

इसका प्रतिवाद करने का किसी को साहस न हुआ।

झूरी की स्त्री ने बैलों को द्वार पर देखा, तो जल उठी। बोली-कैसे नमकहराम बैल हैं कि एक दिन वहां काम न किया; भाग खड़े हुए।

झूरी अपने बैलों पर यह आक्षेप न सुन सका नमकहराम क्यों हैं? चारा-दाना न दिया होगा, तो क्या करते ?

स्त्री ने रोब के साथ कहा-वस, तुम्हीं तो बैलों को खिलाना जानते हो, और तो

सभी पानी पिला-पिलाकर रखते हैं।

झूरी ने चिढ़ाया-चारा मिलता तो क्यों भागते?

स्त्री चिढ़ी-भागे इसलिए कि वे लोग तुम जैसे बुद्धओं की तरह बैलों को सहलाते नहीं। खिलाते हैं, तो रगड़कर जोतते भी हैं। ये दोनों ठहरे कामचोर, भाग निकले। अब देखें, कहां से खली और चोकर मिलता है! सूखे भूसे के सिवा कुछ न दूंगी, खाएं चाहे मरें।

वही हुआ। मजूर को कड़ी ताकीद कर दी गई कि बैलों को खाली सूखा भूसा दिया जाय।

बैलों ने नांद में मुंह डाला, तो फीका-फीका। न कोई चिकनाहट, न कोई रस! क्या खाएं? आशा-भरी आंखों से द्वार की ओर ताकने लगे।

झूरी ने मजूर से कहा-धोड़ी-सी खली क्यों नहीं डाल देता वे ?

'मालकिन मुझे मार ही डालेंगी।'

'चुराकर डाल आ।'

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**तृणं ब्रह्मविदः स्वर्गस्तृणं शूरस्य जीवितम्।**
**जिताशस्य तृणं नारी निःस्पृहस्य तृणं जगत्।।**

विदेश जाने वालों का सच्चा मित्र विद्या है, अपने घर में रहने वालों की मित्र उनकी पत्नी है, रोगी व्यक्तियों का मित्र औषध है और मरने वालों का मित्र उनका धर्म है।

♦♦♦

# स्कूली शिक्षा का स्तर सुधारना बहुत जरूरी

प्राथमिक शिक्षा विद्यार्थी के व्यक्तित्व निर्माण एवं शिक्षा के अगले पायदानों के लिए एक नींव की भूमिका अदा करती है। यह निश्चित बात है कि यदि बच्चा प्राथमिक शिक्षा के चरण में एक सशक्त व्यवस्था से होकर गुजरता है तो उसकी भावी शिक्षा



**-शिशिर शुक्ला**

एवं कैरियर हर हालत में सुदृढ़ एवं सुविकसित होते हैं। हाल ही में बुनियादी शिक्षा को लेकर कई चिंताजनक आंकड़े प्रकाश में आए हैं। एक सर्वेक्षण की रिपोर्ट बताती है कि पूरे देश के स्कूलों में लगभग 12.6 फ़ीसदी विद्यार्थी बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। अब यह एक गंभीरतापूर्वक विचारणीय प्रश्न बनता है कि क्या ये विद्यार्थी स्वेच्छा से ही अपनी अध्ययन यात्रा को बीच में ही विराम दे देते हैं अथवा कहीं न कहीं कुछ ऐसी परिस्थितियां बन जाती हैं जो इन्हें शिक्षा जैसे अमूल्य अस्त्र से परिचित होने से रोक देती हैं। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉरमेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडाइस) के द्वारा भारत में स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के संबंध में ड्रॉप आउट के आंकड़े जारी किए गए हैं, जो नितांत चिंताजनक हैं। 2022 की रिपोर्ट बताती है कि वर्तमान में भारत में लगभग कुल 14.71 लाख स्कूल हैं जिसमें 12.12 लाख स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 2.60 लाख स्कूल शहरी क्षेत्रों में हैं। किंतु स्कूली शिक्षा के प्रति बच्चों का घटना रुझान एवं उच्च ड्रॉप आउट दर आज भी चिंता का कारण बनी हुई है। उच्च ड्रॉप आउट दर के प्रमुख कारणों में गरीबी, बाल श्रम, स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों का अभाव एवं बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी आदि शामिल हैं। हाल ही की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट के अनुसार देश के एक लाख से अधिक प्राथमिक स्कूल ऐसे हैं जो केवल और केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। इनमें से आंध्र प्रदेश में 12543, मध्य प्रदेश में 11035, झारखंड में 8294, राजस्थान में 7673, कर्नाटक में 7477, छत्तीसगढ़ में 5520, पश्चिम बंगाल में 5437, उत्तर प्रदेश में 4572 एवं हिमाचल प्रदेश में 3365 स्कूल केवल और केवल एक शिक्षक पर निर्भर हैं। जरा कल्पना कीजिए कि स्कूलों से संबंधित समस्त कार्य जिसमें कि शिक्षण के साथ-साथ अनेक अन्य गतिविधियां भी शामिल होती हैं, जब केवल और केवल एक ही शिक्षक के ऊपर लाद दिया जाएगा अथवा परिस्थितिवश लदा होगा, तो वह किस उत्कृष्टता,सामर्थ्य तथा पूर्णता के साथ इन गतिविधियों को अंजाम दे पाएगा। यह कटुसत्य है कि ऐसी दशाओं में स्कूलों में शिक्षण कार्य कहीं न कहीं शून्य की ओर उन्मुख होता जाएगा एवं एक स्थिति ऐसी आएगी जब शिक्षा से ऐसे स्कूलों का दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं रहेगा। दुर्भाग्यवश हम इसी गंभीर स्थिति की ओर बड़ी तीव्रता से बढ़ते चले जा रहे हैं। हाल ही में यूनेस्को की ग्लोबल एजुकेशन रिपोर्ट में हुए खुलासे के अनुसार पूरे विश्व के केवल 60 फीसदी देशों में ही स्कूलों में ही भोजन व पेय पदार्थों को विनियमित करने से संबंधित मानक कानून लागू हैं। पोषण एवं स्वास्थ्य जोकि स्कूली शिक्षा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारक हैं, उनके संबंध में इस तरह की रिपोर्ट निश्चित रूप से विचारणीय है। बहरहाल छात्रों का स्कूल छोड़ना एक बेहद गंभीर मुद्दा है। इस पर गहन चिंतन एवं मंथन की महती आवश्यकता है। बेशक शासन के स्तर से विद्यार्थियों के विकास एवं उन्नयन हेतु युद्ध स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं, जैसे- मुफ्त में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराना, मुफ्त यूनिफॉर्म उपलब्ध कराना, मध्यान्ह भोजन योजना इत्यादि। किंतु कुछ कारक ऐसे हैं जो इन सतत प्रयासों की प्रभाविता को क्षीण करते जा रहे हैं। गरीबी इनमें से सबसे प्रमुख कारक है। निर्धन परिवारों के मुखिया अपने बच्चों को शिक्षा रूपी अनमोल तोहफा देने के बजाय उन्हें कमाई के जरिए के रूप में देखना अधिक पसंद करते हैं। ऐसा करने के पीछे उनकी कोई दुर्भावना निहित नहीं होती अपितु कठिन परिस्थितियां ही उनको ऐसा करने पर विवश कर देती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 25.1 करोड़ बच्चे स्कूलों में



हाजिरी नहीं लगा रहे हैं। गत दस वर्षों में स्कूल न जाने वाले बच्चों का प्रतिशत केवल और केवल एक फीसदी ही कम हुआ है। भारत के संबंध में भी स्थितियां अच्छी नहीं हैं। यहां पर भी विगत दस वर्षों में स्कूल न जाने वाले बच्चों का प्रतिशत 4.3 से 3 हो पाया है। 2022-23 एवं 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार विद्यार्थियों के कुल नामांकन में 37 लाख की गिरावट आई है। यह आंकड़ा छात्राओं के संबंध में 16 लाख एवं छात्रों के संबंध में 21 लाख है। वहीं अगर शिक्षा पर व्यय की बात की जाए तो यह वर्ष दर वर्ष बढ़ता ही जा रहा है। बुनियादी शिक्षा के इस परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाने की परम आवश्यकता है। किंतु यह परिवर्तन आखिरकार होगा कैसे। इसके लिए व्यक्ति एवं परिवार से लेकर शासन स्तर तक पूर्ण तत्परता एवं तन्मयता के साथ प्रयास करने होंगे एवं यह सुनिश्चित करना होगा कि इस हेतु निर्मित की गई योजनाएं क्रियान्वयन के धरातल पर भी खरी उतर सकें। निर्धन परिवारों के बच्चों की शिक्षा में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रोत्साहनस्वरूप विशेष काउंसलिंग अभियान आयोजित किए जाएं ताकि उनके अंदर से यह भावना पूर्णतया निष्कासित हो जाए कि गरीबी उनके बच्चे की शिक्षा में आड़े आ सकती है। इस हेतु यदि इन बच्चों को आर्थिक सहायता के रूप में कुछ छात्रवृत्ति दी जाए तो भी यह एक अच्छा कदम होगा। परिवारों के मुखियागणों को यह समझाने का प्रयास किया जाना चाहिए कि वे अपने बच्चों को बाल श्रम की आग में न झोंककर उनके बारे में विवेकपूर्ण निर्णय लें एवं उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए अभिप्रेरित करें, क्योंकि ऐसा करके ही वे अपने बच्चों को भारत का एक जिम्मेदार नागरिक बना पाने में सक्षम हो सकेंगे। इसके अलावा परिवार के भरण पोषण हेतु बच्चों से जबरन श्रम कराने वाले अभिभावकों पर कड़ा शिकंजा कसने की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। शासन के स्तर पर इस बात का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए कि सभी स्कूलों में उचित संख्या में शिक्षक कार्यरत हों एवं स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर उच्च कोटि का हो। आज प्राइवेट विद्यालयों के प्रति बढ़ते रुझान का एक कारण यह भी है कि सरकारी स्कूलों में पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर एवं शिक्षक मौजूद नहीं हैं। लिहाजा अभिभावक अपनी क्षमता से बाहर फीस की मोटी रकम देकर भी अपने बच्चों का प्रवेश प्राइवेट विद्यालयों में कराने को विवश हैं। यह निश्चित है कि जब तक इन बुनियादी व्यवस्थाओं की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए इन्हें दुरुस्त नहीं किया जाएगा तब तक स्कूली शिक्षा गुणवत्ता के उस स्तर को प्राप्त नहीं कर पाएगी जोकि आवश्यक एवं अनिवार्य है।

## प्रेरक प्रसंग — दरिद्रनारायण का प्रतिनिधि

यरवदा जेल में गांधीजी का उपवास चल रहा था। जेल के दरवाजे हरिजन-सेवाकों के लिए खोल दिये गए थे। जो जब चाहे, आ सकता था। उस पर कोई रोकथाम नहीं थी।

गुजरात तथा काठियावाड़ में हरिजनों के उद्धार के लिए कुछ कार्यक्रम निश्चित होने थे। उस संबंध में बात करने के लिए कुछ विशिष्ट लोग वहां आये हुए थे।

गांधीजी आम के पेड़ के नीचे लेटे हुए थे। लोग आकर उनके पास बैठ गये। बातों का सिलसिला चल पड़ा। वहीं पर जेल के एक अधिकारी भी बैठे हुए थे।

एक बंदी गांधीजी के लिए अंगीठी पर पानी गरम कर रहा था। अंगीठी बहुत तेजी से जल रही थी। पानी बड़ी जल्दी गरम हो गया। बंदी ने यह देखा तो अंगीठी पर से पानी का बर्तन उतारकर नीचे रख दिया, पर अंगीठी को वैसा ही जलता छोड़ दिया। कोयले बड़े जोर से दहक रहे थे। वे दहकते रहे।

तभी गांधीजी का ध्यान उस ओर गया। वह गुजरात और काठियावाड़ के नेताओं से बात कर रहे थे। एकदम बातचीत को रोककर गांधीजी ने बंदी से कहा, सुनो भाई, अंगीठी को बुझा दो।

बंदी ने जेल के अधिकारी की ओर देखा। अधिकारी ने मुस्कराकर कहा, गांधीजी, आप क्यों चिन्ता करते हैं ? फिर कुछ रुककर बोले, कोयले सरकारी हैं। जलने दीजिये।

गांधीजी गंभीर हो गये। बोले, नहीं, ये कोयले तो आम जनता के पैसे के हैं।

आज जबकि देश की गरीब जनता का पैसा चारों ओर पानी की तरह बह रहा है, देशवासियों की आंखें उस मसीहा को खोज रही हैं, जो दरिद्रनारायण का सच्चा प्रतिनिधि था।

## आपका पत्र मिला

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता : सीमाएं भी तय हों

विचारों की लड़ाई एक लोकतांत्रिक समाज की आत्मा है, जहाँ मतभेद और संवाद समाज को प्रगतिशील बनाते हैं। लेकिन जब यह विचार व्यक्त किए जाने की प्रक्रिया राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द या सैनिकों के मनोबल को प्रभावित करने लगती है, तब इस स्वतंत्रता की सीमाओं पर चर्चा आवश्यक हो जाती है।

हाल ही में अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना और युद्ध को लेकर दिए गए बयानों पर पुलिस कार्रवाई हुई, जिससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े हो गए। यह सही है कि लोकतंत्र में हर नागरिक को अपने विचार रखने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार पूर्णतया निरंकुश नहीं हो सकता। जब विचार इस सीमा को लांघते हैं कि वे हमारे सैनिकों को हतोत्साहित करें या देश की सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव डालें, तब राज्य की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह संतुलन बनाए। पुलिस का कार्य न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना है, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने वाले विचारों को रोकना भी है।

यदि कोई अभिव्यक्ति शत्रु राष्ट्र के नैरेटिव को बल देती है या युद्ध जैसे हालात में देश की एकता को नुकसान पहुँचाती है, तो उसे केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहकर नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। अतः आवश्यक है कि विचारों की लड़ाई में विवेक, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित का ध्यान रखा जाए।

स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी आता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है, लेकिन यह असीमित नहीं, इसकी सीमाएँ तय करना भी उतना ही आवश्यक है, खासकर तब जब देश संकट के दौर से गुजर रहा हो।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक, स्वतंत्र भारत 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# बढ़ती गर्मी के कारण हो सकती है बेहोशी-चक्कर जैसी समस्याएं

देश के ज्यादातर राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, की बढ़ती गर्मी हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकती है, जिसको लेकर सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक (लू) का खतरा रहता है, जिसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के नुकसान हो सकते हैं। डॉक्टर बताते हैं, अत्यधिक गर्मी शरीर के थर्मोरेगुलेटरी सिस्टम (तापमान को कंट्रोल करने वाले तंत्र) को प्रभावित करती है, जिससे लू लगने, हीट एक्सहॉश्शन, चक्कर आने और बेहोशी जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। चूंकि इन दिनों तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है, इसलिए आपको पहले से ही कुछ सावधानियां बरतते रहना चाहिए जिससे गंभीर समस्याओं से बचा जा सके।

**हीट स्ट्रोक का बढ़ रहा है खतरा**

गर्मी के दिनों में हीट स्ट्रोक बहुत आम समस्या है पर कुछ स्थितियों में इसके कारण गंभीर दिक्कतें भी हो सकती हैं। लू लगने की स्थिति में शरीर का तापमान 104°F (40°C) या उससे अधिक हो जाता है। यह समस्या शरीर के तापमान नियंत्रित करने की क्षमता फेल हो जाने के कारण होती है। वैसे तो हीट स्ट्रोक किसी को भी हो सकता है, पर बच्चे और बुजुर्गों में इसके मामले अधिक देखे जाते हैं। बच्चों का शरीर तेजी से गर्म होता है और वे अपनी स्थिति को सही ढंग से व्यक्त नहीं कर पाते वहीं बुजुर्गों के शरीर की थर्मोरेगुलेशन क्षमता कम होती है, इसके कारण 60 से अधिक उम्र वाले लोगों को भी लू लगने का जोखिम अधिक रहता है।



**ऐसे लोगों को बरतनी चाहिए खास सावधानी**

यदि आप गर्भवती हैं या खुले में काम करने करते हैं (जैसे मजदूर, ट्रैफिक पुलिस, किसान) तो गर्मी से बचाव के लिए निरंतर उपाय करते रहें।

इसके अलावा क्रोनिक बीमारियों से पीड़ित जैसे हृदय रोग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या मोटापा के शिकार लोगों को भी गर्मी के दिनों में विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

**कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं हो गया है हीट स्ट्रोक?**

हीट स्ट्रोक की स्थिति में आपको कई प्रकार की दिक्कतें होती हैं। शरीर का तापमना बढ़ जाना इसका पहला लक्षण है। इसके अलावा आपको पसीना, त्वचा लाल होने, कमजोरी या थकावट, मतली या उल्टी और चक्कर आने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

अगर शुरुआती स्थिति में हीट स्ट्रोक पर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण ब्लड प्रेशर बढ़ने या कम होने, भ्रम-दौरे या बेहोशी की दिक्कतें देखी जाती हैं।

दीर्घकालिक रूप में हीट स्ट्रोक की स्थित किडनी फेलियर, ब्रेन से संबंधित समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती है।

**हीट स्ट्रोक-लू से बचे रहने के लिए क्या करें?**

आप कुछ आसान से उपाय करके हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्याओं से बचे रह सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप हाइड्रेटेड रहें। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं, भले ही प्यास न लगे।

इलेक्ट्रोलाइट्स वाले ड्रिंक्स जैसे ओआरएस या नारियल पानी का सेवन करें।

दिन में 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाहर न निकलें।

घर से बाहर निकलते समय छाते, टोपी या सनग्लासेस का उपयोग करें।

सूती, हल्के रंग के और हवादार कपड़े गर्मी से राहत दिलाते हैं।


मौसमी फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू पानी, बेल का शरबत इत्यादि लाभकारी हैं।

खिड़कियां-दरवाजे सुबह बंद कर दें ताकि गर्म हवा अंदर न आए। पंखे और कूलर का उपयोग करें।

अगर किसी को चक्कर, उल्टी, बुखार या बेहोशी महसूस हो तो तुरंत प्राथमिक चिकित्सा के लिए डॉक्टर के पास जाएं।

# क्या है जापानी वॉकिंग तकनीक और फायदे

आजकल सोशल मीडिया जापानी वॉकिंग तकनीक काफी ट्रेंड में है। यह एक साधारण लेकिन प्रभावशाली चलने की विधि है, जो न सिर्फ वजन घटाने में मदद करती है बल्कि शरीर की पोस्चर, सांसों और मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार लाती है। जापानी वॉकिंग तकनीक आधुनिक जीवनशैली में एक सरल लेकिन प्रभावी स्वास्थ्य आदत बन सकती है। इसमें न तो जिम की जरूरत है और ना ही किसी भारी उपकरण की, बस सही ढंग से चलना जरूरी है।



**क्या है जापानी वॉकिंग तकनीक?**

यह एक विशेष तकनीक है जिसमें चलते समय कुछ खास नियमों और शारीरिक मुद्रा का पालन किया जाता है। जापान में इसे "Aruki Kata" कहा जाता है, जिसका अर्थ है। ''सही ढंग से चलना'। इस वॉकिंग में शरीर को सीधा रखते हुए, पैरों की गति और हाथों के स्विंग को संतुलित किया जाता है। इसे करते समय व्यक्ति अपनी सांसों पर ध्यान देता है, शरीर का तनाव छोड़ता है और हर कदम सोच-समझ कर रखता है।

**जापानी वॉकिंग तकनीक के फायदे**

चलने की इस तकनीक से वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके नियमित अभ्यास से कैलोरी तेजी से बर्न होती है। सही तरीके से चलन से लाभदायक होता है। जोड़ों की सेहत के लिए भी यह फायदेमंद है। इसके अभ्यास से घुटनों और टखनों पर कम दबाव पड़ता है।

फेफड़े और दिल मजबूत होते हैं। साथ ही यह एक तरह की कार्डियो एक्टिविटी है।

एक्यूप्रेशर प्रभाव पड़ता है। पैरों के नीचे के हिस्से के ज़रिए शरीर के पोस्चर सुधरता है। रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है और पीठ दर्द की समस्या कम होती है। मानसिक शांति के लिए भी जापानी वॉकिंग तकनीक असरदार है। इस तकनीक से चलने के दौरान सांसों और हरकतों पर ध्यान केंद्रित करने से तनाव कम होता है। इसके अभ्यास से पाचन तंत्र में सुधार होता है। खासतौर पर खाना खाने के बाद थोड़ी देर इस तकनीक से चलना बेहद अलग-अलग अंगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**कैसे करें जापानी वॉकिंग तकनीक का अभ्यास?**

जापाना वॉकिंग तकनीक का अभ्यास करने के लिए शरीर सीधा रखें।

सिर ऊंचा, कंधे पीछे और छाती बाहर। इस दौरान छोटे लेकिन संतुलित कदम उठाएं। पैर जमीन पर एड़ी से रखें और पंजे से उठाएं। हाथों को स्विंग करें और हाथों को प्राकृतिक गति में आगे-पीछे झुलाएं। पेट के निचले हिस्से को हल्का भीतर की ओर खींचें। इससे कोर मसल्स एक्टिव रहते हैं।

धीरे-धीरे गति बढ़ाएं। पहले पांच मिनट धीमा, फिर 15-20 मिनट तेज़ गति और अंत में फिर पांच मिनट धीमा चलें।

इस दौरान सांसों पर ध्यान दें। लंबी और गहरी सांसें लें।

# पानी पीने का ये तरीका वजन कम करने के लिए है फायदेमंद

**ठंडा पानी और थर्मोजेनेसिस का विज्ञान-** जब आप ठंडा पानी पीते हैं, तो यह शरीर के आंतरिक तापमान को थोड़ा कम कर देता है। शरीर इसे सामान्य तापमान (लगभग 37एष्ट) पर लाने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा खर्च करता है। इस प्रक्रिया को थर्मोजेनेसिस कहते हैं, जिसमें शरीर गर्मी पैदा करने के लिए कैलोरी बर्न करता है।



**वजन कम करने में ठंडे पानी के फायदे**-ठंडा पानी पीना वजन घटाने का एक सरल और प्रभावी तरीका हो सकता है। ठंडा पानी मेटाबॉलिक रेट बढ़ाता है, जिससे शरीर अधिक कैलोरी बर्न करता है। भोजन से पहले एक गिलास ठंडा पानी पीने से पेट भरा हुआ महसूस होता है, जिससे आप कम खाते हैं। पानी शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकालता है, जो पाचन को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है।

**पानी पीने का सही तरीका**-सुबह 1-2 गिलास ठंडा पानी पिएं। आप चाहें तो इसमें नींबू भी निचोड़ सकते हैं, ये पेय किडनी से विषाक्त पदार्थ बाहर निकालने में मदद करते हैं। खाने से 20-30 मिनट पहले 500 मिली ठंडा पानी पिएं, ताकि भूख नियंत्रित हो। छोटे-छोटे घूंटों में 2.5-3 लीटर पानी पिएं।


**सावधानियां-**

बहुत अधिक ठंडा पानी न पिएं, क्योंकि यह पाचन को प्रभावित कर सकता है।

किडनी या हृदय रोगियों को ठंडा पानी पीने और पानी की मात्रा के लिए डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

अगर ठंडे पानी से एलर्जी हो, तो सामान्य तापमान का पानी चुनें।

# दिनचर्या में जरूर होनी चाहिए ये चार सरल आदतें बीमारियों से रहेंगे दूर



आज की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखना एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया है। हमारी अनियमित दिनचर्या, काम का बढ़ता दबाव और खानपान की गलत आदतें सीधे तौर पर हमारी सेहत पर पड़ता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम सेहतमंद रह ही नहीं सकते। अच्छी बात यह है कि आप अपनी जीवनशैली में बहुत बड़े बदलाव किए बिना भी स्वस्थ रह सकते हैं। कुछ छोटी आदतें आप अपनी लाइफस्टाइल में शामिल कर लें, तो आप न सिर्फ शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनेंगे और कई तरह की बीमारियों से खुद को दूर रख पाएंगे। आइए इस लेख में ऐसे ही चार मुख्य आदतों के बारे में जानते हैं।



**1. सुबह की धूप में आधा घंटा बिताएं-**

सुबह की हल्की धूप विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत है, जो हड्डियों, इम्यूनिटी और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। रोजाना सुबह 15-30 मिनट धूप में बिताने से मन हल्का होता है और डिप्रेशन और तनाव जैसी समस्याओं से आप दूर रहते हैं। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और स्लिप साइकिल को नियमित करता है।

**2. नंगे पैर खुले आसमान के नीचे टहलें**

खुले आसमान के नीचे घास या मिट्टी पर नंगे पैर 10-15 मिनट टहलना शरीर और दिमाग के लिए फायदेमंद होता है। ये तनाव को कम करता है और रक्त संचार को बेहतर बनाता है। नंगे पैर चलने से पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और शरीर में ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। यह आदत मानसिक शांति प्रदान करने में भी मदद करती है।

**3. रोजाना 10,000 कदम चलें**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, रोजाना 10,000 कदम चलना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। यह मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। तेज चलने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, कैलोरी बर्न होती है और मूड बेहतर रहता है। अगर आप व्यस्त रहते हैं, तो दिन में छोटे-छोटे ब्रेक लेकर पैदल चलें।

**4. गैजेट्स से एक घंटा दूर रहें**

स्मार्टफोन, लैपटॉप और टीवी जैसे गैजेट्स का ज्यादा इस्तेमाल आंखों की थकान, नींद की कमी और तनाव का प्रमुख कारणों में से एक है। रोजाना कम से कम एक घंटा स्क्रीन-फ्री समय निकालें। इस दौरान किताब पढ़ें, परिवार के साथ बात करें, ध्यान करें या प्रकृति का आनंद लें। इससे मानसिक स्वास्थ्य सुधरता है, नींद की गुणवत्ता बढ़ती है और तनाव कम होता है।



# 10 संकेत, इनमें से चार भी हैं तो हो सकता है टीबी

इसके मामलों में पिछले कुछ वर्षों में उछाल देखा गया है। भारत ने इस साल (2025) तक देश से टीबी उन्मूलन या टीबी को खत्म करने का लक्ष्य बनाया था, हालांकि जिस तरह से हाल के वर्षों में मामलों में उछाल आया है इससे ये लक्ष्य काफी दूर नजर आ रहा है। भारत ने अपने व्यापक प्रयासों से टीबी को नियंत्रित करने के प्रयास जरूर किए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक साल 2015 में प्रति एक लाख लोगों पर 237 लोगों में टीबी का पता चलता था जो 2023 में घटकर 195 रह गया है। नए मामलों में 17.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जो वैश्विक स्तर पर टीबी के मामलों में आ रही कमी से दोगुनी से भी अधिक है। बावजूद इसके भारत के लिए अभी से इसका उन्मूलन दूर नजर आता है।



**टीबी के इन लक्षणों को जरूर जानिए**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीबी के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए 10 लक्षण बताए हैं, जिनपर ध्यान देते रहना सभी के लिए जरूरी है। अगर इनमें से कुछ हफ्तों से 3-4 लक्षण भी बने हुए हैं तो इसकी जांच जरूर कराएं। समय पर टीबी की पहचान होने पर रोग के गंभीर रूप लेने का खतरा कम हो सकता है।

लगातार दो हफ्ते तक खांसी
शाम को बुखार
वजन का तजी से कम होना
थूक के साथ खून आना
रात को पसीना आना
थकान और कमजोटी महसूस होना
शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना
सीने में दर्द
हाल में हुए शारीरिक बदलाव
सांस से संबंधित क्रॉनिक बीमारी

स्वास्थ्य मंत्रालय कहता है, टीबी का इलाज संभव है, स्वस्थ भविष्य के लिए आज ही कदम उठाएं और लक्षणों की पहचान करके समय रहते इलाज प्राप्त करें। टीबी के बारे में अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-11-6666 पर कॉल भी कर सकते हैं।

**किन्हें टीबी का खतरा अधिक होता है?**

टीबी या तपेदिक एक संक्रामक रोग है जो मुख्यतः फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन शरीर के अन्य अंगों को भी इससे नुकसान पहुंच सकता है। यह रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है। कई स्थितियों में देखा गया है कि रोग शरीर में मौजूद होता है लेकिन कोई लक्षण नहीं दिखते। यह स्थिति वर्षों तक बनी रह सकती है और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने पर सक्रिय रूप ले सकती है। डॉक्टर बताते हैं, कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र वाले लोग जैसे एचआईवी/एड्स, कुपोषण, डायबिटीज, कैंसर जैसी बीमारियों के शिकार लोगों को टीबी होने का खतरा अधिक होता है।

**टीबी से बचाव के लिए क्या करें?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आप कुछ आसान से उपायों पर ध्यान देकर टीबी के खतरे को कम कर सकते हैं।

खराब जीवनशैली, खराब पोषण, धूम्रपान-शराब और नशीली दवाओं का सेवन टीबी के जोखिम को बढ़ाते हैं।

भीड़-भाड़ और खराब वेंटिलेशन वाले स्थान पर जाने से बचें। बैक्टीरिया बंद और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अधिक फैलता है।

जिन लोगों को पहले टीबी हो चुका है उनमें दोबारा इसके होने का खतरा अधिक होता है।

**टीबी मुख्यतः** हवा के माध्यम से फैलता है। जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता-छींकता या बोलता है, तो उसके मुंह से बैक्टीरिया युक्त ड्रॉपलेट्स निकलती हैं, जिससे आसपास मौजूद लोगों में संक्रमण का खतरा हो सकता है। इसलिए अगर किसी को टीबी है तो उससे उचित दूरी बनाए रखना या पास जाते समय मास्क पहनना बहुत जरूरी है।



# इन चार बीज में भी मिलता है प्रचुर मात्रा में प्रोटीन

**1. भांग के बीज**-भांग के बीज प्रोटीन का शानदार स्रोत हैं। 100 ग्राम भांग के बीज में लगभग 31-33 ग्राम प्रोटीन होता है, जो शाकाहारी लोगों के लिए मांस का बेहतरीन विकल्प है। इनमें सभी 9 आवश्यक अमीनो एसिड्स मौजूद होते हैं, जो मांसपेशियों के विकास और एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मदद करते हैं।

**2. कद्दू के बीज-** कद्दू के बीज, जिन्हें पेपिटास भी कहते हैं, प्रोटीन का पावरहाउस माना जाता हैं। 100 ग्राम कद्दू के बीज में लगभग 24-25 ग्राम प्रोटीन होता है। इनमें जिंक, मैग्नीशियम, आयरन और फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हड्डियों, इम्यूनिटी और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। कद्दू के बीज खाने से नींद की गुणवत्ता सुधरती है, क्योंकि इनमें ट्रिप्टोफैन होता है, जो मेलाटोनिन हार्मोन को बढ़ाता है। इन्हें भूनकर स्नैक के रूप में, सलाद में या स्मूदी में डालकर खा सकते हैं।

**3. सूरजमुखी के बीज**-सूरजमुखी का बीज प्रोटीन का अच्छा स्रोत हैं, जिनमें 100 ग्राम में लगभग 21 ग्राम प्रोटीन होता है। इसमें विटामिन ई, सेलेनियम और हेल्दी फैट्स होते हैं, जो त्वचा, बालों और हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। सूरजमुखी का बीज कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इन्हें भूनकर या कच्चा सलाद, ओट्स या दही में मिलाकर खाया जा सकता है।

**4. तिल के बीज**-तिल के बीज, जो सफेद और काले दोनों रूपों में उपलब्ध हैं, प्रोटीन से भरपूर होते हैं। 100 ग्राम तिल में लगभग 18 ग्राम प्रोटीन होता है। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन बी भी पाए जाते हैं, जो हड्डियों और हार्मोनल संतुलन के लिए जरूरी हैं। तिल का तेल और बीज पाचन को बेहतर बनाते हैं और अर्थराइटिस के दर्द से राहत दिलाते हैं।

# अलग-अलग सिरदर्द के होते हैं अलग मायने



सिरदर्द एक बेहद आम समस्या है, जिससे लगभग हर कोई कभी न कभी जूझता है। हर सिरदर्द अपने आप में अलग होता है। उसके कारण, लक्षण और गंभीरता अलग-अलग हो सकते हैं, और वे विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों को दर्शाते हैं। बता दें कि सिरदर्द कई प्रकार का होता है।

**1. टेंशन सिरदर्द-** टेंशन सिरदर्द सबसे आम प्रकार है, जो तनाव, थकान, या गलत मुद्रा में देर तक बैठे रहने के कारण होता है। यह सिर के दोनों तरफ या माथे पर हल्का से मध्यम दर्द पैदा करता है, जैसे कोई टाइट बैंड सिर को जकड़ रहा हो। यह तनाव, नींद की कमी, और डिहाइड्रेशन से ट्रिगर हो सकता है। ऐसी स्थिति में गहरी सांस लें, किसी शांत और खुले वातावरण में आराम करें।

**2. माइग्रेन-** माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है, जिसमें सिर के एक तरफ तेज धड़कता हुआ दर्द होता है। यह 4 से 72 घंटे तक रह सकता है और मतली, उल्टी जैसे लक्षणों के साथ होता है। माइग्रेन को तनाव, हार्मोनल बदलाव, कुछ खाद्य पदार्थ या नींद की कमी ट्रिगर कर सकती है। गंभीर मामलों में डॉक्टर से जरूर सलाह लें।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शुक्रवार, 23 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, एकादशी तिथौ शुक्र वासरे 22/31/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 16/03/ प्रीति योग 18/37/ बव करणे 11/52/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** महापंचक/पंचक/अपरा एकादशी/बुध वृक्ष राशि में घं. 13 मि. 01 पर।

**मेष :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग। निजी संबंधों में निकटता आएगी। संतति चिंता दूर होगी।

**वृष :** रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। उपहार व सम्मान का लाभ रहेगा। रोग से बचें। अनावश्यक भ्रमण प्रियता त्यागें।

**मिथुन :** पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा की स्थिति सुखद होगी। विरोधी सक्रिय होंगे। व्यापार में विषमताएं दूर होगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन यश कीर्ति में वृद्धि होगी। वर्चस्व में वृद्धि होगी। वर्चस्व में वृद्धि होगी। रुके धन की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

## भाजपा नारी शक्ति अधिनियम का कानून लेकर आई है-अनूप गुप्ता

### पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला संगोष्ठी आयोजित

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश भाजपा के महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता जिला प्रभारी व जिला अध्यक्ष द्वारा माता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात जिला अध्यक्ष व जिला प्रभारी द्वारा मुख्य अतिथि को भगवान श्री राम का चित्र देखकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में बोलते हुए जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर से संबंधित अभियान के आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से बताया गया एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनके सम्मान में किए गए कार्यों पर भी विशेष प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर द्वारा किए गए धार्मिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक कार्यों के विषय में बताया गया साथ ही उन्होंने बताया बालिका शिक्षा व महिला उत्थान के लिए वह भारत की एक प्रेरणा है इसी से प्रभावित होकर हमारी पार्टी नारी शक्ति अधिनियम का कानून लेकर आई है जिससे भारत की मातृशक्ति को संविधान पद्धत शक्ति प्रदान हो सके और भारत की नारी शक्ति भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाने में अपनी महती भूमिका निभा सके। कार्यक्रम के अंत में बोलते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया साथ ही अभियान के आगामी कार्यक्रमों के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को मेहनत से जुटने के लिए आवाहन भी किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी भारत के सभी महापुरुषों का सच्चा सम्मान करती है और उनकी स्मृति में समय-समय पर लोगों को जागरूक और उनके विषय में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती है जिससे हमारे महापुरुषों की चेतना हमारी आगामी पीढ़ी तक पहुंचे।। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होलकर के इतिहास के विषय में भी विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताया। साथ उन्होंने आवाहन किया की नई पीढ़ी के लोगों को हम सब अपने दायित्व के अनुसार माता अहिल्याबाई होल्कर के विषय में जानकारी दें जिससे भारत की वर्तमान पीढ़ी बच्चियां भी पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होलकर प्रेरणा लेकर निडर साहसी और सनातन का सम्मान अमर करने वाली बन सके। इस अवसर पर सुधाकर शुक्ला, कंचन प्रभा पांडे, सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता , कामेश शुक्ला रामजीवन जायसवाल रोहित सिंह,जया सिंह, अमित दीक्षित उदित बाजपेई, विष्णु मौर्य, सुनील मिश्रा रमेश भार्गव दीपू सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## आम नागरिकों को किसी प्रकार की बिजली कटौती या आपूर्ति में व्यवधान का सामना न करना पड़े-अभिषेक आनंद



(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज नगर क्षेत्र स्थित संतोषी माता मंदिर के समीप सिटी पावर हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करना तथा वर्तमान में चल रही कर्मचारियों की हड़ताल के चलते वैकल्पिक व्यवस्थाओं की पड़ताल करना रहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी प्राप्त हुई कि कुल 19 विद्युतकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। इस पर उन्होंने गहनता से पूछताछ करते हुए यह जाना कि उनकी अनुपस्थिति में कौन-कौन कर्मचारी कार्यरत हैं और विद्युत आपूर्ति के संचालन की जिम्मेदारी किसे दी गई है। उन्होंने विद्युत आपूर्ति रोस्टर रजिस्टर का अवलोकन किया तथा उसमें की गई प्रविष्टियों की गहन जांच की। जिलाधिकारी ने सिविल लाइन एवं लालबाग फीडर की क्षमता, वर्तमान लोड तथा आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की बिजली कटौती या आपूर्ति में व्यवधान का सामना न करना पड़े। उन्होंने ट्रांसफार्मर की इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर लाइन की स्थिति की भी जानकारी ली और निर्देश दिया कि विद्युत क्षमता में कोई कमी न आने पाए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी आनंद ने पावर हाउस परिसर में स्थापित उपभोक्ता सेवा केंद्र व बिल जमा काउंटर का भी निरीक्षण किया।

## हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर । जनपद में कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। विशेष न्यायालय (ई.सी. एक्ट) कोर्ट संख्या–०४, सीतापुर के अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार आजाद द्वारा हत्या और आपराधिक न्यासभंग के गंभीर मामले में त्वरित व प्रभावशाली न्यायिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को कड़ी सजा सुनाई गई है। प्रकरण में वादिनी संगीता देवी द्वारा थाना मिश्रित, जनपद सीतापुर में दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार, २७.०१.२०२१ को अभियुक्त हेमेन्द्र उर्फ हेमू राठौर द्वारा वादी के पति गोविन्द प्रसाद (रेलवे कर्मचारी) को दावत के बहाने बुलाकर योजनाबद्ध तरीके से हत्या कर दी गई थी। मृतक ने अभियुक्त को ट्रैक्टर खरीदने हेतु रू० ४ लाख रुपये उधार दिए थे, जिसे लौटाने से अभियुक्त लगातार बचता रहा। न्यायालय द्वारा विचारोपरांत अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा ३०२ के अंतर्गत आजीवन कारावास व रू० ४०,००० का अर्थदंड तथा धारा ४०६ के अंतर्गत तीन वर्ष का कठोर कारावास एवं रू० १०,००० का अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड न अदा करने की स्थिति में क्रमशः एक वर्ष व छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी। साथ ही, अभियुक्त की विचाराधीन अवधि को सजा में समायोजित किया गया है। यह निर्णय प्रभावी पुलिस अनुसंधान, अभियोजन की सशक्त प्रस्तुति एवं न्यायिक तंत्र की सजगता का प्रतिफल है। जिला पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा इस मामले में की गई तत्पर एवं निष्पक्ष कार्यवाही अपराध नियंत्रण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जनपद न्यायालय आम नागरिकों को यह संदेश देना चाहता है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, और आपराधिक कृत्यों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनपद में कानून का राज स्थापित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## करें योग रहें निरोग-दीपक शुक्ला

( स्वतंत्र भारत )

कमलापुर–सीतापुर। कंपोजिट विद्यालय सरैया अकबरपुर ब्लाक कसमंडा में समर कैंप के दूसरे दिन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला व खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय गुप्त मौर्य के द्वारा समर कैंप का उद्घाटन मां सरस्वती जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके शुभारंभ किया गया । मुख्य अतिथि दीपक शुक्ला के द्वारा संबोधन करते हुए बताया सभी बच्चे प्रतिदिन समर कैंप में पहुंचकर योग करें योग करने से शारीरिक मानसिक का विकास होता है जब स्वस्थ मन रहेगा तो पढ़ाई में भी सभी बच्चों का मन लगेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरिजेश अवस्थी, व्यायाम शिक्षक अनूप शुक्ला , अध्यापक रोहित शुक्ला, अनुदेशक संघ अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, शिक्षामित्र संघ अध्यक्ष सुरेंद्र भार्गव, शिक्षामित्र महेंद्र प्रताप , प्रशांत सिंह शमीम बानो, राजेश कुमार , खलील अहमद, आईसीटी लैब टेक्निशियन मनोज कुमार सहित अध्यापक गण मौजूद रहे'।

## मिश्रित के इंजीनियस प्रेसीडेंसी एकेडमी विद्यालय द्वारा समर कैंप का किया गया आयोजन

( स्वतंत्र भारत )

मिश्रित–सीतापुर । कस्बा मिश्रित के सीतापुर हरदोई रोड के किनारे सीता कुंड वार्ड नंबर १ में स्थित इंजीनियस प्रेसीडेंसी एकेडमी विद्यालय द्वारा आज फायर ब्रिगेड स्टेशन और बर्मी में स्थित पार्क का भ्रमण बच्चों को कराया गया । विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया है । कि २० अप्रैल से विद्यालय में छुट्टियां चल रही हैं जिससे विद्यालय द्वारा बच्चों को निजी फंड से इस कैंप का आयोजन किया गया है । और सभी बच्चों को सफर कराया जा रहा है । इस समय कैंप में अगला टूर पुलिस स्टेशन , एसडीएम , आइसीआइसीआइ बैंक आदि का भ्रमण कराया जाएगा । इस मौके पर प्रधानाध्यापक ज्ञानेश गिरी , जाह्नवी , प्रगति , अंजू , प्रीति आदि विद्यालय के सभी शिक्षक मनोरंजन में मौजूद रहे ।



## दो दिनों से बंद चल रही विद्युत आपूर्ति में तीसरे दिन भी कोई सुधार नहीं

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद, सीतापुर। दो दिनों से बंद चल रही विद्युत आपूर्ति में तीसरे दिन भी कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। जिसको लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जाहिर किया। सरैंया कादीपुर पावर हाउस का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने विद्युत अधिकारियों पर जान बूझकर परेशान करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों के आर्क्रोश के बाद सरैंया कस्बे की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई किन्तु ग्रामीण आपूर्ति बंद रही। बीते तीन दिनों से संविदा विद्युत कर्मी हड़ताल पर है।

## जनपद के परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में कराये जायेंगे समर कैम्प-अखिलेश प्रताप सिंह

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उत्तरप्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन०ई०पी०) २०२० के उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुये बच्चों की रूचि के अनुरूप सीखने के आनन्ददायक अनुभव प्रदान करने एवं रचनात्मकता विकसित करने, छात्र–छात्राओं में आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करने, शिक्षक–विद्यार्थी आत्मीय सम्बन्ध तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने, बच्चों में सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करने, ग्रीष्मावकाश में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को सक्रिय रखने एवं खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किये जाने हेतु उ.प्र. बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित जनपद के परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों (कक्षा ६–८) के बच्चों के समग्र विकास हेतु २१ मई २०२५ से १० जून २०२५ के मध्य (तीन सप्ताह) समर कैम्प का आयोजन प्रतिदिन समय प्रातः ०७:०० से १०.०० बजे तक किये जाने हेतु २१.०५.२०२५ को कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जनपद में कुल ५४१ उच्च प्राथमिक विद्यालय व ६०४ कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के प्रथम दिवस जनपद के लगभग ४०००० बच्चों ने समर कैम्प में प्रतिभाग करते हुये राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन०ई०पी०) २०२० के अनुरूप उद्देश्यों को प्राप्त किया गया। समर कैम्प में सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशियन के अनर्तगत स्थानीय स्तर पर उपलब्धता के आधार पर मौसमी फल/खीरा /ग्लूकोज/ बिस्कुट/ मूँगफली दाना वाली पैक्ड नमकीन आदि का वितरण किया गया। समर कैम्प के प्रथम दिवस प्रातःकालीन योग सत्र सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, श्वास अभ्यास, व्यायाम–जम्पिंग जैक, हुपर हाप, फिटनेस रिले गेम्स टीम आधारित दौड़, बाधा रेस, खेल गतिविधियों आदि विद्यालयों में खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा नामित अनुदेशक व शिक्षा मित्रों के साथ ही स्वप्रेरित अध्यापकों व स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।



## तालाब की सफाई व जलनिकासी न होने से श्मशान घाट में भरा पानी

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। तालाब की सफाई व निकासी न होने से पानी व जलकुंभी शमशान घाट में भरने लगा लगा है जिससे नागरिकों को अंत्येठि आदि में जाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने तालाब की सफाई के साथ पानी की माइनर तक निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग करते हुए गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम ने जल्द ही समस्या समाधान का आश्वासन दिया है। समाजसेवी अतुल वर्मा, रोशन गुप्ता, अतुल चित्रांश, रंजीत गुप्त, अरुण कुमार, संदीप कुमार, पुन्नू राठौर आदि ने गुरुवार को एसडीएम न्यायिक पराग महेश्वरी को दिए गए ज्ञापन में बताया है कि रमुआपुर वार्ड में शमशान घाट बना हुआ है।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, कसमण्डा–सीतापुर

पत्रांक 471/पंचम राज्य वित्त/निविदा/2025–26 दिनांकः 20 मई, 2025

### –:: अति अल्पकालीन निविदा सूचना ::–

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से एतद्द्वारा समस्त राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड कसमण्डा द्वारा क्षेत्र पंचायत से पंचम राज्य वित्त तथा 15वां वित्त आयोग में प्राप्त अनुदान से नीचे लिखे परियोजनाओं की निविदा दिनांक 20.05.2025 से 28.05.2025 तक प्रातः 10.00 बजे से कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, कसमण्डा– सीतापुर से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त की जा सकती है।

मोहर बन्द निविदा शर्तों में उल्लेखित समस्त प्रपत्रों सहित दिनांक 28.05.2025 को 12 बजे से 3.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय में निविदा पेटिका में डाली जायेगी। प्राप्त निविदा उसी दिनांक 28.05.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे से तक निविदा समिति के द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर धनराशि का राष्ट्रीयकृत बैंक की एफडीआर जो खण्ड विकास अधिकारी के पक्ष में बन्धक होगी संलग्न करना अनिर्वाय होगा।

प्रत्येक निविदा के साथ 100रू0 के स्टाम्प पर निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा खोले जाने के उपरान्त किसी निविदादाता द्वारा यदि धरोहर/जमानत की राशि का ड्राफ्ट जमा नहीं किया गया है तो निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित होगा। निविदा सम्बन्धी कोई भी जानकारी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा में किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 28.05.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

| क0 सं0 | ग्राम पंचायत | कार्यस्थल का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (मय जीएसटी) | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सरौराकलां | मढ़िया खड़ण्जा से बहादुरपुर गांव तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | पंचम | 9.900 | 500 | 19800 | 3 माह |
| 02 | सरौराकलां | डामर रोड से देशराज के घर तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | पंचम | 9.900 | 500 | 19800 | 3 माह |
| 03 | पताराकलां | रामलखन यादव की पालेसर से डामर रोड तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | पंचम | 9.900 | 500 | 19800 | 3 माह |
| 04 | ज्योतिशाह आलमपुर | भेलाहार से शाहआलमपुर तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य | पंचम | 7.00 | 500 | 14000 | 3 माह |
| 05 | पीरनगर | डामर रोड से संगम तक इण्टरलाकिंग कार्य | अनटाइड | 9.940 | 500 | 19880 | 3 माह |
| 06 | डोभा | मुख्य मार्ग से डोभेश्वर धाम मंदिर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम | 3.390 | 500 | 6780 | 3 माह |
| 07 | गढ़ी करौंदी | गढ़ी करौंदी मुख्य मार्ग से हनुमान मन्दिर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम | 5.190 | 500 | 10380 | 3 माह |
| 08 | महोली | श्री प्रकाश सिंह के मकान से विभोर के घर तक इण्टरलाकिंग व सी0सी0/इण्टरलाकिंग कार्य | अनटाइड | 9.890 | 500 | 19780 | 3 माह |
| 09 | उसरी | उसरी मुख्य मार्ग से सुनील के घर तक सी0सी0/इण्टरलाकिंग कार्य | अनटाइड | 9.960 | 500 | 19920 | 3 माह |
| 10 | सरैंया | कल्लू कबारी के मकान से बनवारी के मकान होते हुये डामर रोड तक सी0सी0/इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम | 9.78 | 500 | 19560 | 3 माह |
| 11 | फूलपुर | फूलपुर महेशपुर में राघवेन्द्र के मकान से डामर रोड तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | टाइड | 9.900 | 500 | 19800 | 3 माह |
| 12 | पताराकलां | पताराकलां में लोटे बाबा स्थान से आर पी शर्मा के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम | 9.880 | 500 | 19760 | 3 माह |
| 13 | महोली | शिवनन्दन के घर से सर्विस रोड नाला तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | टाइड | 9.880 | 500 | 19760 | 3 माह |
| 14 | महोली | सी0सी0/इण्टरलाकिंगरोड से राजेश मिश्रा के मकान के आगे तक सी0सी0/इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | टाइड | 9.880 | 500 | 19760 | 3 माह |
| 15 | महोली | डामर रोड से अखण्ड के घर से होते हुये जगन्नाथ के घर तक सी0सी0/इण्टरलाकिंग व नाली कार्य | टाइड | 3.620 | 500 | 7240 | 3 माह |
| 16 | ललवा | ललवा चन्द्रिका के घर से बन्नी तक इण्टरलाकिंग कार्य | अनटाइड | 9.930 | 500 | 19860 | 3 माह |
| 17 | नेवादा | नेवादा से छरासी मार्ग पर पट्टे के मकान से देवी जी के चबूतरे तक इण्टरलाकिंग कार्य | अनटाइड | 9.930 | 500 | 19860 | 3 माह |
| 18 | महोली | मास्टरबाग सम्पर्क मार्ग से राकेश सिंह के मकान तक सी0सी0/इण्टरलाकिंग कार्य | अनटाइड | 9.670 | 500 | 19340 | 3 माह |

1– उन्हीं ठेकेदारों की निविदा पर विचार किया जाएगा जिनके प्रपत्र वैध होंगें।
2– निर्धारित समय– सीमा के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3– बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4– प्रत्येक कार्य के लिए कम से कम 03 निविदाएं होना अनिवार्य है।
5– उपरोक्त सभी कार्य एवं उनका भुगतान धन की उपलब्धता के अनुसार कराए जाएंगें।
6– निविदा फार्म के साथ चरित्र प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र के साथ–साथ शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
7– प्रत्येक कार्य हेतु धरोहर राशि कार्य के अनुसार पृथक–पृथक लगाई जाए।
8– कार्य आदेश के बाद कार्य से पूर्व का फोटो, कार्य करते समय का फोटो व कार्य पूर्ण होने का फोटो लगाने एवं अवर अभियंता की तकनीकी मापन के उपरान्त भुगतान देय होगा।
9– शासन स्तर से राज्य वित्त योजनान्तर्गत समय–समय पर जारी मार्गदर्शक सिद्धान्त/आदेश के विपरीत यदि कोई प्रकाश में आता है तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
10– उक्त सूचना में अंकित कोई परियोजना यदि किसी अन्य विभाग पूर्व निर्मित/प्रस्तावित/निर्माणाधीन तथा स्वीकृत कर ली गयी है तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
11– निविदा की स्वीकृत/अनुबंध धनराशि की उपलब्धता के अनुरूप कार्यादेश का पालन अनिवार्य होगा।
12– भुगतान के पूर्व प्रस्तुत बिल से अनुमन्य सभी करों/ जमानत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
13– जमानत राशि परियोजना लागत की 2 प्रतिशत कार्यालय अध्यक्ष के नाम बंधक होगी। शेश 8 प्रतिशत बिलों से कटौती की जायेगी।
14– सम्बन्धित मद की धनराशि की उपलब्धता पर ही कार्यादेश जारी किया जायेगा तथा कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**कसमण्डा–सीतापुर**

# राष्ट्रीय महिला आयोग ने लॉन्च किया 'यशोदा एआई' महिलाओं के लिए पहली बार एआई साक्षरता अभियान

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारत में महिलाओं की एआई साक्षरता और डिजिटल जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से, फ्यूचर शिफ्ट लैब के सहयोग से यशोदा एआई विकसित किया गया है। यशोदा एआई आपकी एआई सखी, डिजिटल जागरूकता के माध्यम से नए क्षितिज की ओर का शुभारंभ गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, में किया गया। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे प्रौद्योगिकी और समावेशिता के माध्यम से विकसित भारत में सार्थक योगदान दे सकें।



राष्ट्रीय महिला आयोग के नेतृत्व में यशोदा एआई अभियान भारत का पहला राष्ट्रव्यापी प्रयास है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता डिजिटल सुरक्षा में आवश्यक कौशल प्रदान करना है। यह केवल प्रशिक्षण अभियान नहीं है, बल्कि एक बदलाव लाने वाली पहल है जो महिलाओं को डिजिटल दुनिया में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, डिजिटल साक्षरता बढ़ाने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और आत्मनिर्भरता विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करती है। यशोदा एआई को फ्यूचर शिफ्ट लैब के सहयोग से विकसित किया गया है। यह कार्यक्रम पारंपरिक शिक्षा से आगे बढ़कर महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा करता है, जिसमें एआई-संबंधित अपराध, डिजिटल गोपनीयता और व्यावहारिक सुरक्षा रणनीतियां शामिल हैं। छात्रों, शिक्षकों और पुलिस बल की महिलाओं को सक्रिय रूप से शामिल करते हुए, यशोदा एआई अभियान सामुदायिक डिजिटल शिक्षा का एक नया मानक स्थापित कर रहा है, ताकि महिलाएं केवल भाग लेने वाली ही नहीं, बल्कि भारत के तकनीकी भविष्य को आकार देने वाली अग्रणी बन सकें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिलाओं द्वारा संचालित विकास और विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, यशोदा एआई अभियान एक समावेशी, तकनीकी रूप से सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अध्यक्ष विजया रहाटकर ने लॉन्च इवेंट में कहा सच्चे बदलाव की शुरुआत तब होती है जब एक महिला भविष्य के उपकरणों में महारत हासिल कर लेती है। यशोदा एआई अभियान केवल तकनीक सीखने के बारे में नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने, सूचित निर्णय लेने और हर महिला को सुरक्षित और समावेशी डिजिटल कल को आकार देने का अधिकार देने के बारे में है।

## जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक की

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में समस्त सी.एच.सी तथा पी.एच.सी के डाक्टरों को निर्देश दिये कि जिन महिलाओं की डिलीवरी हो उनका नाम तथा मोबाइल नम्बर रजिस्टर में अंकित किया जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गए कि आशाओं की लगातार चेकिंग की जाये कि वह ई. कवच पर आभा आई.डी बनाना जानती हैं या नही यदि नही बनाना जानती हैं तो इसका प्रशिक्षण कराया जाये तथा उन्हे अधिक से अधिक आभा आई.डी बनाने के लिए प्रेरित किया जाए।

बैठक में उन्होने कहा कि सी.एच.सी तथा पी.एच.सी में वैक्सीनेशन कम होने की बहुत अधिक शिकायतें आ रही है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये इसमें सुधार के निर्देश दिये।

# अहिल्याबाई होलकर के जीवन से हम सबको शिक्षा लेनी चाहिए: दुर्विजय सिंह शाक्य

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** रानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान की महानगर संगोष्ठी सिविल लाइन्स भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा, अहिल्याबाई होलकर के जीवन से हम सबको शिक्षा लेनी चाहिए इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती को भारतीय जनता पार्टी भव्य तरीके से मनाएगी। उसके लिए 31मई तक महानगर में स्मृति अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर जी को धर्म, न्याय और राष्ट्र धर्म का सजीव स्वरूप बताया। उन्होंने कहा कि वह सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी, उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थस्थलों का पुनरोधार कराया सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा महिलाओं को भी महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है इसलिए सभी को उनके जीवन के बारे में अवश्य पढ़ना चाहिए



कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा महारानी अहिल्याबाई होलकर के बारे में जन-जन तक इतिहास के बारे में पहुंचना चाहिए जिससे उनके जीवन के बारे में सभी लोग जान सकें और आज का भव्य काशी विश्वनाथ धाम उसी मंदिर का स्वरूप है नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का कार्य किया और नारी सशक्तिकरण की दिशा में अनेको कार्य किये।

महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जी के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भाजपा बूथ स्तर तक अभियान चलाएगी। महिलाएं महारानी होल्कर जी के आदर्श पर चलकर देश की सत्ता में भागीदार बने।

महानगर संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, सांसद छत्रपाल गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अनिल कुमार एडवोकेट, एस सी/एस टी आयोग सदस्य उमेश कठेरिया, गुलशन आनंद,डॉ सी पी एस चौहान, पंडित रामगोपाल मिश्रा,नीलम जेठा, प्रभु दयाल लोधी, बंटी ठाकुर, डॉ तृप्ति गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, जेपीएस पाल, सूर्यकांत मौर्य, राजकिशोर कश्यप, योगेश कुमार, अमन सक्सैना, संजीव शर्मा, एवं समस्त महानगर, पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद गण और कार्यकर्ता मौजूद रहे

# बिजली विभाग से विभिन्न समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने अधीक्षण अभियंता से की शिकायत

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** व्यापारी सुरक्षा फोरम के महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला के साथ पद अधिकारों द्वारा बिजली की समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता नगरीय, रामपुर गार्डन को शिकायत की है।



महानगर अध्यक्ष राम कृष्ण शुक्ला कहा कि बिजली विभाग द्वारा स्टेडियम टॉवर के सामने गली में 6 माह से ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद मोबाइल ट्रांसफार्मर ट्रॉली ख?ी कर रखी है। जिससे जनता को परेशानी हो रही है। जब हैल्प डेक्स पर फोन करते हैं तो फोन भी नहीं उठता। शिकायत करते हुए उन्होंने मांग भी की है कि बिजली कटौती से पहले उपभोक्ताओं को उसकी जानकारी होनी चाहिए, मोबाइल ट्रांसफार्मर ट्रॉली को कार्य सम्पूर्ण कर जल्द हटाना चाहिए। हेल्प टैक्स काउंटर की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए एवं जानकारी लेने वालों को तत्काल रूप से जानकारी देनी चाहिए इसी के साथ उन्होंने बताया कि होली चौराहा मठिया के बराबर में संजय नगर बीचो-बीच एक खंभा खड़ा है जिससे कि यातायात बाधित हो रहा है उसको भी तत्काल रूप से हटना चाहिए। शिकायत करने वालों में महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ,सोमेश मेहरोत्रा, परमजीत सिंह, सत्येंद्र पटेल ,अभिषेक गंगवार, राहुल पटेल ,विष्णु शुक्ला ,सोनू, सुभाष आदि मौजूद रहे।

# प्रबन्ध निदेशक नमामि गंगे तथा जल निगम ( ग्रामीण ) ने ग्राम भूड़ा में हर घर जल परियोजना का किया निरीक्षण

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** प्रबन्ध निदेशक नमामि गंगे तथा जल निगम (ग्रामीण) डॉ0 राजशेखर ने आज जनपद बरेली के विकास खण्ड बिथरीचैनपुर के ग्राम भू?ा में जल जीवन मिशन की हर गगर जल परियोजना का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी उपलब्ध कराने की ओर एक बड़ा कदम है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बात की और पूछा कि गांव में पानी आता है या नहीं तथा पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गांव के अंतिम छोर तक जाकर देखा कि पानी की पाइप पड़ी है या नहीं और प्रत्येक घर में कनेक्शन है या नहीं।

निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक ने गांव के बच्चों से बातचीत करी और पूछा कि घरों में जो पानी की टंकी लगी हैं, उसका पानी पीते हो तथा पानी कैसा है। निरीक्षण के दौरान जल सखियो से भी वार्ता करी।

निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक ने पानी को पीकर उसकी गुणवत्ता को भी परखा।

निरिक्षण के दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बारात घर के गोदाम में आग लगने से टेंट का सामान जलकर राख




-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** नगर के मेंन बाजार में एनवी टाकीज के नाम से प्रसिद्ध है जो वर्तमान में समृद्धि बारात घर के रूप में संचालित हो रहा है उसके ऊपरी मंजिल पर बने गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से उसमें रखें टेंट के रजाई गद्दे जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग बुझाने पर काबू पाया। नगर के मेंन बाजार में भारत गुप्ता के समृद्धि बारात घर में बृहस्पतिवार को दोपहर समय लगभग 2: 00 बजे उपरी मंजिल पर बने गोदाम में टेंट के रखे हुए रजाई गद्दो में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई बारात घर के कर्मचारियों ने जैसे ही गोदाम में धुआं निकलते देखा तो कर्मचारी आग बुझाने में जुट गए आग धीरे-धीरे बढ़ती जा रही थी तभी इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी सूचना मिलते ही अग्नि शमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया तब तक गोदाम में रखें रजाई गद्दे व अन्य सामान जलकर राख हो चुका था।

## संक्षिप्त समाचार

### भागवत कथा भगवान श्री कृष्ण का ही साक्षात विग्रह है: संजीव कृष्ण महाराज

**बरेली।** श्री आनन्द आश्रम मन्दिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत अमर कथा के द्वितीय दिवस पर महामंडलेश्वर आचार्य संजीव कृष्ण महाराज जी की सानिध्य में सुखदेव आगमन की कथा सुनाई, भागवत कथा का सार बताते हुए कहा कि जीवन में जब मी सतगुरु अथवा संत आयेंगे, तो वे ईश्वर का संदेश लेकर ही आयेंगें उन्होने कहा भागवत कथा भगवान श्री कृष्ण का ही साक्षात विग्रह है, यह कोई पोथी नहीं है और बताया कि भागवत का श्लोक पढ़ने से जीव को मुक्ति मिल जाती है, भागवत का श्लोक भी उन्होंने भक्तों द्वारा कहा कृष्णाय वासुदेवाय देवकी नंदनायच नंद गोप कुमाराय श्री गोंविदाय नमो नमः भागवत का आधा श्लोक पढ़ने से भी जीव की मुक्ति हो जाती है, हम जीवन में तत्व की खोज में आते हैं किंतु जीवन भर तत्व को खोज नहीं पाते माता सती का चरित्र सुनाते हुए कथा के विश्राम पर सुंदर भजन संकीर्तन तत्पश्चात प्रसाद वितरणा।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने केन्द्रीय कारागार-२ का निरीक्षण किया

**बरेली।** माननीय राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डिलैना खॉन्गडुप द्वारा केन्द्रीय कारागार - 2 / जिला कारागार, आकर कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। माननीय सदस्य के साथ निरीक्षण के दौरान नेहा यादव एवं लकी शर्मा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्र के साथ-साथ जेलर संजय कुमार, रतन कुमार तथा डिप्टी जेलर पीयूष पाण्डेय, अंजुली वर्मा, रीता सागर, चैतेन्द्र प्रसाद, एवं अन्य कारागार स्टाफ द्वारा माननीय सदस्य का स्वागत एवं आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर माननीय सदस्य द्वारा कारागार में वृक्षारोपण भी किया गया।



### प्रगतिशील किसान अनिल साहनी को लखनऊ में मिला प्रशस्ति पत्र

**बरेली।** अन्तरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर प्रकृति तथा सतत विकास के साथ सामंजस्य विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ, डॉ अरुण कुमार सक्सेना , (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार- पर्यावरण, वन, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन), के पी मलिक, (राज्य मंत्री - पर्यावरण, वन, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन), मनोज कुमार सिंह- मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश, सुनील चौधरी- प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनिल कुमार- (प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन) की गरिमामय उपस्थिति में गोष्ठी हुई।

लखनऊ में हुई इस संगोष्ठी में बरेली के प्रगतिशील कृषक अनिल कुमार साहनी द्वारा जैव विविधता संरक्षण के लिए किए गए सकारात्मक प्रयास एवं अपने आधुनिक कृषि फार्म को जैव विविधता संरक्षण के एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित करने के योगदान की उत्तर प्रदेश शासन द्वारा हेतु सराहना की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में अनिल कुमार साहनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### लगातार तीसरे दिन सफाई कर्मचारियों की भूख हड़ताल जारी

**बरेली।** बरेली कॉलेज बरेली से हटाए गए मस्टर रोल सफाई कर्मचारियों की भूख हड़ताल आज तीसरे दिन जारी है। कर्मचारियों ने सेवा बहाली तक आंदोलन करते रहने का संकल्प लिया है धरना प्रदर्शन एवम् भूख हड़ताल को कर्मचारी कल्याण सेवा समिति बरेली कॉलेज बरेली के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा एवम् हरीश मौर्य व पूरनलाल मसीह ने भी समर्थन किया है और सेवा बहाली न होने पर उच्चाधिकारियों को पत्र भेजने की बात कही है।आज आंदोलन को राष्ट्रीय लोकदल रूहेलखंड के क्षेत्रीय सचिव डॉ वी पी सिंह गहलौत एवम् तरूण चहल ने समर्थन किया है। भूख हड़ताल पर बैठे संजीव की तबियत भी अब तीसरे दिन खराब हो रही है लेकिन जिला प्रशासन या कालेज प्रशासन से कोई भी हाल जानने नहीं आया है इससे कर्मियों में रोष है। आंदोलन कारियों में आलौक, नितिन, रघुवीर,राजू, अरविंद आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### मोटरसाइकिलों की टक्कर में डिग्री कॉलेज का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल

**बरेली।** शहर के जंक्शन रोड पर बृहस्पतिवार की सुबह एक सड़क हादसे में साहू राम स्वरूप डिग्री कॉलेज के वाहन चालक संदीप (51 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय दिलावर मसीह, गंभीर रूप से घायल हो गए। वह विश्वनाथ पुरम, बदायूं रोड थाना सुभाषनगर के निवासी हैं। रोज की तरह सुबह वह अपनी मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मालगोदम के सामने एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि संदीप मौके पर ही सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों तथा पुलिस ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार संदीप की के गंभीर चोट लगी है। उधर, हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सुभाषनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टक्कर मारने वाले बाइक सवार को हिरासत में ले लिया।

# नाबालिग बच्चियों की बरामदगी के लिए आरएसी पहुंची एसएसपी कार्यालय

## आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट लगाए जाने, मुक़दमों में लापरवाही न बरते जाने की मांग

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** नबीरा-ए-आला हज़रत व ऑल इंडिया रज़ा एक्शन कमेटी (आरएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रज़ा क़ादरी के निर्देश पर आरएसी प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचा और थाना भमोरा व थाना सुभाष नगर से दो नाबालिग़ लड़कियों को उठा ले जाने के मुक़दमों में तुरंत कड़ी कार्रवाई की माँग की। आरएसी ने दोनों मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की माँग भी की है।



राष्ट्रीय सचिव हाफिज इमरान रज़ा बरकाती के नेतृत्व में पहुँचे आरएसी प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि थाना भमौरा के ग्राम सिरसा विधुरैया से 17 वर्षीय नाबालिग़ लड़की को दीन दयाल और उसके रिश्तेदार मनीष, वदन सिंह व महावीर जबरन उठाकर ले गए और साथ में ढाई लाख रुपये तथा चार तोला सोना भी ले गए हैं। इस मामले में मुक़दमा संख्या अ.सं. 233/2025 धारा 137(2), 87, 352, 351(3) बी.एन.एस. दर्ज किया गया है। इसके बाद से ही आरोपी लगातार लड़की के पिता को धमकियाँ दे रहे हैं कि अगर मुक़दमा वापस नहीं लिया तो लड़की और पिता दोनों को जान से मार देंगे। उधर, थाना सुभाषनगर में विष्णु पुत्र राजपाल निवासी करेली और उसके साथी साथी अर्जुन व करन 16 वर्षीय नाबालिग़ लड़की को बहला-फुसलाकर ले गए हैं। इस मामले में मु.अ.सं. 313/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस. दर्ज किया गया है।

आरएसी प्रतिनिधिमंडल ने आला अधिकारियों के समक्ष कहा कि नाबालिग़ लड़कियों के साथ आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं मगर पुलिस मुक़दमे दर्ज करने के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रही है। इन दोनों मामलों में भी यही स्थिति है। हाफिज़ इमरान रज़ा बरकाती ने कहा कि इन मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में हाफिज इमरान रज़ा, सईद सिब्तेनी, सय्यद मुशर्रफ हुसैन,मोहम्मद जुनैद, मौलाना आकिब रज़ा,अनवर रज़ा, इश्तियाक रज़ा, समीर अहमद, शाहरुख अंसारी, जाबिर अंसारी, जाकिर अंसारी, वाजिद अंसारी, आजाद अंसारी, आदिल शाह, नत्थू शाह, आसिफ मोहम्मद आशिक,बाबू हसन, मोहम्मद तौफीक, अल्ताफ हुसैन सहित काफी लोग शामिल रहे। आला अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कांग्रेस ने शुरू किया संगठन सृजन अभियान, संगठन को बूथ स्तर तक करेंगे मजबूत

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** चौपाला रोड स्थित रोटरी भवन में संगठन सृजन अभियान को गति देने के लिए एक सभा हुई जिसमें पूर्व प्रदेश सचिव जिला बरेली कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा, महानगर कोऑर्डिनेटर सुनीता सिंह के साथ-साथ बदायूं महानगर कोऑर्डिनेटर प्रेम प्रकाश अग्रवाल, बदायूं जिला कोऑर्डिनेटर पूर्व महापौर प्रत्याशी गुरु जी डॉ केबी त्रिपाठी, शाहजहांपुर कोऑर्डिनेटर इलियास अंसारी, पूर्व शहर विधानसभा प्रत्याशी कृष्ण कांत शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने की संचालन निवर्तमान जिला महासचिव राजन उपाध्याय ने किया। उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पांडे ने की।

उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा ने कहा की 100 दिनों का संगठन सर्जन अभियान हाई कमान की ओर से जारी किया गया है जिसके माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक और तहसील में कांग्रेस पार्टी की सभाएं की जाएगी और इसी अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाएगा।

महानगर कोऑर्डिनेटर सुनीता सिंह ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में वार्ड कमेटी के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियां बताई जाएगी और इसी अभियान के माध्यम से हमारी आगामी विधानसभा चुनावो की तैयारी भी शुरू हो जाएगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन सर्जन अभियान संगठन की मजबूती की एक महत्वपूर्ण कड़ी है किसी कड़ी के माध्यम से संगठन को गति दी जाएगी। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा की महानगर के प्रत्येक वार्ड में संगठन खड़ा किया जा रहा है उसी के माध्यम से हम इस पूरे अभियान को पूरे महानगर क्षेत्र में कई जोन में बाट कर चलाएंगे और प्रत्येक दिन अलग-अलग वार्डो में छोटी-छोटी सभाएं की जाएगी।

पूर्व महापौर प्रत्याशी गुरु जी डॉ केबी त्रिपाठी ने कहा कि संगठन सर्जन अभियान जिला और शहर अध्यक्षों की परीक्षा भी है उनको यह साबित भी करना है कि वह पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य कर रहे हैं इस अभियान के ऊपर हाई कमान की पूरी नजर लगातार बनी रहेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांगेसी शामिल रहे।

# कुर्मी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा पर दें जोर: उमेश पटेल

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव उमेश पटेल गुरुवार को बरेली पहुंचे। उनके आगमन पर कुर्मी क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों ने ब्रह्मपुरा छात्रावास पर भव्य एवं दिव्य स्वागत किया।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष प्रेम शंकर गंगवार ने की। इस मौक़े पर उमेश पटेल ने कहा कि कुर्मी समाज के उत्थान के लिए सभी लोग अन्य उपनामों के स्थान पर जातिय जनगणना में स्वयं को कुर्मी दर्ज कराएँ।

उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों को तालीम देना बेहद जरूरी है, ताकि वे भविष्य में बुलंदियों को छू सकें। उन्होंने यह भी बताया कि कुर्मी समाज के लोग आज राजनीति से लेकर प्रशासनिक सेवाओं जैसे आईएएस, आईपीएस और पीसीएस तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने समाज के युवाओं को प्रेरित करते हुए शिक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया और कहा कि संगठित होकर ही समाज तरक्की कर सकता है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कुर्मी क्षत्रिय सभा के उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, महामंत्री/व्यवस्थापक आर.सी.लाल, महामंत्री रामऔतार सिंह गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार, डॉ. राजेन्द्र कुमार गंगवार अध्यक्ष जय शिवाजी जय सरदार, हरीश गंगवार मंडल प्रभारी अखिल भारतीय कुर्मी महासभा, कोषाध्यक्ष आलोक गंगवार, सदस्य अरविंद पटेल, सदस्य डॉ. उग्रसेन गंगवार, सदस्य भद्र पाल गंगवार, सदस्य वीरेश कुमार गंगवार, सदस्य तेजपाल गंगवार, सदस्य अमित गंगवार, सदस्य कृष्ण पाल सिंह, सदस्य युधिष्ठिर प्रसाद गंगवार, सदस्य खेमेन्द्र गंगवार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया अस्पताल का निरीक्षण महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का किया अन्नप्राशन

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** महाराणा प्रताप जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्म उत्सव केक काट कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने पहले जिला महिला अस्पताल के वार्डो का निरीक्षण किया, अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात की, उनका हाल चाल जाना। विजया राहटकर ने अस्पताल में साफ सफाई की तारीफ की।

इस अवसर पर उन्होंने नवजात कन्याओं की माता को आशीर्वाद दिया और उपहार वितरण किया। गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की और उनको पौष्टिक आहार का वितरण किया, बच्चों का अन्नप्राशन किया। कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा, आज महिलाओं ने काफी ऊंचा स्थान प्राप्त किया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजना चलाई गई है जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला कन्यादान ,मिशन शक्ति आदि जैसे कार्यक्रम है इससे महिलाओं और नवजात शिशुओं को लाभ मिल रहा है। जिला महिला चिकित्सालय में आज जो आयोजन किया गया है उसके लिए मैं उनको धन्यवाद देती हूं और उनके कार्य की प्रशंसा करती हूं और जो नई माताएं बनी है अभी मैं उन्हें बधाई देती हूं उनको यह सलाह भी देती हूं कि अपना दूध पिलाकर ही बच्चे को स्वस्थ करें, साफ सुथरा रखें बीमारी से बचाएं और समय-समय पर डॉक्टर की सहायता ले, अस्पताल जाकर अपने बच्चों का संपूर्ण जांच एवं टीकाकरण करवा कर बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाएं। इस अवसर पर उनके साथ राज्य महिला आयोग की सदस्य भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को पारितोषिक वितरण किया।

# समर कैम्प में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए गए




-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** ग्राम पंचायत इनायतपुर के राजकीय हाई स्कूल में समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित समर कैंप के द्वितीय दिवस छात्र-छात्राओं को कैंप की विभिन्न गतिविधियों के साथ आज के समय में होने वाले साइबर क्राइम से बचाव के तरीके सिखाए गए। इस अवसर पर फरीदपुर कोतवाली के उप निरीक्षक महेश पाल सिंह ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से हैकर्स दूसरे राज्यों में बैठे-बैठे मेहनत से जमा किया गया आप के अकाउंट का धन खाली कर देते हैं। उन्होंने बताया कि हमें मोबाइल में विश्वसनीय साइट्स के अलावा कोई भी ऐसी-वैसी साइट्स को ओपन नहीं करना चाहिए इसके अलावा किसी भी व्यक्ति के द्वारा भेजा गया ओटीपी हमें नहीं बताना चाहिए। प्राय¬ बच्चों की गेम खेलने की आदत के चलते हैकर्स उन्हें निशाना बना लेते हैं और किसी गेम का लिंक भेजकर मोबाइल का डाटा हैक कर लेते हैं जिसके बाद बिना ओटीपी के ही वह आपका अकाउंट खाली कर सकते हैं । कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका गीता, सीमा, राशि आदि का सहयोग रहा।







# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन

● भारतीय सेना को उनके शौर्य के लिए दी सलामी

स्वतंत्र भारत





**हरदोई।** कछौना में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में विधायक रामपाल वर्मा के नेतृत्व में नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैनिकों के सम्मान के नारे लगाए गए, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस यात्रा में नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि, व्यापार मंडल पदाधिकारी, व्यापारी, शिक्षक समाज, सभासद, प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। यह यात्रा कछौना के श्री जानकी प्रसाद इंटर कॉलेज कछौना पतसेनी से ब्लॉक संसाधन केंद्र कछौना में स्थित शहीद स्तंभ पर समापन हुई। पूरा नगर देशभक्तिमय हो गया। विधायक रामपाल वर्मा ने कहा तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश की सेना का सम्मान व मनोबल बढ़ाने के लिए और लोगों में एकता अखंडता की भावना को मजबूत करना है।जाति, पांति, धर्म, वैचारिक मतभेद से ऊपर देश की अखंडता है। देश सुरक्षित है, तभी हम सब सुरक्षित हैं। हमारे वीर जवानों ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान को 24 घंटे में धूल फंका दी। उनके शौर्य पराक्रम को देश कभी नहीं भूल सकता है। इस अवसर पर युवा नेता संचित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि गणेश शुक्ला, सर्व वैश्य समाज के अध्यक्ष तुलसी गुप्ता, प्रधानगण आलोक कुमार उर्फ विपिन भैया, गौतम कनौजिया, शिवम मिश्रा, अखिल विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष योगेश सिंह की टीम, सभासद गण सहित नगरवासी, व्यापारी, शिक्षक, डॉ0 शिवराज सिंह पटेल, प्रधानगण सहित प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।



**माधोगंज।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाल कर भरतीय सेना को उनके शौर्य को सलामी दी। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष आनंद सैनी के नेतृत्व में जखदेवी मंदिर से स्कूली बच्चो व कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारतीय सेनिको ने मुंह तोड़ जवाब देते हुए आतंकवादियों को मौत की नींद सुलाने व पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइलों को मार गिराने पर भारतीय सेना के पराक्रम पर तिरंगा यात्रा निकाली तिरंगा यात्रा में बच्चे हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के जय कारे लगा रहे थे। यात्रा कस्बे के मुख्य चैराहे पर सम्पन्न हुई। यात्रा में नगरपंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा मंडल महामंत्री प्रमोद गुप्ता सभासद संजीव गुप्ता, वेद गौतम,पूर्व सभासद शिवशंकर गुप्ता, आदि लोग चल रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष विजय कुमार, एसआई अविनाश पुलिस फोर्स के साथ मौजूद थे।

## सीएसएन में डीएम को दी गयी भावभीनी विदाई

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** सीएसएन पीजी कॉलेज के स्टॉफ ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को भावभीनी विदाई दी। कॉलेज के प्रबंधक प्रभात वर्मा व प्राचार्य केपी सिंह ने जिलाधिकारी का स्वागत किया। विदाई देते समय कॉलेज का स्टॉफ काफी भावुक नजर आया। सभी वक्ताओं ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि कॉलेज की छवि में लगातार सुधार हुआ है। कॉलेज के शिक्षक बहुत परिश्रमी हैं। कॉलेज के प्राचार्य केपी सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी का कार्यकाल कॉलेज के लिए एक स्वर्ण काल रहा। उनके कार्यकाल के दौरान कॉलेज में 16 कार्य हुए।

दो स्मार्ट बनाये गए। महाविद्यालय में ओपेन जिम की स्थापना की गयी। बीबीए व बीकॉम की शुरुआत हुई। अतिक्रमण हटाने का कार्य कराया गया। शिक्षण कक्षों की संख्या बढ़ी है। प्रो0 एसके सिंह ने जनपद में जिलाधिकारी की कार्यशैली की सराहना की। समारोह के उपरांत जिलाधिकारी ने परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके शिक्षकों को सेवा स्थायीकरण का प्रमाणपत्र सौंपा। इस अवसर पर कॉलेज की उप प्राचार्य पुष्पा गंगवार, पूर्व प्राचार्य नरेश शुक्ला व वीडी शुक्ला, कानपुर विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक एसके सिंह, रेडियो जागो के प्रबंधक अभय शंकर गौड़ व कॉलेज के शिक्षक उपस्थित रहे।

## समर कैंप में छात्र- छात्राओं ने रंगोली व राइटिंग कंपटीशन में किया अपनी कला का प्रदर्शन

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** ग्रीष्मकालीन सिविर में सनशाइन जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने विभिन्न विधाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह समर कैंप का आयोजन सभी परिषदीय स्कूलों और प्राइवेट स्कूलों में 21 मई से 10 जून तक मनाने का प्रावधान है। इसका उद्देश्य बच्चों की रुचि के अनुरूप सीखने के आनंददायक अनुभव प्रदान करना व रचनात्मक विकसित करना है। इससे छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास एवं जीवन शैली का विकास करना है। समर कैंप के आयोजन के प्रथम दिवस छात्र-छात्राओं ने रंगोली व राइटिंग कंपटीशन के माध्यम से अपनी विधा का परिचय दिया। बच्चों ने



विभिन्न रंगोली बनाकर संदेश दिया, रंगोली को देखकर शिक्षकों ने सहाना की।स्कूल में प्रधानाचार्य मोहम्मद शोएब ने बताया है कि यह दिवसीय समर कैंप है, इसमें छात्र-छात्राओं को सिंगिंग, मेहंदी, फैंसी, ड्रेस, ड्राइंग, डांस आदि विधाओं पर प्रदर्शन करेंगे। रोचक गतिविधियां कराई जा रही है। प्रबंधक सुनील सोनी ने बताया इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का मंच मिलता है। उनको विभिन्न विधाओं योग, सांस्कृतिक विरासत, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण, बागवानी, पौधों की देखभाल, चित्र प्रतियोगिता, नाटक मंचन आदि के माध्यम से भविष्य का एक अच्छा नागरिक तैयार करना है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरिहरपुर में आयोजित हुआ एमएमडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम

● 30 फाइलेरिया मरीजों को वितरित हुयी किट

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के सहयोग से ब्लॉक बृहस्पतिवार को टड़ियावां के हरिहरपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता निवारण (एमएमडीपी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें फाइलेरिया रोगियों को प्रभावित अंगों की देखभाल एवं व्यायाम के तरीके बताने के साथ ही 38 रोगियों को एमएमडीपी किट और 12 दिन की दवाएं दी गयीं द्य किट में बाल्टी, टब, मग, साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम और तौलिया थी द्य

इस मौके पर जिला मलेरिया टीम के सदस्य कृपांश शर्मा तथा अवधेशसिंह ने फाइलेरिया रोगियों को संबोधित करते हुए बताया कि यह बीमारी मच्छर के काटने से होती है और शरीर के अंगों जैसे हाथ, पैर, पुरुषों के जननांग और महिलाओं के स्तनों को प्रभावित करती है। यदि समय पर देखभाल न की जाए, तो यह रोग व्यक्ति को स्थायी रूप से दिव्यांग बना सकता है।

सदस्यों ने बताया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए जो मरीज तीसरी श्रेणी के ऊपर हैं वह रोगी जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर प्रत्येक सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में दिव्यांग बोर्ड के सामने प्रस्तुत होकर के अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं ।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शोभित मिश्रा ने बताया कि प्रभावित अंगों की नियमित सफाई, सूखापन बनाए रखना और हल्के हाथों से सफाई करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि साबुन को सीधे अंग पर न मलें, बल्कि झाग बनाकर हल्के स्पर्श से साफ करें और फिर साफ पानी से धोकर तौलिये से सुखाएं। घाव होने की स्थिति में उसे सुखाकर एंटीसेप्टिक क्रीम का प्रयोग अवश्य करें।

इसके साथ ही फाइलेरिया के कारण होने वाली सूजन को नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम का प्रदर्शन भी किया गया। उपस्थित रोगियों को व्यायाम की तकनीकें बताई गई, जिन्हें वे घर पर नियमित रूप से कर सकते हैं ताकि अंगों में रक्तसंचार बेहतर हो और सूजन न बढ़े।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार, एएनएम नैंसी अवस्थी, आशा संगिनी सीमा सिंह अंजू देवी रूबी देवी आंगनवाड़ी अनीता देवी अनीता कुमारी संतोष कुमारी सुमन देवी सुमन तिवारी नीलम वर्मा आशा कार्यक्रम कार्यकर्ता, सीफार से सर्वेश पाण्डेय, वालंटियर प्रदीप दीक्षित, फाइलेरिया मरीज व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे ।







## मुख्यमंत्री ने निबन्ध प्रतियोगिता में माधोगंज के छात्र को सम्मानित किया

माधोगंज। स्वतंत्र भारत

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ में दिनांक 02-05-2025 को जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन पर जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इन प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था।

इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल माधोगंज, हरदोई शाखा के बच्चों ने भी बढ़ -चढ़ कर प्रतिभाग किया ।प्राणी उद्यान द्वारा जारी किए गए परिणाम में विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र निशांत कुमार पुत्र मंगतराम ने निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राणी उद्यान के माध्यम से विद्यालय के प्रधानाचार्य को छात्र की सफलता की सूचना दी गई ।

इस सफलता के लिए छात्र एवं उसके पिता तथा प्रधानाचार्य को पुरस्कार वितरण समारोह में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर छात्र निशांत कुमार को मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने वहां पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा शुभकामनाएं दीं। छात्र के पिता मंगत राम ने बताया कि जब से मेरा पुत्र लखनऊ पब्लिक स्कूल में आया है तब से उसमें बहुत बड़े परिवर्तन हुए हैं मैं विद्यालय तथा प्रधानाचार्य जी का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे बच्चे के माध्यम से इस मंच तक पहुंचने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य के0 के0 शर्मा ने बच्चे की शानदार उपलब्धि के लिए उसका उत्साहवर्धन किया एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि हमारा विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बच्चों को प्रतिभाग कराता रहता है। हमारे विद्यालय के बच्चे विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में नित्य नए आयाम हासिल कर रहे हैं।

## खबर एक नजर

### पति सहित पांच पर लिखाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी दरमियानी निवासी विवाहिता ने मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। पीड़िता सबा पुत्री मसकर के अनुसार उसका विवाह चार वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी ताहेर मुल्ला के पुत्र जुबैर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था।विवाह के कुछ दिन बाद पति,ससुर,सास राबिया, ननद शमा और शहरोज अतिरिक्त दहेज में सोने की चेन,बाइक और कूलर की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते हैं।उसके दो पुत्र हैं।20 मई को सुबह विपक्षियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर पुत्रों के साथ उसे घर निकाल दिया।वह बच्चों को लेकर मायके चली आई। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समर कैम्प का आयोजन किया गया




**माधोगंज हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** समर कैंप के द्वितीय दिवस की गतिविधियांपर प्रकाश डाला गया शासन के निर्देशानुसार समर कैंप के आयोजन के दूसरे दिन की गतिविधियों उच्च प्राथमिक विद्यालय सदरियापुर मे सम्पन्न हुई। माँ सरस्वती व भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर नमन किया । समर कैंप की गतिविधियों में नामित संचालन कर्त्ता सतीश कुमार व सुधीर कुमार द्वारा पांच समूहों में कैरम बोर्ड प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रथम समूह से रोली, द्वितीय समूह से काजल, तृतीय समूह से मुस्कान, चतुर्थ समूह से आकाश व पंचम समूह से सोनू ने जीत हासिल की।सभी को संचालन कर्त्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया। बच्चो को कम्प्यूटर के भागों से भी परिचित करवाया।। बैडमिंटन व क्रिकेट खेल भी खिलायें गये।सभी बच्चों ने स्मार्ट टी वी के माध्यम से तालाब के किनारे दो बहुओं का घर कहानी का आनंद लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा विभाग से प्राप्त ग्रीष्मावकाश पत्रिका से रीना की मजबूरी कहानी सुनाकर उससे संबंधित प्रश्न पूछें सभी ने संतोषजनक उत्तर दिए। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया गया कि समर कैंप का विद्यालय के छात्रों पर एक अच्छा असर पड़ेगा तथा अभिभावकों के लिए यह एक सकारात्मक संदेश रहेगा जिससे विद्यालय में ठहराव व नामांकन में भी बढ़ोत्तरी होगी।

### भागवताचार्य ने सुनाई शिशुपाल की कथा

**गोला गोकरननाथ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** ग्रट नंबर 11 के गांव देवीपुर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में पंडित पवन द्विवेदी महाराज ने रुक्मणी विवाह कंस वध का प्रसंग सुनकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। श्रीमद् भागवत कथा में पंडित पवन द्विवेदी महाराज ने सुनाया कि रुक्मणी का भाई रुक्मी अपनी बहन की शादी शिशुपाल से करना चाहता था। रुक्मणी ने एक ब्राह्मण के हाथ पत्र लिखकर भगवान श्री कृष्ण को भेजकर अपनी शादी की इच्छा व्यक्त की। भगवान श्री कृष्ण पत्र पाते ही विदर्भ देश पहुंचे और रुक्मणी का हरण कर लिया। रुक्मी के विरोध करने पर उसे युद्ध में परास्त कर दिया भगवान श्री कृष्णा रुक्मणी से विवाह कर द्वारिका ले गए। कंस के अत्याचार से प्रजा दुखी थी भगवान कृष्ण और बलराम कंस के बुलाने पर मथुरा पहुंचकर कंस का वध किया और अपने पिता वासुदेव और माता देवकी को कारागार से मुक्त कर अपने नाना ऊग्रसेन को राजगद्दी सौंप दी। कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा में लखनऊ के दिव्यांश गोस्वामी भाजपा कार्यकर्ता, आयोजक आकाश मिश्रा, आशीष कुमार तिवारी, जलागिरी, अनंत राम मिश्रा, विनोद कुमार, संजू, राजेश, गोलू मिश्रा, अद्वैत मिश्रा, देवम मिश्रा, सिद्धार्थ मिश्रा, जय गिरी, अपूर्व गिरि, रोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### घाघी नाले की सफाई और पानी की निकासी सही करने के निर्देश

**निघासन खीरी (स्वतंत्र भारत)।** इलाके के तमाम गांवों के लिए यह राहत भरी खबर है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सिंचाई विभाग को 16 जून तक रानीगंज लुधौरी के घाघी नाले की सफाई और पानी की निकासी सही करने का निर्देश दिया है। अदालत ने नाले पर काम पूरा करके सोलह जून तक फोटो आदि दाखिल करने को कहा है। शारदा नदी से जुड़ा लुधौरी के रानीगंज का घाघी नाला निघासन इलाके के करीब तीस गांवों में मानसून के दौरान भारी तबाही मचाता है। इसकी वजह से तमाम गांवों का आवागमन बंद हो जाता है। पिछले साल इस नाले की बाढ़ में लुधौरी से खमरिया जाने वाली सड़क और घर कट गए थे। नाले का बंधा कटने की वजह से इलाके के लालपुर, लुधौरी, मंडप फार्म, बैलहा, डीह, बरोठा, मिर्जागंज आदि करीब तीस गांवों में पानी की धार चलने लगी थी। किसानों की तमाम फसल और जमीन नाले के पानी ने निगल ली थी। किसानों ने इसके बंधे बनाने के लिए करीब आठ साल पहले जलसमाधि लेने तक की घोषणा कर दी थी। मौके पर पहुंचे एसडीएम को बंधक बना लिया था और सिंचाई विभाग के अफसरों को वहां से भगा दिया था। घाघी नाले की वजह से होने वाली तबाही रोकने के लिए इलाके के कई गांवों के लोगों ने अफसरों और जनप्रतिनिधियों के खूब चक्कर काटे। लुधौरी ग्राम प्रधान और सिंचाई विभाग ने नाले के बंधे को मजबूत करने के लिए वहां ईंटें और मिट्टी की बोरियां लगाई लेकिन ये सब काम कारआमद साबित नहीं हुए। पिछले साल इसके पानी से प्रभावित होने वाले गांवों के बख्शीश सिंह आदि ने सरकार और अन्य विभागों को पक्षकार बनाते हुए लखनऊ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर नाले की सफाई करने और इसके बंधे मजबूत करने की गुहार लगाई थी। अदालत नेयाची पक्ष की वकील वंदना सिंह और सरकारी वकील की दलीलें सुनने के बाद बीस मई को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता शोभित कुशवाहा को तलब किया था। ईई ने अदालत में वित्तीय बोली सहित नाले की सफाई और खोदाई आदि करके पानी का निकास सही करने के लिए उसी दिन टेंडर खोलने और अगले हफ्ते तक काम शुरू करने तथा तीन हफ्ते के भीतर बरसात की शुरूआत से पहले घाघी नाले की सफाई की उम्मीद जताई थी। ईई के इस आश्वासन पर नाले पर किए गए काम को अदालत ने 16 जून तक इसके फोटोग्राफ अदालत में पेश करने का आदेश देते हुए 18 जून की तारीख नियत की है। अदालत के इस आदेश से इलाके के लोगों में नाले की बाढ़ से निजात मिलने की उम्मीद बढ़ी है।



# खंड विकास अधिकारी ने सचिवों के साथ बैठकर जल संरक्षण पर दिया जोर



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत सचिवों तकनीकी साहयको के साथ बैठकर कर प्रमुखता वाले कार्यों पर जोर दिया है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले सचिवों व तकनीकी सहायको के विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

बैठक में खंड विकास अधिकारी ने कहा की जल संरक्षण के लिए हर ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत कार्य कराये ग्राम पंचायतों में अधूरे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास को 30 मई तक हर हाल में पूर्ण कराने सुनिश्चित करे पेयजल की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करे जिन ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या है। उन ग्राम पंचायतों टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करे। पेयजल की समस्या की शिकायत जिला मुख्यालय पर नहीं पहुंचनी चाहिए। इस दौरान एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एपीओ मनरेगा ज्ञान सिंह, सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेन्द्र राय, बालकृष्ण, सौरभ यादव, दिनेश सिंह, राजेंद्र प्रसाद, गौरव राणा आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौही गांव में बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने बाइक सवार युवक का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। थाना क्षेत्र के सोठिया खुर्द गांव निवासी 30 वर्षीय कमलेश कोरी लालगंज थाना क्षेत्र के कोटाघाट स्थित एक पेट्रोल पंप पर कर्मी है। बुधवार को बाइक से कही जा रहा था की जैसे ही हलिया थाना क्षेत्र के बडौही गांव में पहुंचा की किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक कामेश्वर तिवारी व फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा ने बाइक सवार युवक की प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है युवक के परिजन उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लेकर चले गए है।

## शोध हेतु मौलिक अध्ययन आवश्यक : डॉ. सुजीत सिंह

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्यूएसी, कला, मानविकी एवं वाकोवाक्यम शोध संस्थान वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में शोध प्रविधि विषयक सात दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला एवं मुख्य वक्ता डॉ सुजीत कुमार सिंह, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला समाजशास्त्र विभाग द्वारा शोध परियोजना की रूपरेखा विषय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ रजनीश एवं धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ दीप नारायण ने किया।

## आंधी और बारिश ने मचाई भारी तबाही

**चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के कछवा थाना क्षेत्र के धन्नुपुर में गुरुवार भोर में आए तेज आंधी तूफान और बारिश नेमचा दी। घरों, टिन शेड

### कई लोग जखमी

आदि पर गिरे शीशम, लिसोरा, नीम का पेड़ से कई घायल लोग घायल हो गए।

गिरे पेड़ की चपेट में आने से ट्रैक्टर बाइक आदि सामान को पहुंचा नुकसान। धन्नुपुर मेंजलधर बिंद, ताराशंकर बिंद के घर और मंहगू बिंद के घर पर पेड़ गिरन से ट्रैक्टर के साथ अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। टिन शेड के उपर गिरे पेड़ के नीचे दब कर जलधर का पुत्र राजेश बिंद, गांव के ही क्रांति बिंद,तारा शंकर बिंदआदि जख्मी हो गए।इसके अलावा चुनार कोतवाली क्षेत्र के सीखड़, पंचराव, लरछूट, मगरहा, बिदापुर, गौरैया आदि गांवों मेंभी तूफान नेकहर बरपाया।लोगों नेघरों का दरवाजा बंद कर अपनी जान बचाई।

# प्रधान पर आवास निर्माण कराने के लिए धनराशि हड़पने का आरोप




**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बेदउर के मोती लाल ने गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी से मिलकर ग्राम प्रधान बेदउर पर आवास निर्माण कार्य कराने के लिए एक लाख तीस हजार रूपयें लेने का आरोप लगाया है। पैसा लेने के बाद भी आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया है कहने पर टाल मटोल किया जा रहा है जिस पर बीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सचिव बालकृष्ण को मौके पर बुलाकर ग्राम प्रधान से बात कर आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर एफआईआर कराने का निर्देश दिया है। मोती लाल ने बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पत्नी अभिराजी उर्फजमुनी को आवास आवंटित हुआ था। आवास की किस्त खाते में आने पर ग्राम प्रधान द्वारा बैंक से आवास के किस्त की धनराशि निकलवाकर आवास निर्माण कार्य कराये जाने की बात कही लेकिन धनराशि लेने के बाद भी प्रधान द्वारा आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। आवास निर्माण कार्य कराने के लिए ग्राम प्रधान द्वारा दस बोरी सीमेंट व एक ट्राली बालू व पंद्रह पीस सरिया दिया गया है। करीब तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी आवास अधूरा पड़ा हुआ है। आवास पूर्ण नहीं होने पर बारिश में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की मामला मेरे संज्ञान में आया है। सचिव को निर्देशित किया है की ग्राम प्रधान से बात कर आवास को पूर्ण कराये नहीं तो एफआईआर की कार्रवाई कराया जायेगा।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भागने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने गुरुवार की रात्रि में थाने में तहरीर देकर गांव निवासी युवक के विरुद्ध आर्केस्ट्रा देखने के लिए गई नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दिए गए तहरीर में बताया है की 17 वर्षीय पुत्री बीते 19६20 मई की रात्रि गांव में आर्केस्ट्रा देखने के लिए घर से गई थी की गांव निवासी करन कोल पुत्री को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।


स्वतंत्र भारत

# वर्गीकृत

## सूचना

पहले मेरा नाम SARAH था जिसे बदलकर SARAH TAYYAB रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SARAH TAYYAB D/o-MOHD TAYYAB ADD-298/16K गली मीर माता पुराना लखनऊ (उ.प्र.)।

**सी.आर.-370/L-28**

## सूचना

मेरी पुत्री कु. गोल्डी का चाल चलन एवं अमार्यादित व्यवहार ठीक न होने के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, उसके द्वारा किए गए कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरे परिवार से सरोकार नहीं होगा, राजेश पुत्र गंगाराम निवासी ईशूपुर मजरा गोपालपुर, थाना रहीमाबाद त. मलिहाबाद जिला लखनऊ।

**सी.आर.-374/L-43**

## सूचना

शपथिनी का नाम आधार ई सिस्टम में संसार वती दर्ज है जो गलत है। आधार कार्ड में मेरा नाम रानी अंकित है यही सही है।इसी को आधार सिस्टम में दर्ज किया जाए। रानी पत्नी अमर सिंह , निवासी साहबगंज शिवनाम, हैदरगढ़, बाराबंकी।

**सी.आर.-376/L-31**

## सूचना

मैं शिव कांति मिश्रा पत्नी स्व . राजकुमार, 448/1113, झब्बन की बगिया, ठाकुरगंज लखनऊ, मेरा नाम पोस्टऑफिस में त्रुटिवश शिव कांति अंकित हो गया है जबकि आधारकार्ड व अन्य दस्तावेजों में शिव कांति मिश्रा है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे हैं।

**सी.आर.-373/L-30**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र वैभव पी. सिंह का नाम बदलकर वैभव कर दिया है भविष्य में उसे वैभव नाम से जाना-पहचाना जाय। शैलेश कुमार यादव निवासी-तुलसी सागर तन बनवा रोड कान्वेन्ट विद्यालय के पास गाजीपुर उ.प्र. 233001

**सी.आर.-375/D-35**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री प्रज्ञा शारदा सिंह का नाम बदलकर प्रज्ञा कर दिया है,भविष्य में उसे प्रज्ञा के नाम से ही जाना-पहचाना जाए। शैलेश कुमार यादव निवासी-तुलसी सागर तन बनवारोड कान्वेट विद्यालय के पास गाजीपुर उ.प्र.233001

**सी.आर.-375/D-35**

## सूचना

मेरी हाईस्कूल मार्कशीट बर्ष 2014 अनुक्रमांक 1086656 वास्तव में कहीं खो गई हैं। राखी शर्मा पुत्री राजेंद्र शर्मा निवासी व पोस्ट-लालबाग, रौसर कोठी जनपद -शाहजहांपुर।

**सी.आर.-377/D-25**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**मा. न्यायालय पारिवार कक्ष सं 4 इलाहाबाद**
**परिवाद स.733 सन 2024**
**1.श्रीमती मुन्नी देवी उम्र 75 वर्ष पत्नी जगदीश जी नि.230 सुल्तानपुर भावा थाना करेली जनपद प्रयागराज......... प्रार्थनी/वादिनी**
**बनाम**
जगदीश जी उम्र 78 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामलाल नि. 230 सुल्तानपुर भावा थाना करेली जनपद प्रयागराज ..................प्रतिवादी
अंतर्गत धारा 144 BNSS
चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावानी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के 07 के16दिवस को 10 बजे पूर्वह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया
**नियत तिथि-16.07.2025**
**न्यायाधीश**

**सी.आर.-375/D-CN**

**वाद पदों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5 नियम 1 और 5)**
**माननीय न्यायालय परिवारिक कक्ष सं 3 इलाहाबाद**
**वैवाहिक वाद सं0 2669 सन 2024**
धर्मराज सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र स्व. दीपक सिंह नि. 252 मालवीय नगर थाना मुठ्ठीगंज जनपद प्रयागराज....वादी/याची
बनाम
श्रीमती अनुराधा सिंह उम्र 40 वर्ष पत्नी धर्मराज सिंह पुत्री हरिकेश बहादुर सिंह नि. 304/7ड्ड इंद्रपुरी नया बहराना जनपद प्रयागराज .......प्रतिवादिनी/विपक्षी
प्रार्थनापत्र अंतर्गत धारा- 9 हिंदू विवाह अधिनियम 1955
चूंकी वादीगढ़ हरिशचन्द आदि ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिबत किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2025 के 07 के 10 दिवस को बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया
**नियत तिथि - 10.07.2025**
**न्यायाधीश**

**सी.आर.-375/D-CN**

**प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयागराज**
पत्रांकः 41/ज.स.अ./वि.प्रा./2025-26 दिनांकः 22.05.2025
**आवश्यक सूचना**
जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्रयागराज विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण / नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। निम्न भवनों / भूखण्डों के नाम परिवर्तन की कार्यवाही कार्यालय में विचाराधीन है जो निम्नवत हैः-

| क्र सं. | मूल आवंटी / स्वामी का नाम | भवन/फ्लैट / भूखण्ड / योजना का नाम | योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/ पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री लालता सिंह पुत्र श्री भुवाल सिंह एवं श्रीमती लालमनी सिंह पत्नी श्री लालता सिंह | अवंतिका/नैनी आवास योजना के अन्तर्गत EWS भवन संख्या-EA-274 सेक्टर-A | अवंतिका/ नैनी आवास योजना प्रयागराज | श्री आलोक सिंह एवं श्री अमित लालता सिंह पुत्रगण स्व. लालता सिंह | अवंतिका/ नैनी आवास योजना के अन्तर्गत EWS भवन संख्या- EA-274 सेक्टर-A | मृत्यु के आधार पर | पी.डी.ए. |
| 2 | श्रीमती रानी देवी पुत्री स्व. राम किशन | अवंतिका/नैनी आवास योजना के अन्तर्गत EWS भवन संख्या-EA-478 सेक्टर-A | अवंतिका/ नैनी आवास योजना प्रयागराज | श्री रोहित कुमार स्वर्णकार पुत्र श्री विजय शंकर स्वर्णकार | अवंतिका/ नैनी आवास योजना के अन्तर्गत EWS भवन संख्या- EA-474 सेक्टर-A | मृत्यु के आधार पर | पी.डी.ए. |

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर आपत्ति दाखिल करें अन्यथा निर्धारित तिथि के पश्चात नामान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।
जोनल अधिकारी

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा नोटिस**
निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा संख्या **145-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS** की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि **20.06.2025** समय **(11:30 बजे)** दो पैकेट प्रणाली के तहत **'ई-टेंडर'** आमंत्रित किया जाता है।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NIT. संख्या | 145-Dy.CEEC-LKO-2025-26 दिनांक 22.05.2025 | | | | | | | |
| निविदा संख्या | 145-Dy.CEEC-LKO-2025-26 | | | | | | | |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के काशी यार्ड रीमॉडलिंग चरण-॥ और काशी-वाराणसी सेक्शन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में मौजूदा ओएचई के संशोधन सहित 50 हर्ट्ज, 2x25 केवी ओएचई के डिजाइन, आपूर्ति निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, साथ ही वाराणसी-पंडित दीन दयाल उपाध्याय सेक्शन में काशी स्टेशन पर 2x25 वेदी Sub-Sectioning और Paralleling Post का प्रावधान। | | | | | | | |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं | लगभग निविदा मूल्य | ₹14,33,71,400.48 (रुपए चौदह करोड़ तैंतीस लाख इकहतर हजार चार सौ और अड़तालीस पैसे मात्र) | | | | | |
| बोली सुरक्षा/ अग्रिम राशि (EMD) | ₹ 8,66,900/- | समापन की अवधि | 18 (अठारह) माह | ऑफर की वैधता | 90 दिन | | | |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 22.05.2025 | जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/ परिशिष्ट/ संशोधित तिथि नोट कर सकता है | 06.06.2025 | | | | | |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 20.06.2025 (11.30 बजे) | पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार | | | | | |

ध्यान दें: (i) ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। (ii) सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू-मोटो पोस्टटेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"
**No. 145-Dy.CEEC-LKO-2025-26** **दिनांक 22.05.2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1506/2025

अदालती सूचना ता.पेशी 22.07.2025
सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर मूलवाद सं. 959 वर्ष 2024 मकसूद खां पुत्र मंजूर खां नि.ग्रा. रामपुर नवदिया तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर.प्रार्थी/वादी बनाम श्रीमती नाजरीन खान पुत्री अजीम खां नि.मो. एमनजई जलालनगर तह. सदर जिला शाहजहांपुर मो.6306064716... प्रतिवादिनी हरगाह मकसूद खां वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत घोषणात्मक (तलाक की घोषणा) के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22 माह 07 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 22 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-377/D-CN**

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 17/ECTC, PRG/2025-26**
अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 17/ECTC, PRG/2025-26 से सम्बन्धित आवश्यक विवरण (धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं कार्यावधि) इलेक्ट्रानिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका पूर्ण विवरण ई-पोर्टल पर उपलब्ध है। निविदा अभिलेख / प्रपत्र ऑनलाईन उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर दिनाँक 09.06.2025 को 14:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें, जिसे डाउनलोड कर ऑनलाईन http://etender.up.nic.in साइट पर दिनाँक 09.06.2025 को 14:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। निविदायें दिनाँक 10.06.2025 को 15.00 बजे से खोली जायेंगी। विस्तृत विवरण एवं अन्य कोई सुधार/परिवर्तन/संशोधन /विस्तार/शुद्धिपत्र हेतु उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर देख सकते है। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ0प्र0पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, 57-जार्ज टाउन, प्रयागराज।
**हेल्प लाईन दूरभाष सं0 0532-2256298**
**'राष्ट्र हित में बिजली बचाएं'**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, प्रयागराज**
पत्रांकः 991/वि.जा.पा.मं.(प्र) टी-4
दिनांकः 21.05.2025

अदालती सूचना ता.पेशी 28.05.2025
इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 08 वर्ष 2025 रिंकू बनाम अंकित कुमार आदि बनाम 1- अंकित कुमार व्यस्क पुत्र स्व. बृजपाल 2- अमित कुमार उम्र 15 वर्ष 3- सुमित कुमार उम्र 12 वर्ष नावालिगान पुत्रगण स्व. बृजपाल द्वारा संरक्षक सगा भाई अमित कुमार पुत्र बृजपाल निवासीगण ग्राम दियोरिया तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर 4- श्रीमती मीरा पत्नी रामप्रताप पुत्र बृजपाल निवासी ग्राम जमालपुर तह. सदर जिला शाहजहांपुर 5- श्रीमती सुमन पत्नी अनीस पुत्री बृजपाल नि.ग्रा. गरही पर. कांट तह. सदर जिला शाहजहांपुर....प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी रिंकू वादी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. श्रीमती विमला पत्नी बृजपाल नि.ग्रा. दियोरिया तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी रिंकू वादी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 28.05.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 28.05.2025 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म निस्वत दरख्वास्त सादिर होगा। आज वतारीख 22.05.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-377/D-CN**

**अदालती सूचना**
**सम्मन बिनावर इनफिसाल मुकदमा न्यायालय असि0 कलेक्टर, प्र0श्रे0/उपजिलाधिकारी सदर मीरजापुर**
**वाद सं0 T 201916530111995**
**गुलाब चन्द्र वगै0 बनाम् विजय शंकर वगै0**
**धारा- 144 उ0प्र0 राजस्व संहिता**
बाबत ग्राम रक्का भुआल, तप्पा कोन पर0 कंतित, तह0 सदर, मीरजापुर
1- विजय शंकर उम्र लगभग 37 साल पुत्र गया प्रसाद 2- मंजू देवी उम्र लगभग 62 साल पत्नी गया प्रसाद 3- रंजीत देवी उम्र लगभग 23 साल पत्नी पवन कुमार 4- लवकुश नाबालिक उम्र लगभग 5 वर्ष पुत्र स्व0 पवन कुमार संरक्षिका रंजीता देवी माता हकीकी 5- विन्ध्यवासिनी देवी उम्र लगभग 58 साल पत्नी मुरलीधर 6- इन्द्रसनी देवी उम्र लगभग 55 साल पत्नी रामजी समस्त निवासी ग्राम श्रीपट्टी, तप्पा-कोन, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर 7- राधेश्याम 8- सुब्बन श्याम 9- सरोज श्याम 10- मुरारी श्याम 11- अधर श्याम 12- मधुर श्याम पुत्रगण हरिशंकर 13- अमरेश कुमार पुत्र विजय शंकर 14- विपिन कुमार 15- सुनील कुमार 16- सुशील कुमार 17- दिलीप कुमार पुत्रगण गिरजाशंकर 18- विनोद कुमार 19- राजेश कुमार पुत्रगण रमेशचन्द 20- दिलीप कुमार पुत्र फूलचन्द 21- विमल कुमार उम्र लगभग 30 साल पुत्र रविन्द्रनाथ 22- अतुल कुमार उम्र लगभग 32 साल पुत्र लक्ष्मीकान्त दूबे समस्त निवासी ग्राम व पो0- तिलठी, तप्पा-कोन, पर0-कंतित, तह-सदर, जिला-मीरजापुर 23- आकाश दूबे उम्र लगभग 25 साल पुत्र धीरेन्द्र कुमार दूबे निवासी ग्राम-डंगहर, बथुआ, तप्पा-84, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर 24- उ0प्र0 सरकार बजरिये कलेक्टर मीरजापुर 25- ग्राम पंचायत रक्का भुआल बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत रक्का भुआल तप्पा-कोन, पर0-कंतित, तह0-सदर, जिला-मीरजापुर हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 29 माह 05 सन् 2025 बवक्त 08.00 बजे बमुकाम असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से वाकई से वाकिफकिया गया हो और जो कुछ अमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके। हाजिर हूजिए और जवाब देही दावा को कीजिए और हर माह वही तारिख जो आपके हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।
**तारीख पेशी 29.05.2025**
**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

**सी.आर.-372/D-CN**

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-08-सीनि0 डी0ई0ई0-लखनऊ-25 |
| 2 | कार्य का नाम | 105 वर्ग मिमी कॉपर जम्पर को 160 वर्ग मिमि कॉपर जम्पर में परिवर्तित करके ओएचई का वृद्धि, लखनऊ/एनआर डिवीजन में एंटी मंकी क्लाइम्बिंग डिवाइस का प्रावधान। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु0 2,47,96,253.88 |
| 4 | बयाना राशि | रु0 2,74,000.00/- |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनाँक 17.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9 | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता : 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **सं0 : टीआरडी-08-सीनि0 डी0ई0ई0-लखनऊ-25 दिनाँक 21.05.2025** **1498/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-41, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 1 (सेइ/कार्य/उत्तर/वाराणसी अनुभाग में आवासीय भवन आदि) (समयावधि 30.06.2026) अनुमानित लागतः ₹1,75,08,097/- बिड सिक्योरिटीः ₹2,37,600.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 20.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-42, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 2 (सेइ/कार्य/दक्षिण/वाराणसी अनुभाग में आवासीय भवन आदि) (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹74,40,357/- बिड सिक्योरिटीः ₹1,48,800.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 20.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-43, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 3 (सेइ/कार्य/दक्षिण/वाराणसी अनुभाग में न्यू लोको कालोनी के पूर्व तरफ आवासीय भवन आदि) (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹41,74,545/- बिड सिक्योरिटीः ₹83,500.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 20.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-44, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 4ए (समनइ/वाराणसी अनुभाग के सर्विस भवन आदि सीसेइ/कार्य/दक्षिण/वाराणसी से संबंधित) (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹52,52,534/- बिड सिक्योरिटीः ₹1,05,100.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 20.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-45, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 4बी (समनइ/वाराणसी अनुभाग के सर्विस भवन आदि सीसेइ/कार्य/उत्तर, वाराणसी से संबंधित) (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹52,52,534/- बिड सिक्योरिटीः ₹1,05,100.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 20.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-46, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 5 (सीसेइ/कार्य/बनारस के अन्तर्गत आवासीय भवन व सर्विस भवन आदि) (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹2,18,94,612/- बिड सिक्योरिटीः ₹2,59,500.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 20.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-47, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य वाराणसी जोन संख्या 6 (सेइ/कार्य/दक्षिण /वाराणसी अनुभाग में न्यू लोको कालोनी के पश्चिम तरफ अवासीय भवन आदि) (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹72,06,102/- बिड सिक्योरिटीः ₹1,44,100.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 20.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-48, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य :-अनुभाग औड़िहार (सहित) फेफना (रहित) (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹2,90,57,485/- बिड सिक्योरिटीः ₹2,95,300.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 24.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-49, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य :-अनुभाग फेफना (सहित) छपरा (रहित) (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹1,49,63,735/- बिड सिक्योरिटीः ₹2,24,800.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 24.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-50, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य :-डेमू औड़िहार (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹25,00,000/- बिड सिक्योरिटीः ₹50,000.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 24.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-51, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य :-सैदपुर भितरी विद्युत लोको शेड (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹25,00,000/- बिड सिक्योरिटीः ₹50,000.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 24.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-52, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य:-समई/बलिया कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत समपार का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹61,70,999/- बिड सिक्योरिटीः ₹1,23,400.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 24.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
**ई-निविदा सूचना सं0**:-एनईआर-बीएसबी-2025-53, कार्य का नामः क्षेत्रीय कार्य :-समई/बलिया कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत पुलों का रखरखाव कार्य (समयावधि 30.06.2026)। अनुमानित लागतः ₹61,71,000/- बिड सिक्योरिटीः ₹1,23,400.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 24.06.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 30.06.2026।
निविदा सूचना सं:-एनईआर-बीएसबी-2025-41 से एनईआर-बीएसबी-2025-47 दिनांक 20.06.2025 को 14.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। निविदा सूचना सं:-एनईआर-बीएसबी-2025-48 से एनईआर-बीएसबी-2025-53 दिनांक 24.06.2025 को 14.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
**मंडल रेल प्रबंधक/(इंजी)**
**मुजाधि/डब्लू-75** **वाराणसी**
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

अदालती सूचना ता.पेशी 08.07.2025
सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज जू.डि. कोर्ट संख्या 34 शाहजहांपुर मूलवाद सं. 363 वर्ष 2010 द्वारिका आदि बनाम कन्हईलाल आदि बनाम श्रीमती शिवरानी कथित पत्नी मुरारीलाल नि.ग्रा. सिमौरा पर. जलालपुर तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी संख्या 03, हरगाह द्वारिका आदि वादीगण उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08 माह 07 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 22 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर सिविल जज जू.डि. कोर्ट संख्या 34 शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-377/D-CN**

अदालती सूचना ता. पेशी 26.05.2025
हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारुप) न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) शाहजहांपुर वाद सं. वर्ष 2024 अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता भूमि स्थित ग्राम घुसगवां खादर तह. सदर जिला शाहजहांपुर श्रीमती जरीना वेगम आदि बनाम आदिल खां आदि बनाम 1- आदिल खां पुत्र भूरे खां 2- श्रीमती शहाना वेगम पत्नी भूरे खां निवासीगण मोहल्ला महमानशाह तह. सदर जिला शाहजहांपुर 3- ग्राम पंचायत ग्राम घुसगवां तह. सदर जिला शाहजहांपुर द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत उपरोक्त...प्रतिवादीगण चूंकि उपरिनिमांकित जरीना वेगम आदि वादीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता दिया है। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 ई.के माह 05 के 26 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफ्ल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2025 के माह 05 के 21 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार पेशकार/ अहलमद (माल) उपजिलाधिकारी (न्यायिक) शाहजहांपुर।**

**सी.आर.-377/D-CN**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# आसिम मुनीर धार्मिक कट्टरपंथी : जयशंकर

**एम्सटर्डम।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर तीखा हमला बोला और उन्हें धार्मिक कट्टरपंथी बता दिया। उन्होंने

### विदेश मंत्री ने कहा पहलगाम आतंकी हमला उसी सोच का नतीजा

कहा कि पहलगाम आतंकी हमला उस कट्टरपंथी सोच का ही नतीजा है। नीदरलैंड के एक समाचार पत्र के साथ बातचीत में डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी किए गए आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया।

पहलगाम आतंकी हमले पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारतीय क्षेत्र जम्मू कश्मीर में बर्बर आतंकी हमला किया गया, जहां 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई। यह हमला कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर किया गया था क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही आधारित है। हमले के द्वारा धार्मिक भेदभाव को बढ़ाने की कोशिश की गई और लोगों को धर्म पूछकर मारा गया। पाकिस्तान की सेना के जो प्रमुख हैं, वो खुद धार्मिक कट्टरपंथी हैं। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला



उसी कट्टरपंथी सोच का नतीजा है। विदेश मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे टीआरएफ और लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन हैं और टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी भी ली है। उन्होंने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को 2023, 2024 में टीआरएफ पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। जयशंकर ने कहा कि हमने पहलगाम आतंकी हमला करने वाले लोगों की पहचान की और ये कोई छिपी हुई बात नहीं है और उसके बाद उन्हें निशाना बनाया। साथ ही किसी सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों के समर्थन में भारत पर हमला किया। भारतीय विदेश मंत्री ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम द्विपक्षीय तौर पर हुआ। भारत ने जब 10 मई को पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो पाकिस्तानी सेना ने स्वीकार किया था कि हमें संघर्षविराम करना चाहिए।

# आतंक को बढ़ावा दिया तो फिर ठोकेंगे : भारत



**जिनेवा।** पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती एक बार फिर भारत के द्वारा कर दी गई है। पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ प्रोपोगैंडा कर रहा है। ऐसे में डब्ल्यूएचओ के मंच से ऐसा ही

### पाक की धरती से काम करते हैं आतंकवाद के प्रायोजक

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ झूठा प्रचार करने की कोशिश की। लेकिन भारत ने पाकिस्तान के आतंकवाद का सच पूरी दुनिया के सामने लाकर रख दिया। भारतीय राजनयिक अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान पर सीधा हमला बोलते हुए पाकिस्तान के जिहादी आतंकवाद की पोल खोल कर रख दी है। भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) में पाकिस्तान को कड़ा जवाब देते हुए आतंकवाद को बढ़ावा देने में उसकी भूमिका को उजागर किया है। जिनेवा में डब्ल्यूएचओ मुख्यालय में बोलते हुए भारतीय राजनयिक अनुपमा सिंह ने भारत के जवाब के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की और कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को जन्म देता है, वह इसका शिकार होने का दिखावा नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद के प्रायोजक और आयोजक पाकिस्तानी धरती से काम करते हैं। जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जो सटीक, आनुपातिक था और पाकिस्तान के अंदर आतंकी ढांचे पर केंद्रित था। भारत की सहनशीलता प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए कि उनके नागरिकों को न तो निशाना बनाया जाए और न ही उन्हें नुकसान पहुंचाया जाए। बल्कि, केवल पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों और उनके जाने-माने ठिकानों को ही निशाना बनाया जाए।

# ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका पर लगाया नरसंहार का आरोप

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ बैठक की। इस दौरान ट्रंप ने दोनों देशों के बीच विवाद के

### राष्ट्रपति रामफोसा ने कहा यह बेबुनियाद

सबसे जटिल मुद्दे श्वेत किसानों की मौत पर बहस हो गई। उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति पर श्वेत किसानों के नरसंहार का आरोप लगाया। इस पर रामफोसा ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है। ऐसा नहीं है कि उनके देश में गोरे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके देश में हत्या की दर बहुत ज्यादा है और पीड़ितों में श्वेत के मुकाबले अश्वेत ज्यादा हैं। बातचीत के दौरान ट्रंप ने एक वीडियो चलाया,



जिसमें श्वेत लोगों के नरसंहार के साक्ष्य दिखाए जाने का दावा किया गया। वीडियो चलने के दौरान रामफोसा भावशून्य बैठे रहे। ट्रंप ने कहा कि वीडियो में हजारों श्वेत किसानों की कब्रें दिखाई गई हैं। रामफोसा ने कहा कि उन्होंने पहले इस तरह का दृश्य नहीं देखा। वह यह पता लगाना चाहेंगे कि आखिर यह जगह कहां है। ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीकी गोल्फ खिलाड़ियों की सराहना की और रामफोसा से कहा कि वह महत्वपूर्ण खनिजों और व्यापार के बारे में बात करना चाहते हैं। इसके बाद ट्रंप ने उन लेखों की प्रतियां दिखाईं, जिसमें मारे गए श्वेत दक्षिण अफ्रीका के बताए गए हैं। रामफोसा ने कहा, ये ऐसी समस्या है, जिनके बारे में हम आप से बात करने को तैयार हैं। बता दें कि हाल के दिनों में ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका के भूमि सुधार कानून की आलोचना की है।

# पाला खुद, तोहमत भारत पर : पाक का नया प्रोपेगेंडा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने लंबे समय तक तालिबान को पाला था। यहां तक कि तालिबान का एक हिस्सा जिसे टीटीपी यानी तहरीक-ए-तालिबान

### अपने ही पाले आतंकियों से बौखलया पड़ोसी देश

पाकिस्तान कहा जाता है, वह खैबर पख्तूनख्वा में ऐक्टिव रहा है। इन आतंकियों को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में सक्रिय अमेरिका पर दबाव बनाने के लिए पाला था। लेकिन आज जब आतंकवादी उसकी ही जड़ें खोद रहे हैं तो उसके पास निकलने का रास्ता नहीं है। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने अब भारत पर ही आरोप लगाना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तो गुरुवार को यहां तक कहा कि टीपीपी



और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी भारत के इशारे पर काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान के पास पर्याप्त सबूत हैं, जिससे यह साबित किया जा सकता है कि ये भारत के इशारे पर काम कर रहे हैं। बुधवार को बलूचिस्तान के खुजदार जिले में एक आर्मी स्कूल की बस पर हमला हुआ था। इस हमले में तीन बच्चों समेत 5 लोग मारे गए थे। अब पाकिस्तान ने इस अमानवीय हरकत के लिए भी भारत को जिम्मेदार ठहराना शुरू किया है। जानकारों का मानना है कि पाकिस्तान ऐसा इसलिए कर रहा है ताकि पहलगाम आतंकी हमले से ध्यान भटकाया जा सके। पहलगाम में पाकिस्तान प्रेरित आतंकियों ने 26 पर्यटकों को उनका धर्म पूछकर मार डाला था। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा कि हम जो दावा कर रहे हैं, उसके लिए सबूत भी देंगे। उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर जो आरोप लग रहे हैं, उसमें तो कोई दम नहीं है। लेकिन हम यह साबित करेंगे कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और भारत के बीच लिंक है। बता दें कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा है। कहा जाता है कि भारत पर हमलों के लिए आतंकियों को पालना पाकिस्तान की ब्लीड इंडिया विद थाउजेंड कट्स की नीति का हिस्सा है।

# ‘डोनाल्ड ट्रंप को हर बात का श्रेय लेने की आदत’

**वॉशिंगटन।** भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावे पर पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने तंज कसा है। बोल्टन ने कहा कि ट्रंप को श्रेय लेने की आदत है। यह भारत के लिए व्यक्तिगत नहीं है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप हर चीज का श्रेय लेते हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत की थी। ट्रंप की खासियत है, वह हर किसी के श्रेय लेने से पहले ही कूद पड़ते हैं। यह परेशान करने वाला हो सकता है। लेकिन यह भारत के खिलाफ कुछ नहीं है। यह सिर्फ ट्रंप का ट्रंप होना है।

# ‘यूरेनियम संवर्धन नहीं रुकेगा समझौते की फिक्र नहीं’

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत के बीच ईरान ने अपना सख्त रुख दोहराया है। बुधवार को

### परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका को ईरान की दो टूक

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि हम यूरेनियम संवर्धन कभी नहीं रोकेंगे, चाहे समझौता हो या नहीं। बता दें कि अराघची यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच नए दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की तैयारी हो रही है।अब तक कई दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन कोई ठोस समझौता नहीं हुआ है। मामले में अमेरिका चाहता है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह छोड़ दे, लेकिन ईरान इसे अपना अधिकार मानता है। अराघची ने कहा कि उनकी सरकार अगले दौर की बातचीत में हिस्सा लेगी या नहीं, इस पर विचार कर रही है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को रोम में ईरान और अमेरिका की पांचवें दौर की अप्रत्यक्ष बातचीत हो सकती है, हालांकि दोनों देशों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हालांकि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने भी एक दिन पहले कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि अमेरिका से चल रही परमाणु बातचीत का कोई ठोस नतीजा निकलेगा।

# पाक ने भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी को निकाला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को निष्कासित करने का एलान किया। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई भारत की कार्रवाई के विरोध में की। भारत ने बुधवार को पाकिस्तानी उच्चायोग के एक स्टाफ को अवांछित घोषित करते हुए निष्कासित कर दिया था। भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया था। भारत की कार्रवाई से झल्लाया पाकिस्तान भी अब बिना किसी ठोस सबूत के भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

# सोना तस्करी : कर्नाटक के गृह मंत्री के परिसरों पर छापे

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव और अन्य के खिलाफ कथित सोना तस्करी संबंधी धन शोधन मामले की जांच के

### ईडी ने की कार्रवाई

तहत कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से जुड़े परिसरों पर बृहस्पतिवार को भी छापेमारी जारी रखी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि राज्य में सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज और सिद्धार्थ कॉलेज में छापेमारी की। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को भी धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत राज्य में 16 स्थानों पर छापेमारी की थी। यह छापेमारी हवाला ऑपरेटर और अन्य ऑपरेटर को निशाना बनाकर की गई जिन्होंने राव के खातों में कथित तौर पर फर्जी वित्तीय लेनदेन किए थे। संघीय जांच एजेंसी ने राव के मामले सहित भारत में बड़े सोना तस्करी गिरोह के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कुछ महीने पहले पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था। निदेशालय के सूत्रों ने बताया कि एक शैक्षणिक न्यास पर संदेह है कि उसने किसी प्रभावशाली व्यक्ति के निर्देश पर राव के क्रेडिट कार्ड बिल के लिए 40 लाख रुपये का कथित तौर पर भुगतान किया।

## एक नज़र

### अब यूरोपियन यूनियन ने कसी चीन की नकेल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** अब यूरोपीय संघ (ईयू) ने चीन के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। ईयू ने चीन से आने वाले हरेक छोटे पार्सल पर हैंडलिंग शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। इससे चीनी ई-कॉमर्स मार्केट को बड़ा नुकसान हो सकता है। ईयू के इस प्रस्ताव से चीन बौखला गया है। चीन ने यूरोपीय संघ से व्यापार के लिए निष्पक्ष मैदान उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, चीन का मानना है कि एक खुला और समावेशी व्यापार वातावरण बनाना सभी पक्षों के साझा हित में है। हमें उम्मीद है कि यूरोपीय यूनियन खुला बाजार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाएगा और चीनी कंपनियों के लिए एक निष्पक्ष, पारदर्शी और गैर-भेदभावकारी व्यावसायिक वातावरण उपलब्ध कराएगा।

### अमेरिका में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की हत्या

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड को एफबीआई के फील्ड ऑफिस से कुछ कदम की दूरी पर स्थित कैपिटल यहूदी संग्रहालय के पास अंजाम दिया गया। होमलैंड सुरक्षा सचिव ने इस बारे में जानकारी दी है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने बताया कि वॉशिंगटन में इस्राइली दूतावास के दो कर्मचारियों की बुधवार शाम को यहूदी संग्रहालय के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने बताया कि बुधवार शाम जब दो इजरायली कर्मी एक पुरुष और एक महिला, कैपिटल यहूदी संग्रहालय में एक कार्यक्रम से बाहर निकल रहे थे, तभी संदिग्ध हमलावर वहां पहुंचा और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। स्मिथ ने बताया कि संदिग्ध की पहचान शिकागो निवासी 30 वर्षीय एलियास रोड्रिगेज के रूप में हुई है।

### पाकिस्तान पर तालिबान भी बिफरा

**काबुल।** बलूचिस्तान के खुजदार जिले में एक स्कूल बस पर हुए आत्मघाती हमले में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत और अफगानिस्तान पर बेबुनियाद आरोप लगाए। अब उसे दोनों देशों से मुंहतोड़ जवाब मिल रहा है। भारत के बाद अब अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने भी पाकिस्तान के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। तालिबान ने पाकिस्तान से कहा है कि बिना सबूत अफगानिस्तान को दोष नहीं देना चाहिए। अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने कहा, हम हाल ही में पाकिस्तान के बलूचिस्तान के खुजदार क्षेत्र में एक स्कूल बस पर हुए हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई बच्चों की दुखद मृत्यु हुई और कई घायल हुए। नागरिकों, विशेषकर बच्चों को निशाना बनाना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं है।

### लगा जीवन खत्म हो गया : सांसद सागरिका घोष

**नई दिल्ली।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही फ्लाइट को भारी तूफान के बाद आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी, जिसमें 227 यात्री सहित तृणमूल कांग्रेस के पांच नेता भी सवार थे। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर खुलासा किया। चतुर्वेदी ने बताया कि विमान में पांच टीएमसी नेता नदीमुल हक, सागरिका घोष, डेरेक ओ ब्रायन, ममता ठाकुर और मानस भुइयां सवार थे। उन्होंने कहा कि सभी पांच नेता ठीक हैं और उन्होंने पायलट की तूफान के बावजूद शांत रहने और फ्लाइट में सभी की सुरक्षा करने के लिए प्रशंसा भी की। इस घटना को लेकर सागरिका घोष ने अपना अनुभव शेयर किया है, उन्होंने इसे मौत के बेहद करीब का बताया। सागरिका ने बताया, मुझे लगा कि मेरा जीवन खत्म हो गया है। लोग चिल्ला रहे थे, प्रार्थना कर रहे थे और घबरा रहे थे।

### पाक में 100 साल पुराने हिंदू मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के टांडो जाम कस्बे में 100 साल पुराने एक हिंदू मंदिर पर कब्जे का आरोप लगा है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने गुरुवार को बताया कि जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इसके अलावा उसके आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन ‘दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान’ के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा, ‘मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आसपास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। साथ ही शिव मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग और प्रवेश को बाधित किया है।’ काच्छी ने कहा कि मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के कारण सिंध विरासत विभाग की एक टीम ने पिछले वर्ष इसका जीर्णोद्वार किया था।

# नाबालिग से बलात्कार में 80 साल के चित्रकार को 20 साल की जेल

**नोएडा।** नोएडा में नाबालिग से बलात्कार के दोषी 80 वर्षीय चित्रकार को अदालत ने 20 साल कारावास की सजा सुनाई है और उस पर जुर्माना भी लगाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय, गौतमबुद्ध नगर में अतिरिक्त सत्र एवं विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) प्रथम की अदालत ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में बुधवार को आरोपी मोरिस राइडर को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में दोषी को एक साल और कारावास की सजा भुगतनी होगी। उन्होंने बताया कि दो अन्य धाराओं में उस पर सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि चित्रकार नोएडा के सेक्टर 46 में रहता था और वर्तमान में उसकी उम्र 80 वर्ष है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में जब पहली बार पीड़िता से दुष्कर्म किया गया तो उसकी उम्र 13 वर्ष थी। आरोप है कि चित्रकार ने पीड़िता को नोएडा में अपने घर में बंधक बनाकर रखा और वर्ष 2015 से 2022 तक पीड़िता का पहले ‘डिजिटल रेप’ (यौन अंगों से छेड़छाड़) और फिर बलात्कार किया। दोषी पर पीड़िता को हथियार का भय दिखाकर डराने धमकाने का भी आरोप है।

# बांग्लादेश : सेना और सरकार टकराव की ओर!

**ढाका।** बांग्लादेशी सेना प्रमुख वकार-उज-जमान ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को उसकी हद याद दिलाई है। आर्मी चीफ ने सैन्य अधिकारियों से बात

### सेना प्रमुख ने यूनुस को याद दिलाई हद

### दिसंबर तक आम चुनाव कराने की दी चेतावनी

करते हुए कहा कि देश में चुनी हुई सरकार के आ जाने तक किसी भी प्रकार का कोई मानवीय गलियारा या कोई और बड़ा फैसला नहीं लिया जाएगा। इसके साथ ही जमान ने अंतरिम सरकार को चुनावी तारीख भी याद दिलाते हुए कहा कि दिसंबर तक देश में आम चुनाव हो जाना चाहिए। चुनी हुई सरकार के आने तक सेना ऐसे किसी भी काम को नहीं होने देगी, जो देश की संप्रभुता को प्रभावित करे।



बांग्लादेशी अखबार ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक आर्मी चीफ ने यूनुस की अंतरिम सरकार पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार सशस्त्र बलों की जानकारी के बिना कई फैसले ले रही है, जो कि सही नहीं है। चुनाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश में दिसंबर तक निष्पक्ष चुनाव होने के बाद 1 जनवरी 2026 तक एक निर्वाचित सरकार आ जानी चाहिए। क्योंकि एक चुनी हुई सरकार को ही देश का भविष्य तय करने का अधिकार है। न कि किसी अनिर्वाचित सरकार को।

एक चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक आर्मी और अंतरिम सरकार में भले ही इस मुद्दे को शांति से निपटाने पर सहमति बनाई हो लेकिन सार्वजनिक रूप से दोनों का इस तरह से बयान देना यह दिखाता है तो सबकुछ ठीक नहीं है।

आर्मी चीफ ने अंतरिम सरकार के प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार में कुछ विदेशी लोग गैर-जिम्मेदाराना काम कर रहे हैं। अगर कोई काम गलत हो जाता है तो ऐसे लोग देश छोड़कर अपने देश चले जाएंगे। सेना प्रमुख का यह बयान एनएसएस खलीलुर रहमान पर ही एक तंज माना जा रहा है। खलीलुर एक अमेरिकी नागरिक है, जिन्हें आर्मी चीफ की गैर मौजूदगी में यूनुस प्रशासन ने एनएसए की कुर्सी दी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह खलीलुर ही है जो म्यांमार में गलियारा बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

# भाबीजी घर पर हैं में नज़र आयेंगे पवन कुमार सिंह

मशहूर अभिनेता पवन कुमार सिंह, जो अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं, अब एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी शो ‘भाबीजी घर पर हैं’ में नजर आएंगे। वह टेलीविजन कॉमेडीज में पहले भी काम कर चुके हैं। पवन, अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) के एक्स-ब्वॉयफ्रेंड ‘चंदन’ की भूमिका निभाएंगे, जिनकी अचानक होने वाली एंट्री शो में चौंकाने वाले ट्विस्ट लेकर आएगी और उनके आने से मॉडर्न कॉलोनी में हलचल मच जाएगी। शो से जुड़ने पर अपनी खुशी का इज़हार करते हुये पवन कुमार सिंह ने कहा, ÷जब मुझे इस किरदार के बारे में पता चला, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं था। सच कहूं तो किरदार से ज्यादा मैं इस बात से खुश था कि मुझे उस शो का हिस्सा बनने का मौका मिल रहा है, जिसे मैं खुद सालों से देखता आ रहा हूं। ‘भाबीजी घर पर हैं’ लगभग एक दशक से दर्शकों के दिलों पर राज कर रहा है। इस शो के कलाकारों और किरदारों के साथ काम करना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। मेरी एंट्री दर्शकों को खूब हंसाएगी।’’ पवन कुमार सिंह ने कहा, ‘‘चंदन, अनीता का कॉलेज टाइम का एक्स-ब्वॉयफ्रेंड है, जो अब लंदन में सेटल हो चुका है। वह दोबारा अनीता से जुड़ता है और एक शानदार बिज़नेस पार्टनरशिप का ऑफर देता है, साथ ही अनीता से कहता है कि वह उसके साथ लंदन चले। इसके लिए वह खुद कानपुर तक आ जाता है। जब अनीता अपने और चंदन के अतीत के बारे में विभूति को बताती है, तो वह हैरान रह जाता है। मामला तब और गरमा जाता है जब चंदन, अनीता से विभूति को तलाक देने और उसके साथ लंदन में नई ज़िंदगी शुरू करने के लिये कहता है और सबको चौंकाते हुए, अनीता इसके लिए मान भी जाती है! अनीता के इस फैसले से विभूति और तिवारी दोनों को इमोशनल झटका लगता है। अनीता को रोकने के लिए वे हरसंभव कोशिश करते हैं, जिसमें उनकी मदद करते हैं टीका (वैभव माथुर), टिल्लू (सलीम जैदी) और मलखान (विपिन हीरो), ये तीनों अब वसूली, धमकी और किडनैपिंग जैसे गुंडागर्दी वाले काम करने लगे हैं।’’

# विलेन कामिनी नानी के किरदार में कमलिका गुहा

नवीन शो ‘सरू’ अपनी दमदार कहानी, हौसले और सपनों के जज़्बे के चलते लोगों के दिलों में जगह बना चुका है। राजस्थान के सांस्कृतिक रंगों से सजे खरेस गांव में बसी इस



कहानी में एक आम लड़की, अपनी आगे की पढ़ाई का सपना लिए, समाज की हर बंदिश को तोड़ने निकलती है। सरू की ये हिम्मत भरी राह जितनी प्रेरणादायक है, उतनी ही मुश्किलों से भरी भी है। और उन मुश्किलों में सबसे बड़ी चुनौती बनकर आती हैं कामिनी देवी, जिन्हें निभा रही हैं दिग्गज अदाकारा कमलिका गुहा ठाकुरता। छोटे पर्दे पर एक बेहद मजबूत और अहम किरदार के साथ कमलिका की वापसी हो रही है। वे इस शो में कामिनी देवी का किरदार निभा रही हैं, जिन्हें सब कामिनी नानी कहकर बुलाते हैं। वो न सिर्फ चालाक और महत्वाकांक्षी है, बल्कि ताकत और दौलत पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। वो अनिका (अनुष्का मर्चंडे) की नानी हैं, और उनकी नजरें अन्नपूर्णा हवेली की विरासत पर टिकी हैं। अपनी नातिन अनिका की तरह कामिनी नानी भी अपने मकसद के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं, चाहे झूठ बोलना हो, धोखा देना हो, या किसी की जान तक लेनी हो। कमलिका गुहा ठाकुरता ने कहा, ‘‘मैं सरू जैसे प्रेरणादायक शो में कामिनी का किरदार निभा रही हूं, ये मेरे लिए बहुत खास है। कामिनी बेहद शातिर और खतरनाक है और हमेशा पांच कदम आगे सोचती है। कामिनी बिल्कुल अलग है। एक कलाकार के तौर पर ऐसे किरदार बहुत कम मिलते हैं, जिनमें इंसानी फ़ितरत के सबसे पेचीदा रंगों को निभाने का मौका मिले।‘‘ मालूम हो कि ‘सरू’ रोज़ शाम साढ़े सात बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।


## बाजार दर्पण







